

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



11 मुझे खुद को साबित करने की जरूरत थी : उमेश यादव

संजय राउत का इशारों-इशारों में राज ठाकरे पर निशाना 12

वर्ष : 09 | अंक : 338 | पटना, रविवार, 17 अप्रैल, 2022 | चैत्र शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी यूपी और दिल्ली के हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

**पोल**

**उपचुनाव में बीजेपी की हार से क्या 2024 लोकसभा चुनाव पर असर पड़ेगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 20% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,805 |
| चांदी | 70,000 |
| सेंसेक्स | 58,338 |
| निफ्टी | 17,475 |

## संक्षिप्त खबर

### देश में सक्रिय मामलों में 175 की गिरावट

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के सक्रिय मरीजों में 175 की गिरावट दर्ज की गयी है और इसी के साथ देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 366 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। इस दौरान 975 नये मामले सामने आये हैं, जिन्हें शामिल करते हुये कुल संक्रमितों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 40 हजार 947 हो गयी है और दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत है।

भारत में शुक्रवार को कोरोना से चार लोगों की मौत हुयी है, जिसके साथ ही संक्रमण से मरने वालों की संख्या कुल पांच लाख 21 हजार 747 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक देश में 186 करोड़ 38 लाख 31 हजार 723 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

### कश्मीर में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों संग मुठभेड़

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले के वतनार कोकरनाग इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसे संयुक्त बलों की टीम ने शुरू किया था। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान पर पहुंची, वैसे ही छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के एक ट्वीट में कहा गया कि पुलिस और सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश में जुटी हुए हैं। स्थानीय लोगों, अल्पसंख्यक समुदाय और पंचायत सदस्यों पर लक्षित हमलों की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

### निमार्णाधीन स्टेट गेस्ट हाउस का कार्य इसी वर्ष पूरा करने का दिया निर्देश

# सीएम ने महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र का किया लोकार्पण

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को 153 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया का लोकार्पण किया। दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करने के पूर्व पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया, जबकि बौद्ध भिक्षुओं ने समारोह में प्रार्थना किया।

मुख्यमंत्री ने लोकार्पण समारोह के दौरान वहां उपस्थित लोगों को अभिनंदन करते हुए कहा कि इस केंद्र का उद्घाटन करने का आज अवसर मिला, इससे मुझे बेहद खुशी हो रही है। हम लोगों ने 13 अक्टूबर 2018 को इसका शिलान्यास किया था और 2020 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन कोरोना के कारण निर्माण में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि बोधगया काफी महत्वपूर्ण स्थल है जहां सर्वाधिक संख्या में पर्यटक आते हैं। विदेशों से भगवान बुद्ध के प्रति अपनी आस्था के तहत फ्लाइट से बड़ी संख्या में लोग आने के बाद दर्शन कर तुरंत ही



लौट जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के ठीक बगल में हम लोग सौ कमरे के विशिष्ट अतिथि गृह का निर्माण करा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सहूलियत मिले। महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र काफी अच्छे ढंग से बना है। राजगीर में अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर तथा पटना में सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र भी बना है, लेकिन महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र सबसे बेहतर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही पवित्र भूमि है। गया ज्ञान और मोक्ष की भूमि है। जहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं। उन्होंने महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के बगल में बन रहे स्टेट गेस्ट हाउस के एप्रोच पथ के काम को इसी वर्ष दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी शराबबंदी के लिए पूरी मजबूती से काम करें। साथ ही बाल विवाह और दहेज प्रथा के उन्मूलन हेतु भी सक्रिय रहें। सभी मिलकर काम करेंगे तो पूरे देश के लिए यह एक उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के पूर्व महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के

- **मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही पवित्र भूमि है। गया ज्ञान और मोक्ष की भूमि है। जहां प्रति वर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं**
- **नीतीश कुमार ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी शराबबंदी के लिए पूरी मजबूती से काम करें**

मीटिंग रूम बहुद्देशीय हॉल डायनिंग हॉल अति विशिष्ट कक्षा अतिथियों एवं पर्यटक को आवास हेतु प्रांगण में निमार्णाधीन भवन आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

लोकार्पण समारोह को उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, खान एवं भूतत्व मंत्री जनक राम, पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार, सांसद विजय कुमार, विधायक कुमार सर्वजीत, पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव तथा भवन निर्माण के सचिव ने भी संबोधित किया। समारोह में कई जनप्रतिनिधि, विभिन्न दलों के पदाधिकारी, बौद्ध भिक्षुगण, जीविका दीदियों, छात्र-छात्राएं के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बोचहां उपचुनाव : राजद के अमर पासवान ने बड़े अंतर से भाजपा की बेबी देवी को हराया

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

बोचहां विधानसभा उपचुनाव में राजद प्रत्याशी अमर पासवान ने भाजपा की बेबी कुमारी को बड़े अंतर (36653 वोट) से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकेश सहनी की वीआइपी तीसरे स्थान पर रही, जबकि कांग्रेस को नोटा से भी कम वोट मिला। इस जीत से राजद के शीर्ष नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक के बीच जश्न का माहौल है। राजद के अमर कुमार पासवान को 82,547 वोट मिले, जबकि भाजपा की बेबी कुमारी को 45,909 वोट मिले। वीआइपी की गीता कुमारी को 29,279 वोट मिले।

बोचहां की जीत पर विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर लिखा कि बोचहां के जनता मालिकों को हार्दिक धन्यवाद। विधानसभा उपचुनाव में बेरोजगारी, महंगाई एवं बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व विधि व्यवस्था से त्रस्त जनता ने डबल इंजन सरकार तथा अवसरवादी एनडीए के दलों की जनविरोधी नीतियों व अहंकार को अकेले परास्त करने का न्यायप्रिय कार्य किया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने भी पत्रकारों से बात करते हुए कहा है कि बोचहां की जनता ने बड़ा काम किया है। यह वर्तमान बिहार सरकार के खिलाफ जनता की आवाज है, भाजपा और नीतीश कुमार के खिलाफ विद्रोह है। बोचहां विधानसभा उपचुनाव में



### बोचहां के मालिकों को हार्दिक धन्यवाद : तेजस्वी



प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बोचहां विधानसभा उपचुनाव में राजद की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बेरोजगारी, महंगाई एवं बदहाल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व विधि व्यवस्था से त्रस्त जनता ने डबल इंजन सरकार तथा अवसरवादी एनडीए ठगबंधन में शामिल दलों की जनविरोधी नीतियों व अहंकार को अकेले परास्त करने का न्यायप्रिय कार्य किया है।

राजद ने शुरू से ही काफी होशियारी से अपने पत्ते खोले। भाजपा ने जब बेबी कुमारी को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया और वीआइपी उससे अलग हो गई तो राजद ने दिवंगत विधायक मुसाफिर पासवान के पुत्र अमर पासवान को अपना प्रत्याशी बना दिया। इससे सहानुभूति वोट और पासवान मतदाताओं को साधने में कामयाब रहा। तेजस्वी यादव ने सवर्ण मतदाताओं में भाजपा के प्रति असंतोष को देखते हुए पूरी सावधानी से उन्हें अपने पाले में करने की जुगत की। अपने सभी सवर्ण विधायकों एवं विधान पार्षदों को सवर्ण बहु। इलाकों में चुनाव प्रचार के लिए उतारा और इसका पूरा फायदा राजद ने उठाया। माना जा रहा है कि इस जीत के बाद बिहार की राजनीति में एक नए ट्रेंड की शुरूआत होगी।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने पूजन कर ताजपुर बख्तियारपुर पुल का पुनः किया कार्यारंभ



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समस्तीपुर जिला अंतर्गत ताजपुर बख्तियारपुर निमार्णाधीन पुल के पुनः कार्यारंभ का शुभारंभ विधिवत पूजनकर एवं नारियल फोड़कर किया। बख्तियारपुर ताजपुर ग्रीन फील्ड गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 51.127 किलोमीटर है। जिसमें पुल की लंबाई 5.517 किलोमीटर, जबकि एप्रोच रोड की लंबाई 45.610 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने इस बंद पड़े प्रोजेक्ट के आज से पुनः कार्यारंभ होने के अवसर पर कहा कि इस प्रोजेक्ट का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के लोगों की संपर्कता और ज्यादा सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मॉनसून प्रारंभ होने के पहले मिट्टी संबंधी कार्य को तेजी से पूरा करें। मुख्यमंत्री ने इसके पूर्व वैशाली ताजपुर कर जनपथ का हवाई सर्वेक्षण भी किया। कार्यक्रम में पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधायक राजेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बीएसआरडीसीएल के प्रबंध निदेशक संदीप पुद्गल कट्टी, दरभंगा के आयुक्त मनीष कुमार, दरभंगा के पुलिस महानिरीक्षक ललन मोहन प्रसाद, नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट भास्कर मूर्ति एवं दिवाकर राव, एनईसीएल के डीजीएम टी जोसेफ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### नीतीश कुमार ने महाबोधि मंदिर में पूजा कर राज्य की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की

महाबोधि मंदिर बोधगया के चार मुख्य द्वार के सिलापट्ट का अनावरण किया। इस दौरान महाबोधि मंदिर एवं बोधि वृक्ष की पूजा अर्चना कर राज्य की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर परिसर का परिभ्रमण भी किया।

मंदिर प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर परिसर में 250 आवासन हेतु नवनिर्मित पुलिस बैरक के सिलापट्ट का उद्घाटन किया। महाबोधि मंदिर के पश्चिमी दीवार पर बने अशोक रेलिंग, पत्थर के पैनल और भगवान बुद्ध की वंदना में दर्शाए गए इतिहास के सिलापट्ट का भी लोकार्पण किया। मंदिर प्रबंधन समिति के निमार्णाधीन प्रस्तावित कार्यालय भवन का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने भवन के साइट प्लान, फ्लोर प्लान आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मंदिर प्रांगण में जीविका द्वारा संचालित नीरा स्टॉल का भी फीता काटकर मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, सांसद विजय कुमार एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मंदिर समिति के सचिव व सदस्यगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का कर सकते हैं निर्माण : मंडाविया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को टेलीकंसल्टेशन सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने का हवाला देते हुए कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'टोकन समाधान से कुल समाधान' की ओर बढ़ गया है। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार सेवा ई-संजीवनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना के अनुसार विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 1,17,400 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) को कार्यात्मक बनाया गया है। सरकार ने कहा कि वह दिसंबर 2022 तक 1,50,000 ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-संजीवनी एचडब्ल्यूसी के पोर्टल पर एक लाख से अधिक ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया है। कई राज्यों में लोग ई-संजीवनी के लाभों को ले रहे हैं और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की मांग के इस डिजिटल तरीके को व्यापक रूप से तेजी से अपनाने की एक उत्साहजनक प्रवृत्ति हुई है। स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने एक वीडियो कान्फ्रेंस के



माध्यम से आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) की चौथी वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मरीज स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश के लिए इस अभिनव डिजिटल माध्यम का उपयोग करके दैनिक आधार पर डाक्टरों और विशेषज्ञों से परामर्श करते हैं। मंत्री ने कहा कि कुछ एचडब्ल्यूसी कुछ गंभीर बीमारियों जैसे मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए स्क्रीनिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। इससे न केवल जल्दी पता लगाने में मदद मिलती है बल्कि मरीज

- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, देश स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'टोकन समाधान' से हटकर 'संपूर्ण समाधान' की ओर बढ़ा**

को जल्दी इलाज भी उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं और स्वस्थ समाज से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।

एबी-एचडब्ल्यूसी इस दृष्टि की ओर एक कदम हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों के लिए दूर-परामर्श सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने में सहायक हैं। मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी हितधारकों को स्पोक पर सेवाएं प्रदान करने और उन्हें हब से कुशलता से जोड़ने के लिए जुटना चाहिए। उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एबी-एचडब्ल्यूसी स्वास्थ्य मेलों के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। जो सभी एचडब्ल्यूसी में 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले योग सत्रों के अलावा 18-22 अप्रैल तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जाएंगे।

# बड़े नेताओं के साथ सोनिया गांधी का मंथन

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली में कांग्रेस ने शनिवार को अचानक एक हाईलेवल बैठक बुलाई। 10 जनपथ में हुई इस मीटिंग में पार्टी के बड़े नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशांत किशोर की मौजूदगी ने सभी का ध्यान खींचा। सूत्रों के मुताबिक प्रशांत किशोर ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक मीटिंग में प्रशांत किशोर ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं के सामने विस्तृत प्रिजेंटेशन दिया है। साथ ही 2024 की तैयारियों को लेकर रोडमैप भी बताया है। इस दौरान ग्रुप डिस्कशन के साथ ही व्यक्तिगत चर्चा भी हुई। हालांकि राहुल गांधी अभी भी 10 जनपथ में मौजूद रहे। मीटिंग से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि सोनिया गांधी ने अर्जेंट मीटिंग बुलाई। मैं बैंगलुरु में था। मुझे इस बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मीटिंग में शामिल होने के लिए कहा गया। कांग्रेस नेता अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर मीटिंग में शामिल हुए। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी बैठक में मौजूद रहे।

**सौगात** | दिल्ली सरकार ने पहले से वहां मुफ्त बिजली की सुविधा दी हुई है : मान

# पंजाब में एक जुलाई से मुफ्त बिजली की घोषणा

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने शनिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली एक जुलाई से देने की घोषणा की जबकि विपक्षी कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं ने घोषणा पर सवाल खड़े किये। यह घोषणा सरकार के कार्यकाल का एक महीना पूरा होने पर आज प्रमुख दैनिकों में एक महीने के रिपोर्ट कार्ड के पूर्ण पृष्ठ के मुखपृष्ठ विज्ञापन के रूप में की गई। मुफ्त बिजली आप का मुख्य चुनावी वायदा था और दो दिन पहले दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि 16 अप्रैल को वह अच्छी खबर सुनाएंगे।

मान ने पंजाब प्रदेश पारेषण निगम लिमिटेड के प्रत्याशियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए और फिर मुख्यमंत्री कार्यालय से वीडियो संदेश में स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति,



गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों और स्वतंत्रता सेनानियों आदि की श्रेणियों को, जिन्हें 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली मिलती थी, 300 यूनिट मुफ्त यूनिट बिजली मिलती रहेगी और बिल (जो दो महीने पर आता है) केवल दो महीने में 600 यूनिट से अधिक खर्च की गई बिजली पर ही आयेगा। उदाहरण, किसी घर की 640 यूनिट बिजली खपत है तो बिल केवल 40 यूनिट का आयेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सामान्य श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिजली खपत यदि प्रति दो माह 600 यूनिट से ज्यादा रही तो उन्हें पूरा बिल जायेगा।मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उद्योगों और कृषि के लिए सस्ती बिजली आपूर्ति (सब्सिडी) जैसे थी, जारी रहेगी। इनकी दर में कोई वृद्धि नहीं होगी। मान ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले से वहां मुफ्त बिजली की सुविधा दी हुई है और उनसे सीखकर ही पंजाब में यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि अपने अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए वह कहीं भी और फिर-फिर भेजेंगे। पिछले दिनों पंजाब के

- **पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड को शुभकामनाएं भी दी हैं, जिसे अपना अस्तित्व बचाने के लिए इस सबसे जूझना होगा**

वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मुख्य सचिव और पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड के अधिकारी शामिल थे, की दिल्ली में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से श्री मान की गैरमौजूदगी में बैठक पर विपक्ष ने बवाल काटा था और श्री मान पर रबर स्टांप और सरकार पर केजरीवाल के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार होने का आरोप लगाया था। मान ने इसके जवाब में कहा था कि अपने अधिकारियों को उन्होंने प्रशिक्षण के लिए भेजा था और जरूरत पड़ी तो कहीं भी (इजराइल का नाम लिया था) भेजेंगे। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को संबोधित करते हुए ट्वीट किया और कहा कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली की हकीकत तब सामने आयेगी जब विवरण और शर्तें सामने आएंगी। उन्होंने पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड को शुभकामनाएं भी दी हैं, जिसे अपना अस्तित्व बचाने के लिए इस सबसे जूझना होगा। भोलथ से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खेहरा ने श्री मान की घोषणा का स्वागत करते हुए सवाल किया कि एक जुलाई से क्यों? क्या वित्तीय प्रबंधन की कोई समस्या है? उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि यदि खपत 301 यूनिट बिजली की हुई तो क्या उपभोक्ताओं से पूरा बिल वसूला जाएगा? इसके साथ ही श्री खेहरा ने यह भी जानना चाहा कि क्या ट्यूबवेल सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी? कांग्रेस विधायक दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि विपक्ष होने के नाते वह योजना का विवरण देखेंगे कि कहीं कोई न दिख रहा एजेंडा तो नहीं है और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नयी नीति के तहत पुरानी सब्सिडी नहीं जाएगी।

# केरल में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

शनिवार को केरल के पलक्कड़ में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। हमलावर बाइक पर आए थे और शख्स पर धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। घटना के बाद इलाके में बवाल की आशंका के मद्देनजर पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। केरल पुलिस के हवाले से बताया कि पलक्कड़ में आज आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आरएसएस के पूर्व शारिरिक शिक्षण प्रमुख श्रीनिवासन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने हमलावरों की संख्या पांच बताई है, जो बाइक पर श्रीनिवासन की दुकान पर आए थे। इससे पहले कि श्रीनिवासन कुछ समझ पाते, हमलावरों ने धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। जिससे श्रीनिवासन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस महकमा घटनाक्रम के बाद इलाके में अलर्ट हो गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भारत के अडिग रहने में सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका: मोदी

**मोरबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत के अडिग रहने में इसकी सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका है। मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर आज गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फुट ऊंची प्रतिमा का वीडियो कांफ्रेंसिंग से अनावरण करते हुए कहा, हजारों वर्षों से बदलती स्थितियों के बावजूद भारत के अटल और अडिग रहने में हमारी सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका रही है। हमारी आस्था और संस्कृति की धारा सद्भाव, समभाव, समावेश की है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए जब बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने की बात आई तो प्रभु राम ने सक्षम होते हुए भी खुद से सब कुछ करने का सामर्थ्य होने के बावजूद सबको जोड़ने का, समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का, उनकी मदद लेने का काम किया और सबको जोड़कर उन्होंने इस काम को संपन्न किया।

- **मोदी ने गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया**

यही तो है सबका साथ-सबका प्रयास। सबका साथ, सबका प्रयास का उत्तम प्रमाण प्रभु राम की जीवन लीला भी है। जिसके हनुमानजी बहुत अहम सूत्र रहे हैं। सबका प्रयास की इसी भावना से आजादी के अमृत काल को हमें उज्ज्वल करना है। राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि के लिए जुटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजराती भाषा में कहा, आजे मोरबी मां केशवानंद बापू नी आ तपोभूमि पर आप सौ ना दर्शन करवानो मौको मण्यो छे ( आज मोरबी में केशवानंद बापू की इस तपोभूमि पर आप सब के दर्शन करने का मौका मिला है। हम सौराष्ट्र में दिन में 25 बार सुनते हैं कि अपनी यह सौराष्ट्र की धरती संत, सुरा की और दाता की धरती है। संत,सुरा और दाता की यह भूमि काठियावाड़, गुजरात और अपने भारत की पहचान भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि विवाद निपटारे को लेकर थाना दिवस का हुआ आयोजन

मधुबनी। मधुबनी जिले के बिस्फी के औंसी, ओपी पतौना, ओपी थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारे को लेकर थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिस्फी थाना में तीन आवेदन प्राप्त किए गए थे जिसमें तीनों आवेदक के कागजात को जांच पड़ताल कर नोटिस कर दिया। वही औंसी ओपी थाना परिसर में एक आवेदन दिए गए थे, जिसमें दोनों पक्ष को नोटिस दिया गया है। जहां पतौना ओपी में एक भी आवेदक नही पहुंचे। इस मौके पर बिस्फी सीओ श्रीकांत सिन्हा, बिस्फी थाना अध्यक्ष राज कुमार राय, प्रभारी अंचल निरीक्षक बंसत झा, औंसी ओपी प्रभारी हरिद्वार शर्मा, पतौना ओपी प्रभारी प्रह्लाद शर्मा सहित आवेदक मौजुद थे।

### लौकहा पुलिस ने शराब तस्कर को भेजा जेल

मधुबनी। मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड के लौकहा थाना क्षेत्र के लौकहा बाजार मे दिवा गश्ती के दौरान एक व्यक्ति भारतीय स्टेट बैंक के पास जा रहा था। गस्ती पुलिस को शक हुआ और उसे तलाशी ली तो 10 लीटर नेपाली शराब बरामद हुई। उसे थाना लाकर पूछताछ करने के दौरान उन्होंने अपना नाम शंकर कुमार राम बताया। जो कि लौकहा के निवासी बताए जा रहे हैं, लौकहा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कर्मियों के अभाव से जूझ रहे दाखिल खारिज के लंबित पड़े कार्य

मनीगाछी। दरभंगा राजस्व कर्मचारियों एवं कार्यालय कर्मियों के अभाव में अंचल का काम काज बुरी तरह प्रभावित है। 22 पंचायतों वाले इस अंचल में कुल राजस्व गांवों की संख्या 47 है। राजस्व वसूली का काम इसी राजस्व गांवों को ध्यान में रख कर किया जाता है। इसके लिए वर्तमान में महज एक राजस्व कर्मचारी पदस्थापित हैं। इन्हें ही अंचल की सभी पंचायतों के दाखिल खारिज के अलावा अंचल निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही समय समय पर होने वाले जमीनी विवाद तथा अग्नि कांड में भौतिक जांच का प्रतिवेदन देकर आपदा के कार्य का निर्वहन करना होता है। महज एक राजस्व कर्मचारी द्वारा अत्यधिक काम के बोझ से ससमय राजस्व की वसूली तथा दाखिल खारिज का काम नहीं हो पाता है। जानकारी के अनुसार कर्मियों के अभाव से जूझ रहे अंचल में पांच हजार के करीब दाखिल खारिज के आवेदन लंबित पड़े हैं।

### भगवान श्रीराम का आशीर्वाद पाने के लिए हनुमान बनना जरूरी : मनोज कुमार

मधुबनी। मधुबनी नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। लड्डू का वितरण किया गया। संध्याकाल में भजन-कीर्तन आयोजन किया गया। पं. शिबू मिश्रा के देखरेख में विशेष धार्मिक अनुष्ठान में समाजसेवी मनोज कुमार मुन्ना, सोमनाथ पटवा, आनंद पटवा, जितेंद्र यादव, उमेश कुमार, सियाराम प्रसाद, छेदी कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर समाजसेवी मनोज कुमार मुन्ना ने कहा कि भगवान श्रीराम का आशीर्वाद पाने के लिए हनुमान बनाना जरूरी है। एक सच्चे सेवक के रूप में हनुमान की पूजा की जाती है।

# बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति को लेकर हुई बैठक

**दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो**



**सूचना**

- नल-जल योजना एवं खराब चापाकल की सभी कमियाँ दुरूस्त करने के लिए 15 दिनों का समय दिया

जिलाधिकारी, कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के नल का जल योजना का क्रियान्वयन एवं चापाकल की स्थिति को लेकर जिला परिषद् अध्यक्ष, सभी प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद् सदस्य, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पी.एच.ई.डी., सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में प्रखण्डवार सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र के जलापूर्त्ति की स्थिति का बारी बारी से फीड बैक लिया गया।

उन्होंने नल-जल योजना एवं खराब चापाकल की सभी कमियाँ दुरूस्त करने के लिए 15 दिनों का समय सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता, पी.एच.ई.डी. को दिया। नल-जल योजना के रख-रखाव के लिए बनायी गयी अनुरक्षण निति से अवगत करते हुए जिला पंचायत राज पदाधिकारी आलोक राज ने बताया कि इस निति के तहत प्रत्येक वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति को 02 हजार रुपए रख-रखाव के लिए, 02 हजार रुपए रख-रखाव करने वाले के लिए दिया जा रहा है एवं राज्य सरकार द्वारा 02 हजार रुपए प्रतिमाह अलग से दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक उपभोक्ता से प्रतिदिन 01 रुपए की दर से 30 रुपए लिया जाना है, इन राशियों का उपयोग नल-जल के रख-रखाव एवं छोटी-मोटी मरम्मति के लिए किया जाएगा। यदि कोई बड़ी समस्या का निराकरण करना हो यथा-बोरिंग फेल हो गया हो, या टंकी की क्षमता का विस्तार कराना हो, तो वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति कनीय अभियंता के माध्यम से प्राक्कलन बनाकर ग्राम पंचायती राज को उपलब्ध कराएगी, ग्राम पंचायत को इस मद में 20 लाख रुपए तक की योजना की स्वीकृति प्रदान करने की शक्ति प्रदत्त है। उन्होंने कहा कि जिले में नल-जल योजना के कार्य हेतु 36 एजेंसी सूचीबद्ध हैं, वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति किसी भी एक एजेंसी से कार्य करा सकती है। नल-जल योजना के लिए बनाये गये टावर पर वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति व संचालक का नाम व सम्पर्क संख्या अंकित रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त टॉल-फ्री नम्बर, आग से बचाव के लिए दिये गये सुझाव तथा अग्निशमन का नम्बर अंकित रहना चाहिए। टंकी में पानी हमेशा भरा हुआ रहना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर अग्निशमन की गाड़ी को पानी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि टावर के आसपास 08 से 10 लोगों का एक स्थायी जल संचालन समिति बनाया जाना है, जो संचालक के अनुपस्थिति में पानी को चालू एवं बन्द करेगा तथा प्रत्येक गुरूवार को जल चर्चा किया जाना है।

# बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा दरभंगा शहर

**दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो**



**शोभा यात्रा**

- बजरंग दल के तत्वाधान में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

बजरंग दल के जिला संयोजक एवं गोरक्षा प्रमुख राजीव प्रकाश मधुकर की गईअध्यक्षता में नगर संयोजक दिनेश कुमार नगर सह संयोजक मोहन बारी के संयुक्त नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मनोकामना मंदिर के प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस यात्रा में मुख्य रूप से दरभंगा के सभी राम भक्त सनातन प्रेमी दल बल के साथ उपस्थित हुए वहीं मनोकामना मंदिर के प्रांगण में सभी राम भक्तों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी का आराधना किया गया। वहीं इस मौके पर दरभंगा के सभी राम भक्तों ने अपने-अपने टोले मोहल्ले से गाजे-बाजे के साथ इस शोभायात्रा में शामिल हुए।

वही इस मौके पर दरभंगा जिला बजरंग दल एवं गौ रक्षा प्रमुख राजीव प्रकाश मधुकर ने हनुमान जन्म उत्सव की शुभकामना देते हुए एवं शोभायात्रा में शामिल सभी राम भक्तों का आभार प्रकट करते हुए कहा हनुमान जन्मोत्सव एक हिंदू पर्व है यह क्षेत्र मां की पूर्णिमा को मनाया जाता है इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ माना जाता है हनुमान जी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है विष्णु जी के राम अवतार के बाद रावण को दिव्य शक्ति प्रदान हो गई इससे रावण ने अपनी मुक्त प्राप्ति हेतु शिव जी से वरदान मांगा कि उन्हें मोक्ष प्रदान करने हेतु कोई उपाय बताया जाए तब शिवजी ने राम के हाथों मोक्ष प्रदान करने के लिए लीला रची शिवजी के लिए के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सके हु इस मौके पर उन सभी राम भक्तों का धन्यवाद किया और साथ में दरभंगा नगर विधायक संजय शराब की उपमहापौर भरत साहनी इन सभी का आभार प्रकट किया और साथ में उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने इस कार्यक्रम को शाहदरा पूर्वक सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया उनका भी आभार प्रकट किया गया वही इस पर इस शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों को वीर बजरंगबली के चित्र और भगवा चादर मोमेंटो देकर उन सभी राम भक्तों को सम्मान दिया गया।

जिन्होंने इस शोभायात्रा में अपने अपने मोहल्ले से झांकी के रूप में आए थे साथ में इस मौका पर गुड्डू पासवान जी को भी सम्मानित किया निशांत चौधरी जी को भी सम्मानित किया गया साथ में रोहित चौधरी को भी सम्मानित किया गया इस मौके पर उपस्थित सभी राम भक्तों का अभिवादन एवं स्वागत किया गया वहीं यो यात्रा मनोकामना मंदिर से प्रस्थान हुई हसन चौक के रास्ते दरभंगा टावर भगत सिंह चौक तक गया।

# लदनियां प्रखंड में पानी की किल्लत

**सुमित कुमार, प्रात : किरण संवाददाता**



मधुबनी। मधुबनी जिले के लदनियां प्रखंड क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से लोकस्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के द्वारा माननीय विधायक, सांसद, विधानपरिषद सदस्यों के अनुशंसा पर लगाए गए चापाकल लोगों को पियास बुझाने के बदले खुद पानी के लिए तरस रहा है। पांच वर्षों से सरकार के द्वारा उक्त चापाकलों के रखरखाव एवं मरम्मत के नाम पर एक फूटी कौड़ी खर्च नहीं किया गया है।

कारण सभी सरकारी चापाकल अपना पहचान खो दिया है। सिर्फ लोहा पाइप लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है। अधिकांश जगहों पर लोग बकरी बांधा करते हैं। इस बाबत पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सरकार के द्वारा मार्च महीने में पंचायत प्रतिनिधियों से बेकार पड़े इस चापाकल की सूची तैयार कर प्रखंड कार्यालय के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया जाता है, परंतु आज तक उमस भरी गर्मी से निजात दिलाने के लिए मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति करती आ रही है। प्रखंड में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना मद की राशि से लगाया गया हर घर नल का जल योजना लूट खसोट योजना बनकर रह गया है। सभी योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ दिया। कार्य स्थल पर पाइप लाइन का कार्य नहीं हुआ, लोगों के घरों में नल नहीं पहुंचा और तकनीकी सहायक के द्वारा मोटी रकम लेकर कार्य को पूर्ण दिखा कर मापी पुस्तिका तैयार कर विभाग को उपलब्ध करा दिया गया। आज इस उमस भरी गर्मी में नल से लोगों को पानी नहीं मिलने के शिकायत पर भी जांच को निचे से ऊपर तक दबाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि अगर इस योजना का जांच एवं सरकारी चापाकलों का मरम्मत नहीं हुआ, तो लोग पानी के लिए तरस जाएंगे। वहीं, लाखों रुपए डकारने वाले अधिकारी मीलरल वाटर के सहारे अपना जीवन सुरक्षित रखेंगे। लोग पानी के लिए भागदौड़ करते नजर आएंगे।

# राज्य स्तरीय सम्मान समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सिंहवाड़ा, प्रात : किरण संवाददाता**



सिंहवाड़ा प्रखंड़ स्थित विश्वनाथपट्टी निवासी ग्लोबल ग्रीन मिशन के संस्थापक व पर्यावरण मित्र संजय कुमार को पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान एवं समाज सेवाओं के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा सम्राट अशोक जयंती के उपलक्ष्य में झंझारपुर आँख अस्पताल हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर में उन्हें मुख्य अतिथियों के द्वारा अखंड भारत सेवा सम्मान मोमेंटो मिथिला पाग अंगवस्त्र देकर एवं ग्लोबल ग्रीन मिशन के कर्मठ सदस्य शिक्षक शशिकान्त महतो व धर्मेन्द्र साह को पाग चादर से सम्मानित किया गया।

पर्यावरण मित्र संजय कुमार पहली बार विशाल रक्तदान शिविर में आचार्य ललित शास्त्री के कर्मों से प्रेरित होकर स्वेच्छा से रक्तदान कर शुरूआत किए। संजय कुमार ने कहा की रक्त दान महादान होता है मानव को खुद उत्तम स्वास्थ्य रखने के लिए भी कम से कम साल में एक बार रक्तदान करना चाहिए। हमें रक्त दान करके बहुत खुशी हुई की इस रक्त से किसी भी जरूरतमंद मानव के जीवन की रक्षा होगी रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है।

इसलिए किसी तरह की भ्रम लोगो को नहीं पालना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यवंशी आचार्य ललित शास्त्री सम्मान समारोह का संचालन भी किए,उद्घघाटन शुक्ला बल्ड बैंक के संचालक डॉक्टर एमके शुक्ला झंझारपुर आँख अस्पताल के डायरेक्टर डॉ.विमल कुमार मधुबनी के एमएलसी अम्बिका गुलाब यादव कुशवाहा महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्णदेव महतो छोटी पटनदेवी के पुजारी बाबा विवेक द्विवेदी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किए। मौके पर सैकड़ों की संख्या में रक्तवीर एवं समाजसेवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे। वही उनके सम्मानित होने पर जिलेवासियो को गर्व है। क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री जिवेश कुमार मिश्र जिला परिषद सदस्य सीमा यादव, अहमद अली तमन्ने, अनिल महाराज, राजेश कुमार सुमन, सदानंद कुशवाहा, युवा कवि आनंद मिलन, शिक्षक मोहन साह, मनोज बैठा आदि लोगों ने हरित बधाई दी।

# लोकतंत्र बचाओ आंदोलन 37वें दिन भी जारी, डीडीसी को सौंपा गया ज्ञापन

**सुमित कुमार, प्रात : किरण संवाददाता**

मधुबनी। मधुबनी समाहरणालय पर 37वे दिन भी लोकतंत्र बचाओ आंदोलन जारी है। दल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद राउत का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में आंदोलन स्थल से हटने को तैयार नहीं है। सरकार ग्राम रक्षा दल की मांग को पूरा करें, अन्यथा इस संस्था को रद्द करें। आज उपविकास आयुक्त विशाल राज से इनके सात सदस्यी प्रतिनिधिमंडल मिलकर इन्होंने ज्ञापन सौंपा, जिसपर उपविकास आयुक्त ने सोमवार को सरकार से इस संबंध में सूचित करने का आश्वासन दिया है।

इस बाबत श्री राउत ने बताया कि ज्ञापन तो हमने ग्यारह सूत्री दिया है, पर हमारी मांग है कि हमारी मांगें पूरी कर सरकार, अन्यथा इस संस्था को ही निरस्त कर दे। तत्पश्चात आंदोलन स्थल पर प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री राउत ने कहा कि सुबे बिहार में लाखों नौजवान दिग्भ्रमित होकर शोषण का शिकार हो रहे हैं। बिहार सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, जो सफल होने नहीं देंगे। भारत के संविधान में आंदोलनकारी को जो अधिकार प्राप्त है, उस अधिकार का प्रयोग कर बिहार सरकार, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान को आकृष्ट कराया जा रहा है, लेकिन सरकार आंदोलन को संज्ञान नहीं ले रही है।

श्री राउत का कहना है कि ग्राम रक्षा दल अवैतनिक संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसके कारण सुबे बिहार के लाखों लोग बेरोजगारी, बेबसी और लाचारी का दंश झेल रहे हैं। जिस नियमावली से लाखों लोगों का अहित होता हो, जो सामाजिक हित में नहीं हो, जिसके कारण लाखों लोग सड़क पर आ गया हो, और कीड़े मुकैडे की तरह जिंदगी जीने को बेबस एवं लाचार हो ऐसी नियमावली को अविलंब समाप्त कर देना चाहिए। जब अन्य राज्यों में ग्राम रक्षा दल को मानदेय दिया जाता है, तो बिहार में क्यों नहीं दिया जा रहा है। कानून बनाने वाले लोग ऐसो आराम का जिंदगी जी रहे हैं, और उनके बनाए हुए कानून से लाखों जवानों का जीवन नरक से भी बदतर हो गया है। ऐसे नियमावली को अविलंब समाप्त करने का आग्रह किया गया है।

# बढ़ते तापमान के साथ चलने वाली गर्म तेज हवाओं से शरीर को सुरक्षित रखना जरूरी

**सुमित कुमार, प्रात : किरण संवाददाता**



मधुबनी। मधुबनी जिले में लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं, गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण दोपहर में सड़क पर लोगों का चलना मुश्किल कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में शनिवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री व अधिकतम 41 डिग्रीसे अधिक रहा।

ऐसे मौसम में गर्म हवाओं के कारण लू लगने की संभावनाएं बढ़ जाती है। बढ़ते तापमान के साथ चलने वाली गर्म तेज हवाओं से शरीर को सुरक्षित रखना होगा। साथ ही, मौसम के अनुकूल शरीर को ढालने के लिए खान-पान के साथ दैनिक दिनचर्या में बदलाव करना जरुरी है। वहीं, नवजात शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के पोषण में सुधार कर गर्मी के दुष्परिणामों से सुरक्षा प्रदान की जा सकती है। डेडिकेटेड वार्ड में हो 24 घंटे चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन डॉ सुनील कुमार झा ने बताया कि विभाग ने संबंधित मरीजों के बेहतर चिकित्सा के लिये डेडिकेटेड वार्ड बनाने को कहा है। उसमें मुकम्मल बेड की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। चिकित्सा व्यवस्था के मद्देनजर चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही वार्ड में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक औषधि एवं मेडिकल डिवाइस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जरूरी पड़ने पर 24 घंटे ऑन कॉल डॉक्टरों को रहने को कहा गया है। एंबुलेंस में हो एयर कंडीशन की सुविधा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर दयाशंकर निधि ने बताया कि विभागीय निर्देश के अनुसार मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी एंबुलेंस में एयर कंडीशन की क्रियाशीलता, ऑक्सीजन व आवश्यक उपकरण की व्यवस्था करने को कहा है, ताकि मरीजों को परेशानी ना हो सके।

### अमन चैन भाईचारे के लिए डीएम-एसएसपी को शिष्टमंडल ज्ञापन देगा: माले

**दरभंगा।** भाकपा माले जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, इंसाफ मंच प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद ने संयुक्त रूप से वयान जारी कर बताया कि भाजपा आर एस एस रामनवमी के मौके पर राम के नाम पर तलवार व आपत्तिजनक झांकी निकाल कर अमन चैन भाईचारे को बिगाड़ने का काम किया लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो ने उनके मनसूबे पर पानी फेर दिया है यह सराहनीय कार्य किया गया है। शहर में आपत्तिजनक झांकी के लिए प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही अभी तक कोई गिरफ्तारी नही किया गया है। घनश्यामपुर प्रखंड कार्यालय के बगल में बुधेय कनहोली में बलबाइयो ने आधा दर्जन दुकानदारों को निशाना बनाया है और अभी भी धमकी दी जा रही है लोग बड़े घटना की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन कोई कारवाई करने की स्थिति में नही दिखती है । माले नेताओं की टीम को स्थानीय लोगों ने बताया कि होली के दिन से ही हमलोगों को देख लेने की बात बोली जा रही है। हमलोगों को सुरक्षा व्यवस्था की जरुरत है।

# हनुमान जयंती पर जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र

**मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता**



मधुबनी जिले के हरलाखी में हनुमान जयंती के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों में कलश शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर प्रखंड के सोठगांव गांव में पांच दिवसीय महावीरी झंडा व पूजा का शुभारंभ हुआ, जहां 251 कन्याओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली।

कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ भारत नेपाल स्थित पवित्र जमुनी नदी पहुंची, जहां से कलश में पवित्र जल भरकर वापस महावीरी झंडा के पास पूजा स्थल पर पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधिवत स्थापित कराया गया। वहीं भाजपा वरिष्ठ नेता गौरी शंकर महतो ने सभी कलश यात्रियों के बीच प्रसाद के रूप में खीर का आहार वितरण किया गया। इस अवसर पर पूजा व मेला का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष महेंद्र सदा, पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार महतो, राम नारायण राम, बद्री सदा, अनूप सदा, दिलिप सदा, जितेंद्र महतो, अंकित पांडेय, गरभु मंडल, मिथुन मंडल, सुंदर सदा, संतोष महतो समेत अन्य ने बताया कि महावीरी झंडा पूजा व मेला सम्पूर्ण ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

वहीं रेड़ियाहि गांव में भी ग्रामीणों के सहयोग से हनुमान जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय पूजा व मेला का आयोजन किया जा रहा है, जहां पहले दिन 71 कुमारी कन्याओं ने कलश शोभायात्रा निकाली। वहीं हनुमान जयंती के अवसर पर विशौल गांव में हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति स्थापित किया गया।

सभी कलश यात्री काली मंदिर का परिक्रमा कर विशौल विश्वामित्र आश्रम पहुंची, जहां पवित्र तालाब से जल भरकर पूजा स्थल पर सभी कलश को स्थापित की। इस दौरान जय श्रीराम जय हनुमान से पूरा गांव गुंजयमान हो रहे थे। हनुमान जयंती को लेकर पूरे इलाके का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

# दरभंगा एयरपोर्ट के बन जाने से क्षेत्र के लोगों को मिली सहूलियत: सीएम प्रेम सिंह



**दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो**

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सिक्किम से सड़क मार्ग द्वारा किशनगंज, पूर्णियाँ, अररिया, सुपौल व मधुबनी होते हुए जिला अतिथि गृह, दरभंगा पहुँचे, जहाँ जिला प्रशासन, दरभंगा द्वारा प्रोटोकॉल के अनुरूप उनका अतिथि सत्कार किया गया। दरभंगा जिलाधिकारी, राजीव रौशन स्वंय मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री सिक्किम ने इस अवसर पर कहा कि बागडोगरा हवाई अड्डा के पश्चात दूरी के हिसाब से सबसे नजदीक दरभंगा हवाई अड्डा ही है। इस हवाई अड्डा के बन जाने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी सहुलियत मिली है।

### हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**कुशेश्वरस्थान।** क्रीड़ा भारती दरभंगा के सहसंयोजक घनश्याम चौधरी के नेतृत्व में शनिवार को हिरणी में हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग चौक हिरणी के बीर बजरंगवली के मन्दिर पर युवाओं के साथ पुजा पाठ के पश्चात मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच दो टीम बनाकर कबड्डी खेलाया गया। जिसमे जुनियर बच्चों ने सीनियर को हरा कर जीत हासिल किया। मौके पर उपस्थित जिला सहसंयोजक चौधरी ने बताया की बजरंगवली के जैसा ताकत पुरे ब्रम्हांड मे किसी को भी नही है। इसलिए सभी खिलाड़ियों को भगवान के साथ साथ बजरंगवली को अपना गुरूदेव भी मानना चाहिए। मौके पर अश्विनी कुमार छोटु कुमार विक्रमादित्य उत्सव गोलु आदित्य आशीष बीरेंद्र अमरजीत अशोक बैजु सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

# मधुबनी पेंटिंग कलाकारों को दिया गया प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

**सुमित कुमार, प्रात : किरण संवाददाता**



मधुबनी पेंटिंग की प्रशिक्षण देने वाली मधुबनी की स्वयंसेवी संस्था ग्राम विकास परिषद, मधुबनी के द्वारा एवं गूंज के सहयोग से मधुबनी पेंटिंग के कलाकारों को मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ एक चौकी एक बॉक्स और एक मैट वितरण किया गया।

कार्यक्रम का उद्घघाटन पद्मश्री दुलारी देवी देवी को गूंज के स्टेट कोऑर्डिनेटर शिवजी चतुवेर्दी, वी.भी.एच.ए पटना के स्वपन मजूमदार को ग्राम विकास परिषद के सचिव षष्ठिनाथ झा के द्वारा सम्मानित कर किया गया। प्रशिक्षण प्रमाण पत्र मिलने पर कलाकारो में खुशी देखी गई। संस्था सचिव षष्ठिनाथ झा ने बताया कि त्रैमासिक मधुबनी पेंटिंग प्रशिक्षण में 40 कलाकारों को मधुबनी पेंटिंग एवं 12 दिवसीय डिजाइन डेवलपमेंट प्रशिक्षण दिया गया है।

इस कार्यक्रम में गूंज के स्टेट कोऑर्डिनेटर शिवजी चतुवेर्दी ने कलाकारों को शुभकामना देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि आप सभी को रोजगार से जोड़ना ताकि आप अपने और अपने परिवारों के भविष्य को अच्छी दिशा दे सकें। वहीं वी.भी.एच.ए पटना के स्वपन मजूमदार ने भी कलाकारो को संबोधित किया।

कार्यक्रम में ग्राम विकास परिषद के कार्यकर्ता राकेश झा, राजेश कुमार झा, सिया देवी, वीणा शर्मा, दिलीप यादव एवं अन्य कलाकार उपस्थित थे।

# योजना में लूट व खसोट चरम सीमा पर है : दिलखुश कुमार

**दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो**

कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचवटी चौक प्रथम पुल से झीलोरिया राम जानकी मंदिर तक निमार्णाधीन सड़क निरीक्षण कार्य समाजसेवी गोविंद कुमार सहनी के नेतृत्व में प्रभारी के उपस्थिति में हुआ प्रभारी दिलखुश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हर योजना में लूट व खसोट चरम सीमा पर है जिसका संपूर्ण समय का दुरुपयोग पैसा का लूट विभाग के एसडीओ स्कूटीव इंजीनियर और जेई सहित संलिप्त दलाल कि हाथ बंदरबांट हो जाता है।

कुशेश्वरस्थान विधानसभा में पीडब्ल्यूडी से आरसीडी से आरडब्ल्यूडी से ग्रामीण कार्य विभाग से कई सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जिसका शुरूआत 2021 से हुआ कई योजना समय सीमा समाप्त होने जा रहा है लेकिन अभी तक सड़क का प्राथमिक उपचार तक सही से नही कर सका जिलाधिकारी से आग्रह उक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए अतिशीघ्र करवाने का कृपा प्रदान करें वहीं समाजसेवी गोविंद कुमार ने कहा कुशेश्वरस्थान विधानसभा में घूसखोर और दलालों का अड्डा बना हुआ है हर योजना के कार्य में चापलूस झोलाछाप नेता और उसका गुरगा का संलिप्त होने के कारण संवेदक का मनोबल बढ़ा हुआ रहता है इसलिए जनताओं का एक भी नहीं सुनता है।

मैं पूर्ण रूप से विकलांग हूँ लेकिन जन समस्या आवाज का आबाज भी हूँ मेरा मौलिक अधिकार है मैं अपने हक व अधिकार की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ेंगे गलत का विरोध करना सिद्धांत व समाज सुधार का महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 17 अप्रैल 2022

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र एनडीए सरकार की देन : सुशील मोदी

पटना। पूर्व उप मुख्यमंत्री सांसद सुशील कुमार मोदी ने ट्वीट कर कहा कि एनडीए सरकार के निरंतर प्रयास से बोधगया दुनिया के बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभरा। केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र का शुभारंभ होना बौद्ध पर्यटन के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। 145 करोड़ की लागत से बने महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के लिए केंद्र सरकार ने 93.22 करोड़ की राशि दी, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार। बिहार सरकार ने इस सांस्कृतिक केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध करायी और 52 करोड़ रुपये का योगदान किया, इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद।
अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने बोधगया हवाई अड्डे को अन्तरराष्ट्रीय स्तर का बनाया, जिससे बिहार में बौद्ध पर्यटन को नये पंख मिले।
वर्ष 2019-20 में बोधगया हवाई अड्डे पर उतरने और यहां से उड़ने वाले विमानों की संख्या 1803 थी।
कोरोना-पूर्व उस साल 2 लाख 13 हजार यात्री बोधगया आये थे। हर साल जो 10 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक बिहार आते हैं, इनमें 90 फीसद बौद्ध यात्री ही होते हैं।
बोधगया सांस्कृतिक केंद्र में 2000 लोगों के बैठने की क्षमता वाले आडिटोरियम सहित कई आधुनिक सुविधाएँ हैं। इस केंद्र से बिहार के पर्यटन उद्योग और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### तापमान 45 के पार, 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट

पटना। प्रदेश का दक्षिणी भाग भीषण लू की चपेट में रहा। 17 जिलों का तापमान पछुआ के कारण 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश के 17 जिलों में अगले 72 घंटों तक लू का प्रभाव जारी रहेगा। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है।
इन जिलों के लिए मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के दक्षिण भाग में लू और तापमान में वृद्धि का मुख्य कारण बारिश नहीं होना तथा पछुआ की मजबूत स्थिति को बताया जा रहा है। प्रदेश के पूर्वी भाग में पुरवा की मजबूत स्थिति व नमी युक्त हवा के कारण 18-19 अप्रैल को बारिश के भी आसार है।

# डा. संतोष सुमन को मिली हम की कमान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



● गरीब चेतना सम्मेलन में जीतन राम मांझी ने दिखायी अपनी ताकत

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने आज गरीब चेतना सम्मेलन में बिहार के कोने कोने से आये जनसमूह को साक्षी मानकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव बिहार सरकार में मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि मैं अब पार्टी में संरक्षक के रूप में काम करूंगा।

इसके पूर्व हम द्वारा श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित गरीब चेतना सम्मेलन का उद्घाटन जीतन राम मांझी ने संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं पर्वतपुर दशरथ मांझी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। मांझी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में दो ही जाति है अमीर और गरीब। हमारी पार्टी गरीबों और दलितों की पार्टी है, जिसकी जनसंख्या सबसे ज्यादा है। मांझी ने कहा कि हमारी पार्टी पर जो लोग यह सवाल उठाते हैं उनको भी आज समझ में आ गया होगा कि मांझी के पीछे कितने लोगों की ताकत है।

मांझी ने कहा कि अमीर के बच्चे 20 से 25 लाख रुपया देकर पढ़ते हैं और गरीब के बच्चे पैसे के अभाव में पढ़ाई नहीं कर पाते। भेदभाव वाली यह शिक्षा प्रणाली हम गरीबों के लिए अभिशाप है, इसलिए कॉमन स्कूल सिस्टम लागू होना ही चाहिए। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट से ज्यादा सुविधा देने की बात भी कही।

आज भी उच्च न्यायालयों में हमारे समाज के लोग न्यायाधीश नहीं है। जब न्याय के मंदिर में ही न्याय करने वाले हमारे नहीं हैं तो हमारे लोगों को न्याय कैसे मिलेगा। न्यायालय, समान शिक्षा प्रणाली के साथ ही निजी क्षेत्रों में आरक्षण के लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है।

राज्य सरकार में मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए हुए संविधान से देश चल रहा है।

देश ही नहीं पूरी दुनिया उन्हें जानती है, जिनकी देन है कि आज गरीब और दलित समाज के लोग को संविधान में अधिकार मिले हैं। डॉ संतोष ने सम्मेलन में आए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में भी आप लोगों का अपार भीड़ और समर्थन के लिए हम आप सभी के आभारी हैं और आप सभी को इस सम्मेलन में आने पर तहे दिल से अपनी पार्टी की ओर से अभिनंदन करते हैं' हर गांव हर कस्बे तक हमारी पार्टी का संगठन है। हमारी पार्टी के समर्थक दलित और गरीब समाज जमीनी स्तर से जुड़े हुए हैं जिसकी जनसंख्या सबसे अधिक है। बिहार और देश की राजनीति में हमारी पार्टी एक विकल्प के रूप में लोगों के बीच अपनी पहचान बना रही है। हम गरीबों की बात करते हैं और गरीबों के लिए काम करते हैं। हमारी पार्टी दलितों और गरीबों के विकास के लिए हर संघर्ष करने को तैयार है। कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव वर्मा बिहारी रुचि सिंह, नंद बिहारी, संतोष सागर, बॉबी गोस्वामी, सीता यादव, देवराज मुन्ना एवं साथी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन प्रदेश प्रभारी दीपक ज्योति श्याम, सुंदर शरण एवं धन्यवाद ज्ञापन रजनीश कुमार द्वारा किया गया।

सम्मेलन को संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी वर्मा, रामेश्वर यादव, डॉ अनिल कुमार, डॉ दानिश रिजवान, ज्योति मांझी, प्रफुल्ल मांझी, बीएल वैश्यन्त्री, निलेश कुमार, मारकंडे प्रसाद, इं देवेंद्र मांझी, वीरेंद्र सिंह, राजेश्वर मांझी, रंजीत चंद्रवंशी, प्रफुल्ल चंद्रा, रमेश सिंह, फैज आशिक सिद्धकी, गीता पासवान, सुनीता अशोक, साधना देवी आदि हम नेताओं ने भी संबोधित किया।

# भीषण गर्मी से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट : मंगल पांडेय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में बढ़ते भीषण गर्मी को देखते पूरे राज्य में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इस गर्मी से आमजनों को स्वास्थ्य संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसे देखते हुए राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकीय इलाज के लिए अस्पतालों में डेडिकेटेड वार्ड की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही झुलसाती गर्मी व लू से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया एवं अतिसार से संबंधित ओआरएस पाउडर समेत सभी प्रकार की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता अस्पतालों में सुनिश्चित की जा रही है।

श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी सदर अस्पताल के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल और अनुमंडलीय अस्पताल में मौजूद एंबुलेंसों में लगे एसी, आक्सीजन एवं अन्य उपकरण दुरुस्त स्थिति में है, ताकि संबंधित मरीजों का अविलंब उपचार हो सके। सभी सिविल सर्जनों को सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल तथा जिला के प्रभावित क्षेत्रों के निकटतम सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में रोस्टर संधारित कर अतिरिक्त चिकित्सकों एवं पारा चिकित्साकर्मियों की 24 घंटे तैनाती तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं मेडिकल डिवाइस उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

श्री पांडेय ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक आनकाल ड्यूटी पर 24 घंटे मौजूद रहेंगे, ताकि आपातकालीन स्थिति में सूचित किए जाने पर वे शीघ्र संबंधित अस्पताल में उपस्थित हो सकें। भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी सरकारी अस्पतालों के सामान्य वार्ड में एसी, कूलर और पंखा समेत अन्य जरूरी सुविधाओं को भी दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही गर्म हवा और लू से बचाव की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराने हेतु जिलास्तरीय आपदा प्रबंधन शाखा से समन्वय बना प्रचार-प्रसार कराने पर विशेष जोर देने को कहा गया है।

# बोचहां में जीत किसी पार्टी की नहीं, जनता में उभरे आक्रोश की है : पप्पू यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव ने आदर्श आचार संहिता उलंघन मामले में बिहार शरीफ कोर्ट में पेशी के बाद कहा कि बोचहां के साथ देश भर में हुए 4 लोकसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में भाजपा के अहंकार की हार हुई है। बोचहां में किसी पार्टी की जीत नहीं हुई, बल्कि वहां समाज के हर तबके के साथ धोखा करने का नतीजा चुनाव परिणाम के रूप में आया है। आज भाजपा मतलब नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी मतलब भाजपा हो गया है। बिहार में कुछ लोग खुद को नरेंद्र मोदी समझने लगे हैं, इसलिए जनता ने उन्हें सबक सिखाने का काम किया है। इस मौके पर उनके साथ जाप के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजू दानवीर के अलावे सैकडों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

पप्पू यादव ने कहा कि जहां भी ईवीएम प्रभावित नहीं हुआ, वहां भाजपा की हार हुई। उपचुनाव में भी ईवीएम के साथ छेड़खानी नहीं हुई, तो भाजपा को हर जगह मुहं की खानी पड़ी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा, नही तो चुनाव का परिणाम कुछ और ही होता। उन्होंने अचार सहिंता को लेकर कहा कि अचार संहिता विरोधियों को परेशान करने का तरीका मात्र है। न्याय व्यवस्था में सुधार लाने की जरूरत है। अचार संहिता मामले में हम निर्दोष हैं। सत्ता पक्ष ने अपने तरीके से एसडीओ बीडीओ का इस्तेमाल कर गलत केस बना कर हमारे ऊपर अचार सहिता का मामला दर्ज कराया' उन्होंने कहा कि आचार संहिता के मामले को लेकर रिव्यू करने की जरूरत है। विरोधियों का परेशान करने का सबसे बड़ा टूल बन गया है। हम ऐसे चीजों का विरोध करते हैं। हम न्यायालय का सम्मान करने के लिए आज बिहारशरीफ कोर्ट में पेश होने आए थे।

# बोचहां की जीत तेजस्वी पर विश्वास व सरकार के खिलाफ है विद्रोह : जगदानन्द

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने बोचहां परिणाम के बाद संवादाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बोचहां की जीत तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर विश्वास और सरकार के खिलाफ जन विद्रोह का प्रतीक है। बोचहां की जनता ने पहले ही फैसला सुना दिया था कि उन्हें राजद नेता तेजस्वी जी के नेतृत्व पर विश्वास है। क्योंकि राजद समाजवादी आन्दोलन से निकली हुई पार्टी है जो सबों का प्रतिनिधित्व करती है। इस जीत के लिए पार्टी की ओर से बोचहां की जनता को धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूँ।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के खिलाफ लोगों का गुस्सा स्पष्ट रूप से चुनाव परिणाम में दिखा। साथ ही बोचहां की जनता ने एक संदेश दिया है कि प्रगतिशील सोच ओर मजबूत नेतृत्व के साथ ही बिहार आगे बढ़ेगा, इस संदेश को समझने की आवश्यकता है। लोगों ने महंगाई, भ्रष्टाचार, बिहार में बढ़ते अपराध, नफरत और रोजगार के सवाल पर एक साथ खड़े होकर यह बताने का काम किया कि राजद के लिए हर वर्ग और तबका मजबूती के साथ खड़ा है। हिन्दू और मुसलमान को लड़ाने वालों को लोकतंत्र की धरती बिहार ने बताया है कि समाज का बंटवारा करके और जनहित के मुद्दों से अलग जाकर कोई भी समाज को ठग नहीं सकता है। जितना वोट अन्य दल नहीं लाए उससे अधिक वोट राजद के पक्ष में पड़ा। यह भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संदेश है। उन्होंने आगे कहा कि जदयू कोई पार्टी नहीं है, ये दूसरे दलों के नेताओं को पकड़-पकड़ कर अपनी पार्टी बना रहे हैं लेकिन इनके नेतृत्व पर बिहार की जनता ने अविश्वास प्रकट कर दिया है और स्पष्ट किया है कि बिहार में सत्ता के लिए जो खेल खेला जा रहा है उसे बिहार की जनता पसंद नहीं करती है। भाजपा की इस हार से यह स्पष्ट हो गया है कि जनता बनाम सरकार के चुनाव में जनता जीती और सरकार की हार हुई। सरकार को बिहार विधान परिषद के चुनाव में भी हार हुई थी लेकिन इस जनादेश को नीतीश कुमार स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### बोचहाँ की जनता एवं नेता प्रतिपक्ष बधाई के पात्र

**पटना।** राजद के प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार सिन्हा ने बोचहाँ उपचुनाव में राजद प्रत्याशी अमर पासवान की भारी मतों से जीत पर वहां की जनता एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी को बधाई देते हुए कहा कि तेजस्वी के कुशल नेतृत्व पर वहां की जनता ने विश्वास और भरोसा जताया है, वही बिहार सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता ने गोलबंद होकर जनादेश देने का काम किया है, दोनों बधाई के पात्र हैं।

# हनुमान जयंती पर शक्तिधाम में सुन्दरकाण्ड पाठ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हनुमान जयंती के अवसर पर शक्तिधाम मंदिर में शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा मंजु जैन के नेतृत्व में सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुन्दर काण्ड का प्रारम्भ महिलाओं ने जामवंत कहने लगे सुनो वीर हनुमान, बैठो हो किस फिक्र में कहाँ तुम्हारा ध्यान जामवंत के बचन सुहाए सुनि हनुमंत हृदय अति भाए।

आज प्रातः से ही शक्तिधाम मंदिर में भक्तजनो का तांता लगा रहा। निर्मल अग्रवाल ने पूजा की। साथ मे अमर अग्रवाल, एवं अक्षय अग्रवाल थे। शक्तिधाम में आज हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया, सवा मन लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया तथा महिलायें भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती किया' मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए'

मौके पर पं शंकर शर्मा ने कहा कि माना जाता है कि महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा।

सुन्दर काण्ड का पाठ मंजु जैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। मौके पर शक्तिधाम के सचिव रमेश मोदी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद श्याम मंडल पटना द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया' आज के पाठ की समाप्ति पर सभी भक्तजनो को प्रसाद वितरण किया गया' आयोजन को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, ओम प्रकाश पोद्दार, रमेश मोदी, सूर्य नारायण, मोहन सर्राफ, संतोष अग्रवाल, पवन भगत, जुगल चौधरी, नरेंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, रितेश तुल्सियान तथा शक्तिधाम के अन्य पदाधिकारियों की मुख्य भूमिका रही।

# सांप्रदायिक-अहंकारी दलों को सबक सिखाने के लिए बोचहां की जनता को धन्यवाद : माले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाकपा माले राज्य सचिव कुणाल ने मुजफ्फरपुर के बोचहां विधानसभा सीट के उपचुनाव में सांप्रदायिक व अहंकारी भाजपा को सबक सिखाने के लिए वहां के मतदाताओं का शुक्रिया अदा करते कहा कि इस उपचुनाव में जनता ने राज्य में अवसरवादी राजनीति को नकारते हुए सत्ताधारी दल को करारा तमाचा जड़ा है' भाजपा ने अपने तमाम मंत्रियों को चुनाव प्रचार में लगाया, मंत्रियों ने हर तरह के तिकड़म किए' पैसों और सत्ता की धौंस दिखलाई लेकिन जनता ने उनकी तमाम चालबाजियों को नाकामयाब कर दिखलाया' उसके परंपरागत वोट के भी एक हिस्से ने महागठबंधन के पक्ष में वोट किया।

उपचुनाव में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार अमर पासवान की भारी मतों से जीत में कमरतोड़ महंगाई, राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था की लगातार गिरती स्थिति, दलितों-महिलाओं पर बढ़ते दमन, शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति में लगातार जारी गिरावट के खिलाफ जनता के आक्रोश का प्रतिबिंब दिख रहा है' बोचहां में माले कार्यकताओं ने राजद उम्मीदवार की जीत के लिए कठिन मेहनत की' यह ऐतिहासिक व क्रांतिकारी किसान आंदोलन का इलाका रहा है, माले व राजद की एकता ने भारी मतों से महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत को साकार कर दिखाया।

### महागठबंधन को आश्वस्त करने वाली जीत : दीपंकर भट्टाचार्य

पटना। माले महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने ट्वीट कर बोचहां उपचुनाव में राजद उम्मीदवार की जबरदस्त जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह महागठबंधन की एनडीए के खिलाफ आश्वस्त करने वाली जीत है। तब जबकि भाजपा बिहार में उत्तरप्रदेश का मॉडल थोपने का लगातार प्रयास कर रही है।

### किन्नरों के कल्याणार्थ योजनाओं की होगी मानीटरिंग

**पटना।** किन्नरों के कल्याणार्थ चल रही योजनाओं की सरकार मुख्यालय स्तर पर मानीटरिंग कराएगी। इसके क्रियान्वयन की वस्तु स्थिति जानने-समझने के लिए फील्ड से राज्य मुख्यालय में विस्तृत रिपोर्ट मंगाई जाएगी और उनके क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया जाएगा।

बिहार राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि सभी किन्नरों को पहचान पत्र दिया जाएगा। इनका राज्यस्तरीय डाटा तैयार कर विभाग के स्तर पर पोर्टल संचालित करते हुए समाज कल्याण विभाग इसकी समीक्षा करेगा। इसके तहत किन्नरों के सामाजिक एवं शैक्षिक स्थिति का आकलन कर इनके पिछड़ेपन को दूर किए जाने के लिए एक समेकित योजना बनानी है और उनके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। इनके कल्याण के लिए आने वाले समय में इनके आर्थिक विकास को केंद्र में रख योजनाएं बनाने के लिए इनकी राजनीतिक भागीदारी, कानून एवं नागरिकता के अधिकारों की मान्यता दिलाने अदि पर सुझाव भी आमंत्रित किए जाने हैं। इनके लिए विभिन्न किस्म के आयवर्द्धक कार्यक्रमों को स्वीकृति दी जाएगी।

# बढ़ती बेरोजगारी व महँगाई की आग में जल जाएगी मोदी सरकार : राणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संयोजक राणा रणवीर सिंह के नेतृत्व में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अर्थी जुलूस निकाला गया जो पार्टी कार्यालय से चलकर डाकबंगला चौराहा पर आग के हवाले किया गया। चौराहा पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री राणा ने कहा कि बिहार समेत सम्पूर्ण देश में बेरोजगारी एवं महँगाई चरम सीमा पार कर चुकी है केंद्र सरकार को इन सब मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है' मोदी जी सिर्फ देश की सार्वजनिक क्षेत्र के कंपनियों, बैंकों, हवाई अड्डे, एअर इंडिया आदि सरकारी उपक्रमों को बेचकर देश की पहचान समाप्त करनी है।

श्री राणा ने आगे कहा कि देश की आम जनता बेरोजगारी की मार से त्रस्त है, ऊपर से ये आसमान छूती महँगाई के कारण माध्यम वर्ग एवं गरीब लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। चुनाव में मोदी जी देश की भोली भाली जनता को अपने झूठे वादे एवं जुमलेबाजी की जाल में फसाकर वोट तो ले लिया मगर जनता से किए वादे को न सिर्फ भुला दिया बल्कि जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है, जिसके कारण मोदी सरकार के खिलाफ आम लोगों में भारीआक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगे कहा कि बेरोजगारी एवं महँगाई पर अविलंब लगाम नहीं लगाया गया तो जनता के गुस्से की आग में मोदी सरकार जल जाएगी।

अर्थी जुलूस में शकील अहमद, पूजा सिंह, अविनाश, प्रशांत, अतुल कुमार सिंह अधिवक्ता, वीरेन्द्र सिंह, डॉ एम भारती, इरफानुलहक, राकेश रंजन पटेल, अनिल कुमार सिंह, रंजीत यादव, रोहित राय, विनोद कुमार अधिवक्ता, रामध्यान कुशवाहा, चंद्रमोहन यादव, अचल यादव, राकेश कुशवाहा, नित्यानंद यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# वेदावाग बीसीएस ने अटल पेंशन योजना के साइनिंग स्टार में पाया प्रथम स्थान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



● सीएसपी एवं ग्राहकों की परेशानी दूर करने पर बैंक का है ध्यान : एजीएम एसबीआई

स्टेट बैंक आफ इण्डिया के एजीएम पटना आलोक नारायण ने वेदावाग सिस्टम्स लिमिटेड की वितीय वर्ष 2021-22 की वार्षिक समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए आने वाले समय में एसबीआई द्वारा दी जाने वाली ग्राहक सुविधाओं की जानकारी देने के साथ ही सीएसपी एवं ग्राहकों को होने वाली परेशानी को दूर करने की दिशा में बैंक द्वारा सकारात्मक दृष्टि से विचार करने की आस बंधाई।

वेदावाग के वार्षिक समीक्षा बैठक का इसके पूर्व उदघाटन एजीएम आलोक नारायण, कंपनी के सीईओ कृष्णा कोलथरु, पटना सर्किल हेड मुकेश सर्राफ व अन्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया' कार्यक्रम का संचालन मुकेश श्रॉफ सर्किल हेड, वेदावाग ने किया।

सीईओ कृष्णा कोलथरु ने सीएसपी एवं ग्राहकों को होने वाली परेशानी की विस्तार से चर्चा करते हुए इसके निराकरण की दिशा में प्रयासरत रहने की बात बताते हुए पटना सर्किल के सीएसपी संचालकों के प्रयासों की खुले हृदय से सराहना भी की।

उन्होंने अपने सभी सहकर्मियों की मेहनत को सम्मान देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वेदाबाग सिस्टम लिमिटेड के सुमन सौरभ सहित आठ असिस्टेंट रीजनल मैनेजरों की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2021-22 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारिओं को मेडल, शील्ड अन्य वस्तुओं को देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात है कि वेदावाग सिस्टम्स ने समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 239.54 प्रतिशत के साथ 20 राष्ट्रीय बीसीएस में अटल पेंशन योजना के साइनिंग स्टार अभियान में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव भी हांसिल किया है।

यहाँ उलेख्नीय है कि 20 राष्ट्रीय बीसीएस में से मात्र 6 बीसीएस 100 प्रतिशत से अधिक सफलता प्राप्त की है, जबकि आठ की सफलता 50 प्रतिशत से कम रही है।

# केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह ने माँ ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



● करीब 55 लोगों ने भविष्य में रक्तदान करने हेतु अपने ब्लड ग्रुप की करवाई जांच

माँ ब्लड सेंटर प्रांगण के तीसरे तल्ले पर माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का उद्घघाटन केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह ने करते हुए कहा कि समिति बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर रही है' संस्था को किसी भी प्रकार के कोई सहायता की आवश्यकता होगी, उसे पूरा करने और करवाने में मैं बढ़ चढ़ कर साथ रहूंगा' भारत सरकार से भी इस सेंटर को हर प्रकार की यथा सम्भव मदद करवाने का आश्वासन देता हूँ।

रक्तदान शिविर के दौरान ऊर्जा मंत्री ने पुरे ब्लड सेन्टर का भ्रमण किया और रक्तदान के क्षेत्र में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के रक्तदान शिविर में आए लोगों का उत्साह वर्धन किया और सभी रक्तवीरो को सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज सेवा में अलग- अलग क्षेत्रो से समाज मे उत्कृष्ट कार्य कर रहे करीब 25 संस्थाओं और अन्य को भी सम्मानित किया गया। मौके पर करीब 70 लोगो ने अपनी जांच करायी और उसके बाद 48 लोगो द्वारा रक्तदान किया गया। मौके पर करीब 55 लोगों ने भविष्य में रक्तदान करने हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और अपने ब्लड ग्रुप की जांच करवा कर कार्ड अपने पास रखा ताकि भविष्य में वो रक्त दान कर सके। साथ ही 30 नौजवानों ने माँ ब्लड सेन्टर में अपना नाम एवं मोबाइल नंबर नोट करवाया और कहा कि कभी भी जब जरूरत हो तो आधी रात को भी हम रक्तदान के लिए तैयार मिलेंगे।

मौके पर रक्तदान शिविर में एएन कॉलेज के प्राचार्य एसपी शाही, धीरेंद्र सिंह, बिट्टू सिंह, किशोर जी, मनीष कुमार सिंह के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में रक्तवीरों द्वारा किये गए रक्तदान को थलेसिमिया पीड़ित बच्चों और गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों के लिए माँ ब्लड सेंटर में जमा किया गया।

अतिथियों का स्वागत व मंच संचालन कृष्ण मुरारी अग्रवाल द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष जगजीवन सिंह (बबलू) सचिव कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ओर कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल एवं माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## संक्षिप्त खबरें

### बोचहां विधानसभा उपचुनाव में राजद की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

दलसिंहसराय, समस्तीपुर। बोचहां विधानसभा उपचुनाव में राजद की शानदार जीत पर दलसिंहसराय के राजद कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर, एक-दूसरे की मिठाई खिलाकर व पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि वीआईपी के विधायक रहे मुसाफिर पासवान के असामयिक निधन के कारण रिक्त हुई बोचहां सीट के लिए उपचुनाव कराया गया था। मतगणना शनिवार को संपन्न हुई जिसमें राजद प्रत्याशी अमर पासवान ने भाजपा प्रत्याशी देवी कुमारी को भारी मतों के अंतर से पराजित कर दिया। राजद प्रत्याशी अमर पासवान को 82562 मत मिले, वहीं भाजपा की प्रत्याशी बेबी कुमारी को 45909 और वीआईपी की गीता कुमारी को 29279 मत प्राप्त हुए।

### विद्यालय में हजार्ड हंट वज्रपात से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समस्तीपुर। समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम सुरक्षित शनिवार के तहत विभाग के निदेर्शानुसार वार्षिक सारणी के अनुसार हजार्ड हंट वज्रपात से संबंधित जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सहिन्द्र राम एवं विमल कुमार साह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चरण कर्पूरी महाविद्यालय समस्तीपुर के प्राध्यापक विजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनमें सकारात्मक उर्जा का संचार किया एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित कई गुर को सिखाया। इस अवसर पर नामित फोकल शिक्षक कंचन कुमारी एवं बीवी शकीला रहमान ने बच्चों को बिजली से घात, जलजमाव से परेशानी, वज्रपात से बचाव आदि की जानकारी दी।

### चकजाफर गांव में अचानक हुई अगलगी की घटना में 3 घर जले हजारों का नुकसान

कल्याणपुर। थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खजूरी पंचायत के चकजाफर गांव में अचानक हुई अगलगी की घटना में 3 घर जलकर राख हो गया जिसमें हजारों रुपए की क्षति होने के बाद लोगों ने बताई है। स्थानीय लोगों का बताना है कि गृह स्वामी सभी अपने अपने कार्य के लिए बाहर गया हुआ था उसी दौरान अचानक हुई एक घर से धुंध जब तक मौके पर पहुंचते तब तक देखते ही देखते आग की लपट काफी तेज हो गई और तीन घर को अपने अंदर लिपट लिया। इसी दौरान कुछ लोगों ने इसकी जानकारी अग्निशामक टीम को दी जब तक अग्निशामक टीम मौके पर पहुंचे कब तक स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। परंतु घर में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया।

### पिकअप की ठोकर से छात्रा जख्मी डीएमसीएच रेफर

कल्याणपुर। थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पद के कल्याणपुर चौक के समीप पिकअप की ठोकर से एक छात्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने छात्रा के उपचार के दौरान उसकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीएमसीएच दरभंगा के लिए रेफर कर दिया है जहां जख्मी छात्रा का इलाज जारी है।

# एसएफआई ने प्रधानाध्यापक के अवैध वसूली व मनमानी के विरुद्ध दिया धरना




विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई के द्वारा प्रखंड के राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय मिश्रौलिया में मैट्रिक कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा में बोर्ड द्वारा तय राशि से 300 से 500 अधिक लेने, सीएलसी, मूल प्रमाण पत्र, औपबंधिक प्रमाण पत्र सहित अन्य कागजात पर अवैध उगाही करने, बिना सीएलसी का 11वीं कक्षा में नामांकित छात्रों का नामांकन रद्द करने, कोविड 19 में कंपार्टमेंटल परीक्षा नहीं होने के कारण विभागीय आदेश के बाद भी छात्रों को राशि वापस नहीं करने, विधायक कोष से प्राप्त पुस्तकों को व्यक्तिगत आवास पर रखने, एनआईओएस 2018 के ट्रेनर की राशि का गबन करने, विद्यालय को मिला अनुदान जैसे विज्ञान फर्नीचर, म्यूजिकल उपक्रम, स्मार्ट क्लास सामग्री आदि की खरीद में धांधली, आरक्षण कोटि के छात्रों के साथ मनमानी करने, विद्यालय में बराबर गायब रह कर उपस्थिति पंजी से छेड़छाड़ करने आदि के खिलाफ धरना दिया गया। मौके पर जिला कमेटी सदस्य चंदन कुमार की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया।

**धरना**

- तीन विषयों के 3 हजार रुपए नहीं दे पाए निर्धन अभिभावक, छात्रा रह गई परीक्षा से वंचित

इस सभा को जिला मंत्री आनंद कुमार, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार, पूर्व जिला मंत्री संजय कुमार, पूर्व जिला मंत्री सुबोध कुमार, डीवाईएफआई नेता बबलू कुमार, नीलकमल आदि ने संबोधित किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए एसएफआई जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि हमने प्रधानाध्यापक की शिकायत जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं स्थानीय विधायक से की है। यदि एक सप्ताह के अंदर जिला स्तर के सक्षम पदाधिकारी इस प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो एसएफआई के उनके समक्ष प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। जिसका जिम्मेवार स्वयं पदाधिकरी होंगे। मौके पर नीतीश ठाकुर, पंकज कुमार, अवधेश कुमार, प्रियांशु कुमार, नीरज कुमार, राजेश कुमार, आशा कुमारी, मनीषा कुमारी, संजीत कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कंपार्टमेंट फॉर्म भरने के मांगे गए 3 हजार रुपए, छात्रा ने लगाया आरोप

छात्राओं से विद्यालय के प्रधान ने कम्पार्टमेंट में फॉर्म भरने के लिए तीन हजार रुपये की डिमांड की थी। लेकिन छात्रा के निर्धन अभिभावक देने में असक्षम हुए। जिसके कारण उन्हें फॉर्म नहीं भरने दिया गया। यह जानकारी देते हुए मिश्रौलिया की छात्रा मनीषा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताई है कि वह मैट्रिक परीक्षा 2022 के रिजल्ट में हिंदी, संस्कृत एवं गणित में फेल हो गई थी। उसने कंपार्टमेंट के परीक्षा देने के लिए अपने विद्यालय के प्रधान अशोक कुमार साह से निवेदन किया तो उनके द्वारा 3 हजार रुपए फॉर्म भरने के नाम पर मांगा गया। छात्रा के अभिभावक अत्यंत ही गरीब परिवार से आते है। उनके पिता मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। वे प्रधानाध्यापक को रुपए नहीं दे सके, जिसके कारण छात्रा परीक्षा से वंचित रह गई। छात्रा का भविष्य अधर में लटक गया और वह कंपार्टमेंट की परीक्षा देने में असफल रही। उन्होंने अपनी शिकायत एसएफआई के कार्यकताओं एवं पत्रकारों से रो-रोकर कर की।

### बिना सूचना व प्रभार सौंपे प्रधानाध्यापक रविवार की भी अपनी उपस्थिति बनाकर विद्यालय से चले गये

विद्यालय परिसर में एसएफआई के कार्यकताओं के द्वारा प्रधानाध्यापक के खिलाफ धरना की सूचना पूर्व से उनको दिया गया था। धरनार्थियों ने अपने निर्धारित समय में विद्यालय प्रधान कार्यालय के समक्ष अपना बैनर पोस्टर लगाकर धरना-प्रदर्शन प्रारंभ किया। इसी दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचकर शनिवार एवं रविवार दोनों की हाजिरी बनाकर बिना किसी के प्रभार दिए विद्यालय छोड़कर चले गए। जानकारी लेने पर पता चला कि धरना प्रदर्शन से विचलित होकर शनिवार के बदले रविवार को भी अपना हस्ताक्षर उपस्थिति पंजी पर बना दिया। बिना किसी सूचना एवं प्रभार दिए यहां से चले गए। वे किस कार्य से विद्यालय से गए इसकी भी जानकारी विद्यालय की किसी भी कर्मियों को नहीं है। उनके जाने के घंटों बीत जाने के बाद दूरभाष पर वरीय शिक्षक को विद्यालय का चार्ज देने के लिए अपने परिचारी को बताते हुए पत्र रिसीव करने की बात कही। वहीं वरीय शिक्षक इस तरह से प्रभाव लेने से इंकार कर दिया।

### सोनपुर डीआरएम ने दलसिंहसराय स्टेशन का किया औचक निरीक्षण



**दलसिंहसराय, समस्तीपुर।** सोनपुर रेल मंडल के डीआरएम नीलमणि ने शनिवार को दलसिंहसराय स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने स्टेशन कार्यालय का निरीक्षण करते हुए स्टेशन अधीक्षक अर्जुन सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं उन्होंने प्लेटफार्म, पानी टंकी, शीतल पेय जल, यात्री विश्रामालय, शौचालय सहित रेल पटरी को मीटरगेज से निरीक्षण किया। मौके पर सम्बंधित अधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर एडीआरएम मुरली मनोहर, सीपीडब्लूआई अब्दुल सलाम, टीआई सूर्यकांत चौधरी, सीनियर डीईएन संजय कुमार सिंह, डीईएन 3 मंटू कुमार एवं कमांडेंट श्रीनिवासन सहित अन्य रेल कर्मी मौजूद थे।

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव कार्यक्रम में जिले से 5 हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय स्वाभिमान जागृति समिति बिहार के द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 23 अप्रैल 2022 को स्वतंत्रता संग्राम महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर जगदीशपुर, भोजपुर में आयोजित विजयोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में समस्तीपुर से व्यापक भागीदारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर जिला का बैठक शनिवार को जिला कार्यालय हरपुर ऐलौथ समस्तीपुर में हुआ। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा ने किया। इस बैठक में समस्तीपुर से पांच हजार लोगों के साथ विजयोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक दायित्व दिया गया है।

बैठक में रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान, नवनिर्वाचित एमएलसी डॉ तरुण कुमार, भाजपा नेता प्रोफेसर शील कुमार राय, जिला महामंत्री प्रभात कुमार ठाकुर, राजीव कुमार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, सुनील कुमार राय, रामयाज शान्डिल, मंत्री शिव शंकर चौधरी, जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, नीरज चौधरी, हीरा पासवान, जय प्रकाश राय, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष जगदेव राम, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभू प्रसाद साह, विजय शंकर ठाकुर, राजू पटेल, वीरेंद्र यादव, दीपक सत्यार्थी, बैजनाथ झा, राजकुमार राय सहित जिला के विधानसभा प्रभारी, मंडल प्रभारी, जिला के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## मारपीट में घायल युवक ने थाना में आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार

रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता



रोसड़ा थाना क्षेत्र के तेलिया राही निवासी सुजीत कुमार के द्वारा उनके ऊपर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर देने के विरुद्ध रोसड़ा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। रोसड़ा थाना अध्यक्ष को दिए आवेदन में उन्होंने रोसड़ा थाना क्षेत्र के तेलिया राही निवासी राम विलास यादव उर्फ बिल्ली लाल यादव, राजाराम यादव, मिथिलेश यादव उर्फ खुटरा, गुड्डू कुमार, विजय यादव उर्फ बिजला को आरोपित किया है। आवेदन में बताया कि वे सभी एक राय कर सड़क पर चले आए और उन लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब उनके द्वारा इस बात का विरोध किया गया तो आरोपितों में से एक राजाराम यादव ने कहा कि क्या देखते हो जान से मार दो इसे। इसके बाद लोहे के धारदार एक कत्ता से जान मारने की नियत से उनके ऊपर चला दिया गया, जो उनके सिर पर लगा।जिसके बाद उन लोगों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से उन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा गंभीर हालत में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद उन्होंने रोसड़ा थाना में आवेदन देते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### बीड़ी के पत्ता से लदे पिकअप वैन में लगी आग

**दलसिंहसराय, समस्तीपुर।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ 28 पगरा चौक के समीप स्थित एक बीड़ी गोदाम परिसर में ट्रक पर लदे बीड़ी पत्ता को दूसरे पिकअप भान पर बीड़ी पत्ता को लोड करते समय अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपट तेज हो गई। जिसे गोदाम में कार्यरत मजदूर एवं अगल बगल के ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुँची थाने की पुलिस ने भी जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि एसके जसरूद्दीन बीड़ी कम्पनी का निजी किराये पर लिये गए गोदाम में ट्रक से बीड़ी पत्ता को पिकअप भान में अनलोडिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपट तेज हो गई। इससे मजदूर एवं अगल बगल के लोगों ने किसी तरह आग पर चापाकल एवं पाइप से आग काबू पाया गया और एक बड़ी घटना होते होते बच गई। वही कोई कंपनी के लोग के आकलन के साथ-साथ आग कैसे लगी उसकी जानकारी में जुटे थे स्पष्ट रूप से कोई भी यह नहीं बदला पा रहे थे की आग कैसे लगी।

## रालोजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



शहर के रामबाबू चौक स्थित राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी नगर कार्यालय में शनिवार को वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती समारोह के अध्यक्षता रालोजपा के अनुसूचित जाति-जनजाति के जिलाध्यक्ष राजा पासवान एवं संचालन नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने किया।

जयंती समारोह में उपस्थित रालोजपा कार्यकर्ताओं ने सामाजिक विषमता और अन्याय के विरुद्ध लड़ने बाले वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल के चित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर उनके कार्यों को याद किया। मौके पर जयंती समारोह को संबोधित करते हुए रालोजपा नगर अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि बाबा चौहरमल का जन्म तकरीबन छह-सात सौ वर्ष पूर्व पटना जिले के मोकामा क्षेत्र में हुआ था।

बाबा चौहरमल ने अत्याचारों व सामाजिक असमानता के विरुद्ध कई लड़ाइयां लड़ी। उन्होंने कहा कि हम ऐसे दुर्लभ व्यक्ति को सहेज नहीं पाते हैं। बाबा चौहरमल सब के थे। लिहाजा वे सब के लिए पूज्य हैं। बाबा चौहरमल की जयंती समारोह में प्रदेश रालोजपा उपाध्यक्ष विनय चौधरी, जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, रालोजपा महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रिना सहनी, डॉ विनोद सिंह, मायाशंकर प्रसाद, जयनारायण राय, जीवछ पासवान, कुणाल राम, रवि झा, राजीव दास, कमलेश पासवान, गंगा पासवान, चन्देश्वर पासवान एवं विमला देवी सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वार्ड सचिव के चुनाव में गडबड़ी को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

**विभूतिपुर, समस्तीपुर।** विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज महिषी वार्ड 7 मे वार्ड सचिव के चुनाव मे गडबड़ी को लेकर परमानन्द झा व प्रीति कुमारी ने बीडीओ को लिखित आवेदन दिया है। बताया गया कि पंचायत के वार्ड 7 के चुनाव मे वार्ड 8 के अजित कुमार झा नाम के व्यक्ति का चयन कर लिया गया है। जबकि नियम है कि जिस वार्ड का चुनाव होना है उसी वार्ड से सचिव का चुनाव करना है। लेकिन वार्ड सदस्या का कहना हुआ कि हम सत्यापित करेंगे कि उक्त चयनित व्यक्ति वार्ड 7 का ही है। वही पंचायत सेवक का कहना था कि अगर अजित कुमार झा का नाम वार्ड 7 मे नही होगा तो चयन के बाद भी अयोग्य घोषित किया जाएगा। लेकिन ऐसा नही किया गया। चुनाव के बाद सीधा रिजल्ट सुना दिया गया।

## कलयुग में हरिनाम और कथा का श्रवण ही सुलभ उपाय : साध्वी प्रेमा

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड के महमदपुर सकड़ा पंचायत के वार्ड 9 सहनी व दास टोले में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत अमृत कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को फीता काटकर जिला पार्षद ममता कुमारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सहनी ने किया।

मौके पर यजमान दुःखन सहनी, रामकली देवी, राजीव रंजन, पूर्व मुखिया सुशीला देवी, डॉ नंदकुमार सुधाकर, आचार्य सुबोध झा कृष्णागिरी, विनोद गिरी, अमरजीत गिरी, माधो सहनी, तेज नारायण सहनी, अनिल सहनी आदि थे। उदघाटन के बाद कथा वाचिका साध्वी प्रेमा भक्ति ने प्रवचन करते हुए कहा कि कलयुग केवल नाम अधारा, सुमर सुमर जन उतरे पारा।

कलयुग में केवल भगवान का नाम और हरि कीर्तन और कथा का श्रवण ही एकमात्र मानव के कल्याण का आधार है। उन्होंने भागवत कथा महात्मा की चर्चा करते हुए कहा है कि भगवान के नाम का स्मरण और भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन धन्य हो जाता है और दोनों लोक भी सुधर जाता है। उन्होंने सुखदेवजी महाराज द्वारा राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाने के प्रसंग की व्याख्या की। कथा आरंभ होने से पूर्व कलश शोभा यात्रा भी निकाली गई। जिसमें कुवारी कन्याओं ने भाग लिया।

## मेधा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता




विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय चोचाही भरपुरा में मेधा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2022 में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रधान राम प्रकाश सिंह ने किया।

वहीं मुख्य अतिथि के रूप में विभूतिपुर सीपीआईएम विधायक कॉ अजय कुमार, भरपुरा पटपारा पंचायत के मुखिया भगवान साह, उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ ललितेश्वर प्रसाद कर रहे थे। विद्यालय के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चे मोनाली राज ने 460 अंक प्राप्त किया, वहीं अभिषेक कुमार 459 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं राजू कुमार 429 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही इस विद्यालय के 36 बच्चो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र 24 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 11 को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में शिक्षक राजेश कुमार कैलाश प्रसाद सिंह, संतोष कुमार, हरिओम कुमार, वहीं शिक्षक नेता दिलीप कुमार राम बाबू सिंह हरिनंदन राम, मंजू, शीला, पम्मी, रेणु कुमारी, विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष लीला देवी सचिव अनिता देवी प्रवीण आदि उपस्थित थे।

## बोचहां विस उपचुनाव राजद प्रत्याशी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाला विजयी जुलूस

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता




बोचहां विधानसभा उपचुनाव में राजद प्रत्याशी अमर पासवान की शानदार जीत पर राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कर्पूरी आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय से स्टेडियम गोलंबर तक गगनवेदी नारों के साथ विजयी जुलुस निकाला। मौके पर पटाखा छोड़ा गया, मिठाई वितरित की गयी तथा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने कहा कि इस जीत से पता चलता है कि भाजपा अजेय नहीं है। चुनाव परिणाम से धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक पार्टियों की सोच पर प्रभाव पड़ेगा ताकि वे भाजपा को पराजित करने के लक्ष्य के मद्देनजर एक समुचित चुनावी रणनीति बना सकें। उन्होंने कहा कि यह जीत धर्म निरपेक्षता, सामाजिक न्याय और सदभाव की जीत है। अमर पासवान की शानदार जीत इस बात की परिचायक है कि राजद ए-टू-जेड की पार्टी है। बिहार में अब नये समीकरण की शुरूआत हो गयी है। उन्होंने कहा कि बोचहां की महान जनता ने सुनिश्चित कर दिया है कि भाजपा की अहंकार एवं पाखंड की राजनीति का हर जगह अवसान तय है। भाजपा की उल्टी गिनती अब प्रारम्भ हो गयी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन युवा राजद के प्रदेश महासचिव पप्पू यादव ने की। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, युवा राजद के प्रदेश महासचिव पप्पू यादव, राजद मजदूर सेल के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चन्देल, कार्यालय सचिव रोशन यादव, जिला राजद नेता ज्योतिष महतो, भिखारी लाल सिंह, रविन्द्र कुमार रवि, छात्र राजद के प्रांतीय नेता मुकेश यादव, वकील राय, रंजीत कुमार रम्भू, रिंकू सिंह, सैयद फैसल आलम मन्नू, मो० महफूज आलम सोनू, संदीप सरकार, सुनील यादव, राजेश कुमार तथा रामकुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

**घटना**

- भाजपा अजेय नहीं, उसकी अहंकार और पाखंड की राजनीति का हर जगह अवसान तय : राजेंद्र सहनी

## बकाया पैसा मांगने पर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के नाजिरपुर वार्ड 11 निवासी मो० यासीन मियां के 38 वर्षीय पुत्र मो० इस्लाम का शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ। इस बाबत उसकी पत्नी शाहिदा खातून ने बताया कि उसका पति मो० इस्लाम राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था। उसने बताया कि पूर्व में उसके पति, संजय सिंह ठेकेदार के पास काम किया करते थे। शाहिदा के मुताबिक उसके पति का लगभग 5 लाखों रुपए ठेकेदार के यहां बकाया था। जिसके मांगने पर ठेकेदार संजय सिंह ने उसके पति को फोन कर कहा कि उसे आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में काम मिला है। इसलिए तुम यहां आ जाओ, यहां तुम्हें नया काम मिलेगा और तुम्हारे पिछले बकाए का भी हिसाब कर दिया जाएगा। शाहिदा के मुताबिक ठेकेदार संजय सिंह के द्वारा उनके परिवार के सभी सदस्यों का टिकट बनवा कर समस्तीपुर भेज दिया गया और इस्लाम को विजयवाड़ा बुला लिया गया। शाहिदा ने बताया कि तीन दिन पूर्व उसके पति इस्लाम ने उसे फोन कर कहा कि साजिश के तहत ठेकेदार संजय सिंह ने उसे विजयवाड़ा बुला लिया है।

जहां वह उसके साथ मारपीट करता है। शाहिदा ने कहा कि उसके पति ने फोन पर कहा कि वह उससे फिर बाद में बात करेगा। वहीं 2 दिन पूर्व पुलिस का फोन आया कि इस्लाम की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई मिली है। इस्लाम की पत्नी का कहना है कि पैसे के खातिर उसके पति की हत्या ठेकेदार के द्वारा की गई है और सच को छुपाने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया।

**हत्या**

- पत्नी का आरोप है कि पति की हत्या ठेकेदार के द्वारा की गई है

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह दिवस के अवसर पर योगाभ्यास, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

बेतिया। अग्निशमन सुरक्षा दिवस के अवसर पर जिले के पुलिस लाइन मे अग्निशमालय के कर्मियों के द्वारा योगा अभ्यास एवं बॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजन कर जागरूकता अभियान चलाया गया उक्त बातों की जानकारी रमेश कुमार यादव अग्निशमन पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि सामान दिवस के अवसर पर उक्त पर योगिता का आयोजन किया गया है जिससे आम लोगों में जागरूकता आए और आगजनी की घटनाएं कम हो, इस मौके पर अग्निशमन विभाग के सभी कर्मियों पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सप्तम क्लास के छात्र ने बना डाला कागज का एटीएम मशीन

बेतिया। जी हां, चंपारण में हुनरमंदों की कमी नहीं और यह प्रमाण एलांजा इंस्टिट्यूट के कक्षा सप्तम में पढ़ने वाले लव कुमार ने कर दिखाया उन्होंने मात्र 2 दिनों में कागज का एटीएम मशीन बना डाला जो एटीएम की तरह कार्ड डालने पर निकासी शुरू कर देता है इस संबंध में लव ने बताया कि वे आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। बता दें कि लव के पिता दयानंद सिंह एक साधारण किसान है वही उक्त कोचिंग संस्थान में बाहर के फैकल्टी टीचरों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिक्षा बच्चों को दी जाती है उसका परिणाम आज उभर कर सामने आया वही एलांजा इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर कुंदन कुमार पाठक ने बताया कि उनके यहां एक ही छत के नीचे मेडिकल नेट इंजीनियरिंग तथा बैंकिंग तैयारी की पढ़ाई कम उम्र में ही बच्चों को कोर्स के साथ स्टार एक्टिविटी के रूप में दी जाती है।

### विधानसभा उपचुनाव में हुई जीत पर मजदूरों ने जतायी खुशी

बेतिया। मुजफ्फरपुर जिला के वो चाहा विधानसभा के उपचुनाव में राजद के प्रत्याशी अमर पासवान की शानदार जीत पर बेतिया के ऑल इंडिया फूड एफसीआई वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष नागेश्वर पासवान के अध्यक्षता में यूनियन के मजदूरों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए एवं मिठाई खिलाते हुए खुशी जाहिर की इस संबंध में नागेश्वर पासवान ने बताया राजद के टिकट पर जीते विधायक अमर पासवान यूनियन से काफी दिनों से जुड़े थे और मजदूरों की हक की लड़ाई के लिए कई बार आवाज भी उठाए थे आज मजदूरों ने अपनी एकता दिखाते हुए उन्हें विधानसभा की चुनाव में उनका साथ देकर अपनी एकता का परिचय दे दिया।

# हारकर भी जीते सहनी, जनता की मदद से भाजपा को दी पटकनी

## बोचहां का चुनाव हार कर भी निषादों के बड़े नेता बनकर उभरे मुकेश सहनी

ब्रह्मानन्द ठाकुर, प्रात: किरण संवाददाता



**उपचुनाव**
- सहनी मतदाताओं ने एनडीए का साथ छोड़ा

**मुजफ्फरपुर।** बोचहां विधानसभा उपचुनाव के रिजल्ट से यह साफ हो गया है कि मुकेश सहनी का प्रभाव आज भी उनके जाति के अंदर कूट-कूट कर भरा हुआ है। पिछले चुनाव में मुकेश सहनी एनडीए के हिस्सा थे और मुकेश सहनी के साथ रहने से एनडीए को इसका फायदा भी मिला था।

भले ही बंटवारे के कारण बोचहाँ कि सीट वीआईपी के खाते में चली गई थी मगर वीआईपी उम्मीदवार मुसाफिर पासवान ने उस सीट पर अपनी जीत हासिल कर ली थी। मुकेश सहनी का दावा था कि सहनी मतदाताओं का वोट मुकेश सहनी की वजह से मिला था। जबकि भाजपा में जो निषाद समाज के नेता हैं, खासकर मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद। उनका यह दावा था कि भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के वजह से और मुजफ्फरपुर सांसद अजय निषाद के प्रभाव के कारण वहां के मतदाता मुसाफिर पासवान को वोट दिए थे। परिस्थितिवश बोचहां में उपचुनाव कराने की नौबत आ गई। पूर्व विधायक की मृत्यु और नए चुनाव होने के बीच ही उत्तर प्रदेश में चुनाव की रणभेरी बज गई थी। मुकेश साहनी अपनी महत्वाकांक्षा को दवा नहीं पाए और वे उत्तर प्रदेश चुनाव लड़ने चले गए।

मुजफ्फरपुर के सांसद अजय निषाद जो मुकेश सहनी के स्वजाति भी हैं, उन्होंने उत्तर प्रदेश में मुकेश सहनी के चुनाव लड़ने का भरपूर विरोध किया और उसी को आधार बनाकर बोचहाँ चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के विरोध में मोर्चा खोल दिया। दरअसल भाजपा के सांसद एक तीर से दो निशाना करने के प्रयास में लग गए यदि मुकेश सहनी को बोचहा में हार मिलती है और भाजपा के प्रत्याशी की जीत हो जाती तो निश्चित रूप से अजय निषाद का कद बिहार भाजपा में एक बड़े निषाद नेता के रूप में बन जाता। इस तरह एनडीए के अंदर अजय निषाद एक बड़े निषाद नेता के रूप में उभर कर सामने आते और भाजपा के बड़े केंद्रीय नेताओं के द्वारा इन्हें महत्वपूर्ण पद मिलने की संभावना बन रही थी।

एक तरफ एक बड़े पद की लालसा और दूसरी और एक अपने स्वजातीय नेता को आगे बढ़ने से रोक देना इस कार्य में मुजफ्फरपुर सांसद सफल नहीं हो पाए। जनता ने सीधे तौर पर मुकेश सहनी को तो नकारा है साथ ही भाजपा के एक खास वर्ग को भी नकार दिया है। आज भाजपा प्रत्यासी की हार मुकेश सहनी की जीत ही कही जाएगी। क्योंकि यदि मुकेश सहनी का प्रत्यासी नही जीता तो भाजपा भी नही जीत पाई। मुकेश सहनी ने भाजपा उम्मीदवार के हार जीत के फासले को काफी चौड़ा कर दिया है। बिहार भाजपा का यह उन्ही नेताओं का चेहरा है जो भाजपा के मूल सिद्धांत सबका साथ सबका विकास से हटकर अगड़ी पिछड़ी के हिसाब से केवल पिछड़ों का साथ और पिछड़ों के विकास किया करते थे।

इन नेताओं के दिल के अंदर कुछ और तथा जुबां पर कुछ और बातें होती थी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को गुमराह कर बिहार भाजपा के अंदर सवर्णों को टारगेट करने वाले और अपनी राजनीतिक बिसात बिछा कर सवर्णों का नाश करने का मन बना देने वाले भाजपा के इस चौकड़ी की चालाकी मुजफ्फरपुर की जनता भली-भांति समझ चुकी थी। राजद ने एमएलसी चुनाव में इन चीजों को देखते हुए एक बड़ा शतरंज का चाल खेला और बिहार की राजनीति से उपेक्षित किए जा रहे भूमिहार समाज को एमएलसी का 5-5 उम्मीदवारी देकर राजद ने ब्रह्मर्षि कार्ड खेल दिया। इस कार्ड ने भूमिहार वर्ग को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया। बिहार भाजपा के रवैए से खुद को अपमानित महसूस कर रहे भूमिहारों ने अपने स्टैंड को बदला और वे राजद के साथ हो लिए।

# शहर बना योग स्पोर्ट्स के अभ्यास का केंद्र

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



**कार्यक्रम**
- योग का खेल दिलाएगा ओलंपिक में पदक
- बच्चों के लिए योग स्पोर्ट्स है योग का नया स्वरूप

बच्चों कें जीवन में समग्रता, पढाई में एकाग्रता, कार्यों की कुशलता के लिए योगासन का अभ्यास बहुत जरूरी है, पढ़ाई के साथ योगाभ्यास की आदत लगाना वर्तमान समय की मांग हैं। योग के द्वारा सरल से जटिल तक के प्रत्येक रोगों का निदान संभव है जो कि पहले से ही बहुत लोकप्रिय हो चुका है और ज्यातर वयस्क योगाभ्यास को जीवनचर्या में अपनाएं हुए हैं तो वहीं विद्यार्थियों के कैरियर के लिए योग को स्पोर्ट्स में शामिल कर आयुष मंत्रालय और खेल मंत्रालय ने योग के बारे में जागरूकता फैलाने, इससे होने वाले लाभों और युवाओं के बीच अनुशासन की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि को साकार करने की दिशा में काम किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पहल से योग को खेलो इंडिया में शामिल कर योगासन को विश्व स्तर पर कम्पटेटिव स्पोर्टस के रूप में मान्यता देकर योग को ओलंपिक खेलों में हिस्सा बनाया हैं उक्त बातें पश्चिम चंपारण योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन के सचिव एवं योग स्पोर्टस एकेडमी के संचालक पवन कुमार नें हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के कोतवाली चौक स्थित योग स्पोर्टस एकेडमी के उद्घाटन के समय कहा।

नेशनल योग रेफरी सह संचालक पवन कुमार ने बताया कि योगासन के स्पोर्टस के रुप में मान्याता मिलने पर बच्चों में असंख्य स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना हैं। इसी उद्देश्य की पुर्ति हेतु कोतवाली चौक काली मंदिर के पास 05 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चे - बच्चियों के लिए जिला का पहला योग स्पोर्टस एकेडमी को स्थायी रुप से संचालित किया जा रहा है जिसमें स्कुल जाने वाले विद्यार्थियों के लिए शाम में प्रशिक्षण का समय रखा गया हैं। इसमें बच्चों को एडवांस योग, एक्रो योग एवं जिम्नास्टिक योग को सिखाया जाना है। जिससे कि योगासनों से बच्चों के शारीरिक व मानसिक रुप से समग्र विकास, शारीरिक लम्बाई में वृद्धि एवं उम्र के अनुसार उचित वजन, इम्यूनिटी पावर की बढोतरी एवं समस्त रोगों से बचाव, बुरी आदतों से मुक्ति व अच्छी आदतों में वृद्धि, सकारात्मक सोच व मानसिकता में वृद्धि, शारीरिक सौंदर्य में निखार के साथ-साथ सत्र 2022-23 में होने वाले जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के योग कॉम्पिटीशन की प्रशिक्षण एवं तैयारी हेतु निःशुल्क पंजीकरण प्रारंभ किया गया हैं। जिसमें बच्चे-बच्चियां 10-15 दिनों के लिए निःशुल्क रुप से भाग लेकर Yogasana Sports Syllabus को समझ सकेंगे और शहर से लेकर ग्रामीण स्तर तक के योग से जुड़े प्रतिभाओं को पहचान कर उसके लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था कर उन्हें ओलंपिक स्तर के लिए तैयार करने में एकेडमी की सक्रीय भूमिका रहेगी। गायत्रीपीठ के मुख्य आचार्य अजय शास्त्री के द्वारा विधिवत यज्ञ- हवन के से उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। वहीं शाम में आमजन के लिए योग के लाभों पर चर्चा का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कुमार शशि-भूषण, योग शिक्षका इंदू देवी, रितेश कुमार एकेडमी की छात्रा आस्था गुप्ता, अनन्या, ओजस्वी, राधिका, दिव्यांश, अंकित इत्यादि उपस्थित रहें।

# गंडक पार के मधुबनी में हनुमान जन्मोत्सव का किया गया आयोजन

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

बगहा अनुमंडल अंतर्गत गंडक पार के मधुबनी प्रखंड स्थित राजकीयकृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय के निज निवास पर, श्री हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि, चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव पर्व आज शनिवार को मनाया जा रहा है।

चोला चढ़ाने के बाद हनुमान जी को गुलाब के फूल की माला पहनाया गया। तथा तुलसी की माला से राम रामम रामेति रमे रामे मनोरमे, सहस्त्रनाम तत्तुन्यं राम नाम वरानने का जप किया गया। इसके बाद दर्जनों लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूर्व प्राचार्य ने बताया कि श्रीराम के अनन्य भक्त हैं श्री हनुमान। उनकी भक्ति सभी के लिए अनुकरणीय है ! श्री हनुमान को भक्त शिरोमणि भी कहा जाता है। कहते हैं जहां भी श्री राम की वंदना होती है, वहां श्री हनुमान अवश्य मौजूद रहते हैं। इसीलिए हनुमानजी को हिंदू देवी -देवताओं में प्रमुख स्थान प्राप्त है। इनके पिता का नाम केशरी था, इनकी माता का नाम अंजना था, इस कारण हनुमान को आंजनेय भी कहते हैं।

आज सूर्योदय से पहले ही मंदिरों में हनुमान भक्त जमा होने लगे तथा आध्यात्मिक स्मृतियों और बुराई पर अच्छाई के जीत के बारे में परिचर्चा करते हुए जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर ₹के साथ हनुमान चालीसा पाठ करके रक्षा कवच बनाने लगे। हनुमान जी की कृपा पाने का यह एक अचूक उपाय है।

# ग्लोबल एक्सचेंज फैलोशिप के अंतर्गत सीयूएसबी के डॉ. सुमित ने दक्षिण अफ्रीका का किया दौरा

गया, प्रात: किरण संवाददाता

हाल के दिनों दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने में प्रयासरत है और अनुसंधान परियोजनाओं और संबंधित क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इस प्रयास को जारी रखते हुए सीयूएसबी के राजनीतिक अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० सुमित कुमार पाठक यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रतिष्ठित फैलोशिप को प्राप्त करने में सफल रहे और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में एक अहम बैठक में शामिल होने का मौका मिला।

डॉ० पाठक को ग्लोबल एक्सचेंज ऑन रिलिजन सोसाइटी (जीईआरआईएस), यूरोपीय संघ (ईयू) की फैलोशिप से सम्मानित किया गया। सीयूएसबी के कुलपति प्रो० कामेश्वर नाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाओं के साथ डॉ० पाठक को बधाई दी है।

जीईआरआईएस यूरोपीय संघ की प्रतिष्ठित फैलोशिप है जिसका प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को एक-दूसरे के करीब लाना और साझा जीवन शैली के माध्यम से सह-अस्तित्व के सकारात्मक उपाय ढूढ़ने हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए यूरोपीय संघ के एक प्रतिनिधिमंडल को 'साझा नागरिकता' के मूल विषय के साथ एक अध्ययन दल के रूप में दक्षिण अफ्रीका भेजा गया था। सीयूएसबी से डॉ० पाठक 02-10 अप्रैल, 2022 के दौरान दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का दौरा करने वाले यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। डॉ.पाठक ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व 13 देशों ने किया था, जिसके अंतर्गत जोहान्सबर्ग और केप टाउन में विभिन्न हितधारकों के साथ लंबी बैठक/चर्चा की गई जिनमें इंटरनेशनल आर्गेनाईजेशन ऑफ माइग्रेशन (आईओएम) के साथ विभिन्न प्रवासी समुदाय, शरणार्थियों और प्रवासियों के लिए संघ, अंतरधार्मिक समूह, गैर सरकारी संगठन शामिल थें परिचर्चा में मुख्य तौर पर आघात को ठीक करने के लिए भावनात्मक न्याय, कौशल विकास, इंटर्नशिप कार्यक्रम आदि की आवश्यकताओं पर विचार विमर्श किया गया। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक कानूनी सहायता प्रदान करने पर भी विचार विमर्श किया गया। वहीं परिचर्चा में नीति और एजेंडा सेटिंग में स्थानीय लोगों को शामिल करने की आवश्यकता महसूस की गई और साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने यह माना कि हमेशा अन्य सभी के साथ वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा हम चाहते हैं कि हम स्वयं के साथ व्यवहार करें।

# प्रो. इंचार्ज अरुण कुमार बने बिहार कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

गया, प्रात: किरण संवाददाता

मिर्जा गालिब कॉलेज गया के दर्शन शास्त्र विषय के विभागाध्यक्ष और पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार प्रसाद को बिहार कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष मनोनित होने पर मिर्जा गालिब कॉलेज में हर्ष का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाइयां दी हैं और उम्मीद जताई है कि उनके मनोनयन पर शिक्षा जगत में एक नई इबारत लिखी जाएगी। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव शबी आरफीन शमसी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिर्जा गालिब कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर रहते हुए भी वह शिक्षण एवं शोध के साथ शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर हमेशा मुखर और सक्रिय रहते थे। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो. सरफराज खान ने इनके मनोनयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि एक कर्मठ, संघर्षशील और जाने -माने शिक्षा शास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार को बिहार कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष पद देकर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने एक ऐसा ऐतिहासिक काम किया है जिसके लिए उन्हें बधाई दी जानी चाहिए। उप प्राचार्य डॉ शुजाअत अली खान ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लगभग 42 वर्षों तक उन्होंने मिर्जा गालिब कॉलेज को अपनी बेदाग सेवाएं दी हैं। वह हिंदू -मुस्लिम एकता, अपनी साफगोई और स्पष्ट वैचारिक दृष्टिकोण के लिए भी हमेशा याद किए जाते रहे हैं। उनके इस पद पर मनोनयन होने से शिक्षकों की बहुत सारी समस्याएं स्वतः ही हल हो जाएंगी। मिर्जा गालिब कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों- डॉ. सरवत शमशी, दर्शनशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ.नाजनीन बेगम, डॉ. फजलुर्रहमान, आदि ने शुभकामनाएं दी।

# औरंगाबाद जिला प्रशासन ने किया होनहारों को सम्मानित



औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबद में जिला प्रशासन ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में बिहार में अव्वल आये चार होनहारों को सम्मानित किया। इसके साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन चार टॉपर में बिहार में प्रथम आई रामायणी रॉय, तृतीय आई प्रज्ञा कुमारी, सातवें स्थान पर आए शम्भू कुमार और नवें स्थान पर आए तृप्ति राज शामिल हैं। इसके साथ ही बिहार टॉप टेन में तीन छात्राओं एवं एक छात्र के शामिल होने से न सिर्फ जिला प्रशासन खुश है, बल्कि जिले के तमाम नागरिक गौरवान्वित हैं। सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने कहा कि निश्चित तौर पर जिले में छात्र छात्राओं के साथ-साथ सरकारी एवं निजी शिक्षकों में शैक्षणिक जागृति आई है। पिछले दो सालों से जिले के होनहारों ने मैट्रिक हो या इंटर परीक्षा टॉप टेन में अपनी जगह बनाई है। जिलाधिकारी ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य एवं उनके उत्तरोत्तर शैक्षणिक विकास की कामना की है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त सम्मान से आह्लादित छात्र छात्रासों ने जर्नलिस्ट, चिकित्सक, आइएएस एवं इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने की ठानी है।

# आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया योग अमृत महोत्सव का आयोजन

बगहा, प्रात: किरण संवाददाता



योगा अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शनिवार को बगहा मे एसएसबी के 21वी वाहिनी के मुख्य आरक्षी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सनफ्लावर चिल्ड्रंस एकेडमी पटखौली बगहा दो के परिसर में प्रातः 6:30 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में योग अमृत महोत्सव का आयोजन एस.एस.बी 21वीं वाहिनी के योग गुरु मुख्य आरक्षी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी पटखौली के प्रांगण में प्रातः 6:30 बजे शुरू होकर प्रातः 7:45 बजे संपन्न की गई।

जिसमें सनफ्लावर चिल्ड्रेंस एकेडमी विद्यालय परिवार के दर्जनों शिक्षक और पांचवी वर्ग से लेकर आठवीं वर्ग तक के डेढ़ सौ से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। इस योग का प्रारंभ करने से पहले राधेश्याम यादव ने बताया कि सही आसन से मन, तन और विचार में स्थिरता ने ही नहीं आती अपितु शरीर निरोग होता है। इसीलिए आसन का विशेष महत्व है।

शांति व गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु के मंत्र से शुरू अपने अपने माता पिता गुरु और इष्ट को ध्यान में रखकर ओम प्रणव का उच्चारण कराकर योग प्रणयाम को क्रमवार शुरू किए। तत्पश्चात अवलोम विलोम, वृक्षासन, मुक्त आसन सूरज नमस्कार आदि योगों को कराकर, करें योग और रहे निरोग की बात बताए।योग की समाप्ति विश्व कल्याणकारी मंत्र सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया से हुआ। योग का बच्चों के लिए काफी महत्व है। प्रशिक्षक राधेश्याम यादव ने योग प्रशिक्षण देते समय बार-बार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा। छात्रों के साथ शिक्षक भी करके काफी हर्षित हुए। योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों में सनफ्लावर चिल्ड्रेन एकेडमी के निदेशक निप्पू कुमार पाठक, प्राचार्य रघुवंश मणि पाठक, शिक्षक बलिराम सिंह, वाजिद अली गिरिजेश पाठक, कमलाकांत पांडेय रसेन्द्र प्रसाद रहे। वही एसएसबी 21वीं बटालियन के संजीत कुमार प्रवीण कुमार, अवधेश कुमार कुलदीप कुमार आदि जवानों ने भी योग कर आरोग्यता अपनाने पर जोर दिए।

# आर्मी जवान के निधन से क्षेत्र में फैला मातमी सन्नाटा

गौनाहा, प्रात: किरण संवाददाता



- इलेक्ट्रिक करंट लगने के कारण हुई थी जवान की मौत

मटियरीया थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी शंकर महतो के पुत्र दिवाकर महतो जम्मू कश्मीर आर्मी में पोस्टेड था जिन्हें बिजली शार्ट सर्किट लगने के कारण 14 अप्रैल को मृत्यु हो गई। प्राप्त सूचना अनुसार जवान की शव देर रात तक उनके पैतृक गांव महुई पंचायत पहुंचने की सूचना है। विदित हो कि जम्मू कश्मीर मे पोस्टेड आर्मी जवान दिवाकर महतो एक महीना पहले ही घर से छुट्टीया मना कर वापस गया था जहां 14 अप्रैल को इलेक्ट्रिक करंट लगने के कारण जवान की मौत हो गई।

स्थानीय मुखिया शहर चौधरी मृत जवान की परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने की बात की। आर्मी मैन दिवाकर महतो के पिता शंकर महतो ने बताया कि भगवान मुझे 3 पुत्र दिए थे जो हम ने तीनों पुत्रों को देश की सुरक्षा के लिए समर्पित कर दिया है। जिसमें से दो आर्मी मैन एक एसएसबी तथा बड़ा पुत्र ज्ञानचंद कुमार भी आर्मी मैन है। दूसरा रजनीश कुमार सीमा सुरक्षा बल में तैनात है तीसरा और सबसे छोटा पुत्र दिवाकर महतो भी आर्मी मैन था जो आज अपने मातृभूमि की रक्षा करते करते अपनी प्राणों की आहुति दे दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दिवाकर की विवाह गांव के ही रामनारायण नाथ की पुत्री फुल कुमारी देवी से 3 साल पहले हुई थी। दोनों दंपति के बीच डेढ़ महीना का नौनिहाल पुत्र वारिस के रूप में दिवाकर की विधवा फुल कुमारी की गोद में है।

### समाधान दिवस पर चौतरवा व बथवरिया में किया गया आधा दर्जन मामलों का निष्पादन

**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा व बथवरिया थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस पर आधा दर्जन भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन पुलिस पदाधिकारियों व अंचल कर्मियों ने किया। चौतरवा थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बगहा एक के एन सिंह व थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने संयुक्त रुप से बताया कि भूमि संबंधित विवादित लगभग आठ मामले को लेकर फरियादी समाधान दिवस पर आये थे। उन्होंने बताया कि उक्त मामलों की सुनवाई करते हुए चार विवादित मामलों की निष्पादन किया गया। वही दुसरी तरफ बथवरिया थाना परिसर में समाधान दिवस पर एक मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया। राजस्व कर्मचारी ललितेश्वर शर्मा व बथवरिया थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी प चम्पारण के आदेश के आलोक में प्रत्येक शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर भूमि संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया जाता है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में फरियादी अपनी अपनी भूमि से संबंधित मामले लेकर समाधान दिवस पर शामिल रहे।

# आसमान छूती कीमतों को लेकर राकपा ने सरकार के खिलाफ निकाला विरोध मार्च

बेतिया, प्रात: किरण संवाददाता



बढ़ते महंगाई आए दिन पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी खाद्य पदार्थों की आसमान छूती कीमतों को लेकर प चंपारण राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष प्रो परवेज आलम के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और पुतला दहन का कार्यक्रम हुआ।

सभा को संबोधित करते हुए प्रो परवेज आलम ने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए बताया यह सरकार केवल पंजीप्तियों की सरकार बनकर रह गई है आम जनता किसान छात्रों की कोई चिंता नहीं है आज देश में महंगाई अपने चरम सीमा पर है आए दिन पेट्रोल डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हर वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही उधर सरकार अपना खजाना भरने में लगी केंद्र सरकार ने पिछले तीन वित्तीय वर्ष में केवल पेट्रोल और डीजल पर टैक्स से लगभग 8.02लाख करोड़ रुपए कमाए हैं और गरीबों का कमर तोड़ रखी है खुदरा महंगाई दर 18महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है बेरोजगारी बढ़ती जा रही है शिक्षा का स्तर गिरते जा रहा है लेकिन सरकार सोई हुई है।

उन्हे केवल सत्ता कैसे हासिल हो इसकी चिंता है उनके मंत्री सांसद जन हित में कार्य करने के बजाए समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है अफसरशाही बेलगाम हैं इन्हीं सब विषयों को लेकर आज बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर पूरे बिहार में महंगाई, भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

# बोचहां में मिली अप्रत्याशित जीत पर राजद कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने चाहा विधानसभा में राजद की हुई अप्रत्याशित जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और बताया यह तो झांकी है पूरी पूरा बिहार बाकी है। पूरा बिहार आज तेजस्वी यादव जी की ओर देख रहा है। इस उपचुनाव में हुए जीत से स्पष्ट हो गया की जनता नीतीश कुमार और भाजपा की डबल इंजन सरकार से उठ चुकी है मंगाई भ्रष्टाचार से जनता काफी त्रस्त है वह दिन अब दूर नहीं माननीय तेजस्वी यादव बिहार की सत्ता की बागडोर संभालने वाले हैं इस खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुरेश मेहता प्रदेश सचिव इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह जिले जिले के प्रधान महासचिव अनिल टाइगर राजद प्रवक्ता डॉ रमेश यादव जिला पार्षद और राजद के वरिष्ठ नेता शंकर यादव इंदु जिला पार्षद अनिल यादव जिला पार्षद विकास पासवान पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर संजय यादव शैलेंद्र सिंह महादेव कुमार शंभू कुमार सहित कई कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए।

# फास्ट फूड के कारण मोटापे का शिकार हो रहा है बचपन : रोटरी क्लब

नरकटियागंज, प्रात: किरण संवाददाता



रोटरी क्लब नरकटियागंज द्वारा स्थानीय लोटस स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच सकारात्मक स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत स्कूल स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष वर्मा प्रसाद ने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि आज का बचपन अपने खान-पान के कारण मोटापा का शिकार हो रहा है। डॉ फैसल सिद्दीकी ने छात्र छात्राओं को बताया कि आजकल बच्चों में मोटापा का प्रमुख कारण शारिरिक गतिविधियों में कम रुचि, बच्चों में जंक फूड खाने में मजा आना, अनुवांशिक कारण, बच्चों में बाहरी फास्टफूड खाने की जिद है। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों में आरम्भ से पौष्टिक भोजन करने की आदत डाली जाय साथ ही माताएं घर से बनी भोजन ही टिफिन दें। सचिव प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रोटरी क्लब सकारात्मक स्वास्थ्य परियोजना फेज-2 के अंतर्गत स्कूली छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का अभियान चला रहा है इसी क्रम में लोट्स स्कूल के छात्र छात्राओं को मोटापा के कारण और निवारण पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार चित्रगुप्त ने रोटरी क्लब को धन्यवाद देते हुए छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आशीष कुमार, उप सचिव प्रो0अतुल कुमार, विद्यालय के निदेशक आशीष रतन उर्फ गोलू ने अपने विचार प्रकट किया।

## हमलावर बने बेचारे

नफरत और हिंसा का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह रामनवमी से लेकर बैसाखी के पावन त्योहारों तक जारी रहा। फिलहाल कुछ शांति है, लेकिन नफरत खत्म नहीं हुई है। अब यह सनातन-सी लगती है। ऐसी खबरें भारत के भीतर तक ही सीमित नहीं रही हैं, बल्कि अमरीका में मैत्री-संवाद के दौरान भी उठी हैं। एक पत्रकार ने अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से भारत में अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे हमलों को लेकर सवाल किया, तो ब्लिंकन का जवाब भारत-विरोधी और एकतरफा था। अल्पसंख्यकों पर हमलों और उनके मानवाधिकारों को लेकर भारत को कटघरे में खड़ा किया गया। छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। प्रधानमंत्री मोदी और भारत को लेकर अमरीकी सीनेट में भी एक अश्वेत, महिला सांसद ने इस मुद्दे पर सवाल उठाया कि अमरीकी प्रशासन कब कारगर कार्रवाई करेगा? शब्दों का अंतर हो सकता है, लेकिन अमरीका की सरजमीं से ये सवाल बार-बार किए जाते रहे हैं कि भारत में सांप्रदायिक अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार संकट में हैं? मुसलमानों का अस्तित्व खतरे में है! ऐसे सवाल राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकालों के दौरान भी उठाए गए। हर बार ऐसा आभास दिया गया मानो अमरीकी प्रशासन भारत सरकार को आगाह कर रहा हो कि ऐसा नहीं होना चाहिए। हालांकि हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़ा और माकूल जवाब दे दिया है, लेकिन ये तमाम सवाल बेबुनियाद और सफेद झूठ हैं। भारत में अल्पसंख्यक जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, पारसी आदि समुदाय हैं। उनके मानवाधिकारों पर कोई संकट नहीं है। मुसलमानों की 20 करोड़ से ज्यादा आबादी है। बहुसंख्यकों के बाद मुसलमान ही बहुसंख्यक हैं। अमरीका ने असल अल्पसंख्यकों के प्रति चिंता और सरोकार कभी नहीं जताए। मुसलमानों के प्रतिनिधि देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, सांसद, खुफिया एजेंसी के मुखिया तक रहे हैं। उनका उत्पीड़ कैसे किया जा सकता है? अपवादों और पुरानी धारणाओं को तोड़ देना चाहिए और नए तथ्यों के साथ विश्लेषण किए जाने चाहिए। रामनवमी के पावन दिन पर जो नफरती उत्पात मचाया गया था, उसके कुछ ताजा वीडियो सार्वजनिक हुए हैं। सबसे ज्यादा त्रासद मप्र के शिवम शुक्ला का उदाहरण है। वह आज भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। सिर्फ 15-16 साल के उस किशोर का कसूर इतना-सा था कि वह दंगाई हिंसा का शिकार बना दिया गया। वह लगातार बेहोश रहा है। उसके सिर और मस्तिष्क के बड़े ऑपरेशन किए गए हैं। न तो वह कट्टरपंथी है, न जेहादी-सा सांप्रदायिक है और न ही किसी हिंसक संगठन का हिस्सा रहा है। यदि शिवम की मौत हो जाती है, तो उसके नागरिक मानवाधिकार जरूर कुचले जाएंगे। हमारी दुआएं हैं कि शिवम दीर्घायु हो, स्वस्थ रहे, लेकिन हमारी चिंता यह है कि कथित अल्पसंख्यकों के हाथों में तलवारें, चाकू, रॉड, बंदूक, पत्थर और पेट्रोल बम आदि हथियार अचानक कहां से आ जाते हैं? ऐसा कई सांप्रदायिक उपद्रवों और दंगों के दौरान देखा गया है कि मुस्लिम भीड़ अचानक हमलावर बनकर सामने आती है और मारो, काटो, आग लगा दो के जुमलों के साथ वे हमला करते हैं। जाहिर है कि जिन पर हमला किया जाता रहा है, वे हिंदू ही होते हैं। हमले मुसलमानों पर भी किए जाते रहे हैं, लेकिन जिस तरह सुनियोजित और लामबंद हमले मुसलमान करते हैं, वे वाकई चिंता का सबब हैं। हालिया दंगों के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी को भी सीधी गोली मार कर घायल कर दिया। वह भी अस्पताल में हैं। बड़ा दुस्साहस है अल्पसंख्यकों का! यह शोध का विषय है कि आखिर मुसलमान इतने सुनियोजित क्यों हैं? क्या उन्हें कोई निर्देश या पैसा दे रहा है? क्या कोई उनके जरिए हिंदुस्तान में साजिशें रच रहा है? बाबा अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को थी। वह हमारे संविधान के रचनाकार हैं। सवाल है कि क्या अंबेडकर के सपनों का भारत यही है? सरसंघचालक मोहन भागवत ने 15 साल बाद अखंड भारत की भविष्यवाणी की है। हमारा दावा है कि यह देश अब कभी अखंड हो ही नहीं सकता, क्योंकि यह भावनाओं और पूर्वाग्रहों के स्तर पर अंदर से ही विभाजित है। हमें तो देश की आजादी का अमृत महोत्सव भी बेमानी लगता है। उन्हें बेचारे चित्रित किया जा रहा है, जो हमलावर ही नहीं, हत्यारे भी हैं। दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## कुपोषण से परेशान भारत


**देवन प्रसाद राय**



हमारे देश में कुपोषण दिन-दिन बढ़ रहा है। आज कुपोषण के कारण नई पीढ़ी प्रभावित हैं। कुपोषण से हर रोज कोई ना कोई अपने जीवन की कहानी समाप्त कर रहा है, जिसे लेकर वह मीडिया के जरिए सामने नहीं आता, ये बात अलग है। कुपोषण भारत की गम्भीरतम समस्याओं में एक है, फिर भी इस समस्या पर सबसे कम ध्यान दिया गया है। आज भारत में दुनिया के सबसे अधिक अविकसित (4.66 करोड़) और कमजोर (2.55 करोड़) बच्चे मौजूद हैं। इसकी वजह से देश पर बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है, हालांकि राष्ट्रीय परिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़े बताते हैं कि देश में कुपोषण की दर घटी है लेकिन न्यूनतम आमदनी वर्ग वाले परिवारों में आज भी आधे से ज्यादा बच्चे (51%) अविकसित और सामान्य से कम वजन (49%) के हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भारत में हर साल कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा है। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी हालत में है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में किए गए सर्वेक्षणों में पाया गया कि देश के सबसे गरीब इलाकों में आज भी बच्चे भुखमरी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस ओर ध्यान दिया जाए तो इन मौतों को रोका जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में जो आंकड़े पाए हैं, वे अंतरराष्ट्रीय स्तर से कई गुना ज्यादा हैं। यद्यपि संविधान के अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद-47 भारत सरकार को सभी नागरिकों के लिये पर्याप्त भोजन के साथ एक सम्मानित जीवन सुनिश्चित करने हेतु उचित उपाय करने के लिए बाध्य करते हैं। किंतु भारतीय संविधान में भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं प्रदान की गई है। अनुच्छेद 21 के मुताबिक, किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन अथवा निजी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता। वहीं संविधान के अनुच्छेद 47 के अनुसार, राज्य अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार को अपने प्राथमिक कर्त्तव्यों के रूप में शामिल करेंगे। इस प्रकार संविधान के मूल अधिकारों से संबंधित प्रावधानों में अप्रत्यक्ष जबकि राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों से संबंधित प्रावधानों में प्रत्यक्ष रूप से कुपोषण को खत्म करने की बात की गई है। हालिया आँकड़े बताते हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली कुल जनसंख्या का लगभग 25.7 प्रतिशत हिस्सा अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 13.7 प्रतिशत के करीब है। यद्यपि गरीबी अकेले कुपोषण को जन्म नहीं देती, किंतु यह आम लोगों के लिये पौष्टिक भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है। अधिकांश भोजन और पोषण संबंधी संकट भोजन की कमी के कारण उत्पन्न नहीं होते हैं, बल्कि इसलिये उत्पन्न होते हैं क्योंकि लोग पर्याप्त भोजन प्राप्त करने में समर्थ नहीं हैं। जल जीवन का पर्याय है। पीने योग्य पानी की कमी, खराब स्वच्छता और खतरनाक स्वच्छता प्रथाओं के कारण आम लोग जल जनित बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, जो कि कुपोषण के प्रत्यक्ष कारणों में से एक है। देश में पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण आहार के संबंध में जागरूकता की कमी स्पष्ट दिखाई देती है जिसके कारण तकरीबन पूरा परिवार कुपोषण का शिकार हो जाता है। आँकड़ों के अनुसार, भारत के 1.3 बिलियन लोगों के लिये देश में सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डॉक्टर हैं। इस हिसाब से भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डॉक्टर मौजूद है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संदर्भ में 1:1000 अनुपात की सिफारिश की है, यानी देश में प्रत्येक 1000 नागरिकों पर 1 डॉक्टर होना अनिवार्य है। इस प्रकार देश में स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता भी कुपोषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। बीते कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्राकृतिक आपदाओं जैसे- सूखा, चक्रवात, बाढ़, आदि की संख्या में काफी वृद्धि देखने को मिली है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार विश्व के 40 से अधिक विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि उत्पादन में हो रही गिरावट आने वाले वर्षों में भूख से पीड़ित लोगों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि कर सकती है।

# समाजवादी चंद्रशेखर का इतिहासपरक मूल्यांकन

**राजा राम मोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, गांधी, लोहिया और अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों-मनीषियों के सामाजिक अवदानों एवं नैतिक आदर्शों का मूल्यांकन भी उनके जाने के बाद ही हुआ। समाज की इस विचित्र अवधारणा का रहस्य और मनोविज्ञान क्या है यह तो समझना कठिन है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रुप से याद आएंगे। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी।**





**अरविंद जयतिलक**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। राजाराम मोहनराय, ईश्वरचंद विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, गांधी, लोहिया और अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों-मनीषियों के सामाजिक अवदानों एवं नैतिक आदर्शों का मूल्यांकन भी उनके जाने के बाद ही हुआ। समाज की इस विचित्र अवधारणा का रहस्य और मनोविज्ञान क्या है यह तो समझना कठिन है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रुप से याद आएंगे। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी। चंद्रशेखर को समझने के लिए वर्तमान समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के विरुद्ध खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता का सिंहासन। एकमात्र विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है। और मुठभेड़ का माद्दा भी। समाज में व्याप्त विषमता से उत्पन जिस हलाहल को डा0 लोहिया ने पीया उसकी पीड़ा को कई वर्षों बाद चंद्रशेखर ने भी पीया और जीया। लिहाजा उन्होंने समाज के गुणसूत्र को बदलने की ठान ली। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रखा। पुरातनपंथी धारणाओं पर तीव्रता से हमला बोला और व्यवस्था की सामंती ढांचे को उखाड़ फेकने के लिए राजनीति को हथियार बनाया। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की। युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रुप में स्थापित हो चुके थे। वे राष्ट्रीय व विदेशी मसलों पर खुलकर गहन-गंभीर विचार व्यक्त करते थे और युवाओं को प्रेरित करते थें वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रुझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए। 1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए। लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दिया। कहा तो यह भी जाता है कि उनकी पदयात्रा से उपजी लोकप्रियता से इंदिरा गांधी भी डर गयी। उनकी लोकप्रियता से उनके समकालीन नेता चिढ़ने लगे। जबकि वे अच्छी तरह जानते थे कि चंद्रशेखर का उद्देश्य समाजसेवा है न कि सत्ता में भागीदारी। देखा भी गया कि 1975 की इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गयी। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। लेकिन नैतिक राजनीति के पुरोधा इसके लिए शीध्र तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होगी तभी वे सरकार का नेतृत्व करेंगे।

राजीव गांधी ने भरोसा दिया कि दो महीने बाद कांग्रेस भी सरकार में शामिल होगी। लिहाजा चंद्रशेखर सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए। अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई और प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को अपने इशारे पर नचाने की कोशिश की। लेकिन समाजवाद के प्रकाशस्तंभ चंद्रशेखर ने कांग्रेस के इशारे पर चलने से मना कर दिया। लिहाजा कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कांग्रेस के समर्थन वापसी से भले ही चंद्रशेखर का पद चला गया लेकिन जनमानस में उनका कद जरुर बढ़ गया। वे प्रधानमंत्री रहते हुए डिफेंस और होम अफेयर्स की जिम्मेदारियों का भली प्रकार निर्वहन किया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। दो राय नहीं कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री पर अधिक समय तक रहने का मौका मिला होता तो उनकी गिनती भारत के महानतम प्रधानमंत्रियों में होती। उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल में ही अयोध्या विवाद, असम समस्या, पंजाब समस्या और कश्मीर समस्या का हल निकालने का रोडमैप तैयार कर लिया था। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर भी सराहनीय कार्य किए। उन्होंने पांचवे सार्क शिखर सम्मेलन में शिरकत की और ठेठ हिंदी में क्षेत्रीय और वैश्विक समस्याओं को ध्वनित किया। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ उनके भाषण से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने उस समय अपने कार्यालय में काम कर रहे रियाज खोखड़ से कहा कि काश तुम भी मेरे लिए इतनी अच्छी तकरीर लिखते। चंद्रशेखर एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता, विद्वान लेखक और गजब के समीक्षक थे। नवाज शरीफ ने चंद्रशेखर का इसलिए भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने कुछ स्वीडिश इंजीनियरों की जान बचाई थी जिनका कश्मीरी पृथकतावादियों ने गुलमर्ग में अपहरण कर लिया था। अगर उनकी जान नहीं बची होती तो फिर पूरा इल्जाम पाकिस्तान के सिर जाता। अन्य अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर भी चंद्रशेखर की राय बेबाक और स्पष्ट थी। सामाजिक मोर्चे पर चंद्रशेखर की भूमिका का मूल्यांकन करें तो राष्ट्र-समाज व्यवस्था में बेहतर बदलाव के लिए उन्होंने सामाजिक-आर्थिक संरचना में आमूलचूल परिवर्तन की बात कही। उनका स्पष्ट कहना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डा0 लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि ह्यपूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ एक महा मानवतावादी भी थे। उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो।

# लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रही है परिवारवाद की राजनीति !

**असर तो होना ही था और पांच राज्यों के चुनाव में बहुत से राजनीतिक परिवारों में से टिकट चाहने वाले अभ्यार्थियों को विधायकी के टिकट से वंचित रह जाना पड़ा। कहीं मनोहर पर्रिकर के पुत्र को टिकट नहीं मिला तो कहीं रीता बहुगुणा जोषी को इस लाभ से वंचित रहीं। इस चुनाव के बाद भी प्रधानमंत्री ने न तो इस मुद्दे को छोड़ा है और न ही भुलाया है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने फिर दोहराया कि परिवारवाद की राजनीति ने देष को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने तो यह तक कहा कि यदि एक ही परिवार के लोग अलग-अलग प्रदेशों में भी हों तो भी उनके तार आपस में जुड़े ही रहते हैं। अब देखने की बात यह है कि देष से बाहर अंतराष्ट्रीय स्तर पर और उससे भी ज्यादा इस देष में विभिन्न राज्यों में ऐसी कौन सी ताकते हैं।**





**राजीव शर्मा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में देष के प्रधानमंत्री ने भारतीय राजनीति की एक दुखती रग को कसकर पकड़े रखा और वे देश में पनप रही परिवारवाद की राजनीति पर रह-रहकर हमला बोलते रहे। जब प्रधानमंत्री खुद इस मुद्दे पर इतना मुखर थे तो जाहिर है कि उसका असर तो होना ही था और पांच राज्यों के चुनाव में बहुत से राजनीतिक परिवारों में से टिकट चाहने वाले अभ्यार्थियों को विधायकी के टिकट से वंचित रह जाना पड़ा। कहीं मनोहर पर्रिकर के पुत्र को टिकट नहीं मिला तो कहीं रीता बहुगुणा जोषी को इस लाभ से वंचित रहीं। इस चुनाव के बाद भी प्रधानमंत्री ने न तो इस मुद्दे को छोड़ा है और न ही भुलाया है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने फिर दोहराया कि परिवारवाद की राजनीति ने देष को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने तो यह तक कहा कि यदि एक ही परिवार के लोग अलग-अलग प्रदेषों में भी हों तो भी उनके तार आपस में जुड़े ही रहते हैं। अब देखने की बात यह है कि देश से बाहर अंतराष्ट्रीय स्तर पर और उससे भी ज्यादा इस देष में विभिन्न राज्यों में ऐसी कौन सी ताकते हैं जिन्हें परिवारिक राजनीति का परिणाम कहा जा सकता है और देष के लोकतंत्र पर ऐसी ताकतों का क्या असर हो रहा है। असल में जब किसी एक देश या प्रदेश की राजनीति पर पूरी तरह एक अकेला परिवार ही काबिज हो जाता है तो उसके बाद वहां जो कुछ होता है उसमें देश या प्रदेश के लाभ के बजाय परिवार का फायदा ही पहली जगह ले लेता है। ऐसी परिवारवादी राजनीति के दुष्परिणाम इस देष के राज्यों ने ही नहीं, बाहर बहुत से देषों ने भी भयावह रूप से झेले हैं। हो सकता है कि परिवारवाद की राजनीति के कुछ सकारात्मक पहलू भी हों लेकिन यदि इसमें लाभ ही लाभ होता तो वंषानुगत राजतंत्र का यूं खात्मा न हुआ होता। जिस समय हम यह चर्चा कर रहे हैं उस समय इस परिवारवाद के जहर या उसके असर को समझना के लिए फिलहाल बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं है। अपनी पड़ोसी श्रीलंका से भी हम परिवारवाद की राजनीति के विष को समझ सकते हैं। श्रीलंका में इन दिनों सत्ता पर राजपक्षे परिवार का कब्जा है और वहां के सर्वोच्च चार पदों पर जब राजपक्षे परिवार के लोग ही काबिज थे तब वहां पुराने किस्सों में सुने जाने वाले अकाल जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जब वहां के लोगों के भूखों मरने या पलायन करने के हालात पैदा हो गए तब उसी राजपक्षे सरकार ने यह मान लिया है कि उनके पास 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज चुकाने के लिए पैसा नहीं है यानी श्रीलंका एक तरह से दिवालिया देश बन गया है। इस संकट की घड़ी में भी उन्हें विदेषी कर्ज से ही उम्मीद है कि उनके दिन फिरेंगे लेकिन ऐसे देश को विदेश से कर्ज मिलना भी आसान नहीं होगा। इसी तरह हमारे पड़ोस में पाकिस्तान में भी नवाज शरीफ के कानूनी पचड़ों से बचने के लिए लंदन चले जाने के बाद अब इमरान के हटने से उनके भाई षहबाज षरीफ प्रधानमंत्री कुर्सी पर गद्दीनषीन हो गए हैं। उनकी योग्यता यह नहीं बताई जा रही कि वे पंजाब के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं उनकी योग्यता यह बताई जाती है कि बहुत बड़े व्यवसायी हैं और उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद उन पर चल रहे मनी लांड्रिंग जैसे कई केस ठंडे बस्ते में चले गए हैं। इस परिवारवादी राजनीति के झंडे तले पल रहे पाकिस्तान की माली हालत कैसी है यह किसी से छिपा नहीं है जब पाकिस्तान को अमेरिकी मदद रुक गई तो अब चीन ही उनका सबसे पक्का और सच्चा दोस्त बन गया है। पाकिस्तान का घर भी आजकल विदेषी कर्ज से ही चल रहा है। प्रधानमंत्री रहते हुए इमरान खान की कारगुजारियों ने तो उस अमेरिका और सउदी अरब को भी पाकिस्तान से दूर कर दिया जिनके वे सबसे बड़े देनदार हैं। अंतर्राष्ट्रीय जगत में परिवारवादी राजनीति के इन दो उदाहरणों के बाद अब हम अपने देष में इस परिवारवादी राजनीति के नुकसान और हानि को समझने की कोषिष करते हैं। हमारे देश में आजादी के बाद पिछले सात दषकों में सबसे ज्यादा राज कांग्रेस के नेहरू-गांधी परिवार ने ही किया है। नेहरू के बाद इस परिवार ने इस देष को कई स्थाई जख्म तो दिए ही हैं अब आजकल विपक्ष के तौर पर यही परिवार कांग्रेस के मार्फत इस देश को जो नुकसान कर रहा है वह भी कोई कम नहीं है। एक परिवार के आसरे ही चलने की जिद ने आज कांग्रेस को भारतीय राजनीति के रसातल में पहुंचा दिया है यह किसी से छिपा नहीं है। हमेषा कहा जाता है कि किसी भी लोकतंत्र में मजबूद विपक्ष का होना बहुत जरूरी है लेकिन लगातार सिमटते दायरे में जब कांग्रेस के कई दिग्गज नेहरू-गांधी नेतृत्व के खिलाफ गोलबंद हो गए हैं तब भी कांग्रेस नेतृत्व इस बात पर अड़ा हुआ है कि कांग्रेस को तो नेहरू-इंदिरा परिवार ही चलाएगा। इसका परिणाम यह है कि ज्यादातर जगहों पर मजबूत विपक्ष न होने से सत्ता पक्ष को मनमानी करते देखा जा सकता है। ऐसे ढेरों मसले आजकल रोजमर्रा के मीडिया में जगह और चर्चा पाते हैं कि यदि विपक्ष मजबूत होता तो सत्तापक्ष को यह मनमानी करने से रोका जा सकता था। नेहरू-गांधी परिवार के अलावा भी ऐसे ढेरों उदाहरण हैं जिन्हें हम अपने देष के अन्य राज्यों में भी देख सकते हैं। पंजाब में अकाली दल को एक परिवार के तीन ही लोग चलाते रहे। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उनकी बहु हरसिमरत कौर बादल। अभी वहां चुनाव में अकाली दल की जो दुर्गति हुई है उसे इस परिवार की राजनीति का परिणाम कहा जा सकता है। हरियाणा में कभी चैटाला परिवार का साम्राज्य था आजकल वे कहां गायब हैं यह देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेष में मुलायम सिंह यादव की जो वंशबेल अखिलेश यादव के तौर पर आगे बढ़ रही है उसने राज्य में पहली बार योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार दूसरी बार वापस आने का तमगा दिलाया है। महाराष्ट्र में अपनी विचारधारा से बाहर जाकर बाल ठाकरे के वंशज जिन लोगों के साथ सरकार चला रहे हैं क्या वह उन्हें यह शोभा देता है? लेकिन राजनीति में पारिवारिक कल्याण के लिए सब जायज है! शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन अपने राज्य में क्या कर रहे हैं यह राज्य में हो रहे हादसों से पता चलता है। तमिलनाडु की राजनीति में भी पारिवारिक वर्चस्व की राजनीति आज भी अपने रंग दिखा रही है।

# शिव का राजः शिव की मुक्तिः उमा का हठ. . . !

**ओमप्रकाश मेहता**

मौजुदा राजनैतिक माहौल में अपने आपको उपेक्षित समझ रही मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने एक बार फिर अपने हठयोग का प्रयोग कर रायसेन किला स्थित भगवान शिव के मंदिर के ताले खुलवाकर शिवलिंग का अभिषेक करने का संकल्प लिया है। उनका संकल्प है कि जब तक रायसेन किला स्थित शिव मंदिर के ताले खोलकर उन्हें अभिषेक नहीं करने दिया जाता है तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि रायसेन की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन किले में सोमेश्वर महोदव का मंदिर है, जिसके ताले साल भर में एक बार महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों के लिए खोले जाते है और उसी दिन उनका जलाभिषेक और पूजा होती है, अब उमाश्री इस मंदिर के ताले खुलवाने की जिद पर है। इस बार वे हठ जरूर कर रही है किंतु उनके स्वर शासन-प्रशासन विरोधी नहीं है, उन्होंने अपना गंगाजल पात्र ताले खुलने तक के लिए कलेक्टर को सौंप दिया है और कहा है कि ताले खुलने पर वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ यहां आकर जलाभिषेक करेगी और उसके बाद ही अन्न ग्रहण करेगी, अर्थात् कुल मिलाकर इस बार उमाश्री के तेवर तीखे नहीं है और वे धैर्य और शांति से अपनी जिद पूरी करवाना चाहती है, उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उन्होंने सार्वजनिक रूव से शिकायत की थी कि मुख्यमंत्री शिवराज जी उनसे बात नहीं करते, किंतु जब शिवराज ने उन्हें बुलाकर उनके गिले-शिकवे सुन लिए तो फिर उमाश्री संतुष्ट हो गई। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि उमा भारती ने ही 2003 में दिग्विजय शासन के दशक को भंग कर यहाँ भाजपा की सरकार कायम की थी किंतु वे ज्यादा दिन मुख्यमंत्री नहीं रह पाई और न्यायालयीन गैर जमानती वारंट के प्रकरण में उन्हें पद से इस्तीफा देकर बाबूलाल गौर को कुर्सी सौंपना पड़ी थी गौर साहब भी अधिक समय मुख्यमंत्री नहीं रह पाए और शिवराज जी मुख्यमंत्री बन गए, अर्थात् 2015 से लेकर अब तक यदि कमलनाथ जी के शासनकाल के पन्द्रह महीनें निकाल दिए जाए तो तब से शिवराज सिंह जी ही राज्य के मुख्यमंत्री है और वे मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। हाँ, तो बाद साध्वी उमा भारती के हठ की चल रही थी, उमाश्री के तीखे तेवरों के कारण उन्हें अग्निशलाका नैत्री (फॉयर ब्राण्ड लीडर) कहा जाता रहा है, उमा के तेवरों से अब तक मध्यप्रदेश थरार्ता रहा है, कई बार उन्होंने क्रोध में हाथ उठाने का भी कृत्य किया, जिसका उदाहरण अपने ही समर्थक अनिलराम को सार्वजनिक तौर पर मारा गया थप्पड़ है। यही नहीं उन्होंने एक बार तो बागी तेवर अपनाकर भाजपा के खिलाफ नई पार्टी का गठन भी किया था, 2013 में भाजपा में वापसी के बाद भी उमा के तेवर पूर्ववत ही रहे। केन्द्रीय मंत्री रहते 2019 में उन्होंने बिना आलाकमान की पूर्व मंजूरी के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था और अब फिर 2024 का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उमाश्री का यह राजनीतिक इतिहास रहा है कि जब-जब उन्होंने पार्टी द्वारा अपने आपको उपेक्षित महसूस किया, तब तब उन्होंने अपने तीखे तेवर अपने दल और सरकार को दिखाये है, वे चूंकि साध्वी रहते हुए हिन्दूत्व की बड़ी पैरोकार रही है, इसलिए उनको देशव्यापी समर्थन भी प्राप्त है, उनका स्वभाव भावुक व अस्थिर है, इसलिए वे कोई भी फैसला भावुकता में बिना उसके परिणाम की कल्पना किये ले लेती है। अर्थात् कुल मिलाकर वे अन्य उन स्थापित नेताओं से अलग है जो काफी सोच समझकर भावी फैसला लेते है। वे घोषित रूप से अडवानी जी की समर्थक शिष्या रही है और अटल-अडवानी के शासनकाल में उनका राजनीतिक रूतबा काफी शीर्ष पर था, किंतु नरेन्द्र भाई मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी राजनीतिक स्तर पर पूछ-परख काफी कम हो गई, अल्पकाल के लिए वे केन्द्रीय मंत्री रही, किंतु 2019 के बाद वे अपने आपको काफी उपेक्षत महसूस कर रही है और इसी धुन में धार्मिकता की आड़ में वे राजनीतिक नेतृत्व विरोधी बयानबाजी या हठबाजी का फैसला ले लेती है, जैसाकि उन्होंने इस बार रायसेन किले स्थित सोमेश्वर मंदिर के ताले खोलने को लेकर लिया है, फिलहाल तो मुख्यमंत्री या प्रशासन की और से ताले खोलने की कोई तैयारी दिखाइ९ नहीं दे रही है, देखतें है उमाश्री कब तक सत्याग्रह जारी रखती है?

## संक्षिप्त खबरें

### लोजपा रामविलास सुप्रीमों चिराग पासवान का भव्य स्वागत

फतुहा। शहर के फोरलेन पर शनिवार को लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया। युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और रामविलास पासवान अमर रहें, चिराग पासवान जिन्दाबाद के नारे लगाए। चिराग पासवान कार्यकताओं से मिले और मोकामा के लिए निकल पड़े। स्वागत करने वालों में दिलीप पासवान, संजय पासवान, दयानंद पासवान, बब्लू, जयनन्दन पासवान, प्रमोद, विकास, रणवीर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बोचहां सीट के जीत से कार्यकर्ताओं में हर्ष

फतुहा। बिहार विधान सभा के बोचहां सीट के उप चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के उमीदवार अमर पासवान ने 82,562 वोट लाकर 36563 के रिकार्ड मतों से जीत दर्ज किया। इसे लेकर राजद नेता डॉ दयानन्द प्रसाद यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं बोचहां के मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि भारी अंतर से जीत हासिल हुआ और बीजेपी को बेईमानी करने मौका नहीं मिला। मौके पर रामप्रसाद यादव, भोला सिंह, दीना यादव, मोहन ठाकुर मंटू जयसवाल मनोज यदुवंशी, बिभूति भूषण आदि मौजूद रहे।

### मदरसा में इफ्तार पार्टी हुई आयोजित

फतुहा। शहर के गोविंदपुर में शनिवार को मदरसा में इफ्तार पार्टी का आयोजन वक्फ संख्या 969 के उपाध्यक्ष साहुद इब्राहिम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दर्जनों रोजदार उपस्थित हुए और रोजा इफ्तार किया। इस दौरान मौलाना खतीबो इमाम हाफिज शाहबाज हुसैन ने प्रदेश की तरक्की एवम अमन चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर नौशाद आलम, महताब आलम एवं अन्य लोग शामिल हुए।

### बिहटा में कार एवं बाइक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर

बिहटा। शनिवार को बिहटा-खगौल मुख्य मार्ग में नेउरा ओपी थाना क्षेत्र के गोढना गाँव के समीप कार एवं बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गयी।

# सफल होना है तो हृदय में श्रद्धा का बीजरोपण करो : जैन मुनि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



कंगन घाट स्थित चल रहे सप्तदिवसीय श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन गर्भ कल्याणक का उत्तर रूप पर अपना मंगल प्रवचन देते हुए मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ने कहा कि धर्मी मानते हो, तो पाप करना बंद कर दो। अगर पापी मानते हो, तो धर्म करना शुरू कर दो। धर्म करने के लिए तत्परता, जागरूक, चैतन्य रहो। धर्म को जो आत्मसात करता है, उसी का जीवन फलीभूत होता है। एक साधारण व्यक्ति भी धर्म धारण कर परमेश्वर बन सकता है। उन्होंने कहा कि जैन तीर्थंकरों ने हर जन्म में तपस्या की है। एक मात्र जैन धर्म है, जो पशु-पक्षियों को भी अपनी चेतना की विकास की आजादी प्रदान करता है। तीर्थंकर भगवंतो ने अपने जीवन के दस भवों तक विशुद्ध तपस्या की है, जिनके जीवन में खूब भौतिक उपलब्धियां प्राप्त हुई। फिर उन्होंने उसे भोगा नहीं, त्यागा है। अपनी चेतना का उत्कर्ष करते हुए तीर्थंकर भगवान बन गए। जैन धर्म का यह स्पष्ट उद्घघोष है कि आत्मा ही परमात्मा बनता है। अपने हृदय में श्रद्धा के बीज का रोपण कर लो, यही तुम्हारा गर्भावतरण है, जो तुम्हें सफल बनाएगा। श्री पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन शनिवार को गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस क्रम में प्रातः बेला से शुरू हुई धार्मिक अनुष्ठान में नित्य नियम, अभिषेक पूजन एवं गर्भ कल्याणक पूजन किया गया। वहीं दोपहर बाद इंद्र-इंद्राणियों द्वारा नवीन मंदिर, वेदी, शिखर शुद्धि एवं वेदी संस्कार हेतु घटयात्रा निकाली गई। उसके बाद तीर्थंकर माता की गोद भराई की रस्म पूरी की गई। मां मरूदेवी को गोद भराई करने का सौभाग्य सभी श्रद्धालु को प्राप्त हुआ। संध्याकाल में पूज्य गुरुदेव मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी गुरुदेव ने शंका समाधान भावना योग के द्वारा सभी भक्तों का मार्ग प्रशस्त किया। रात्रि में देव शास्त्र गुरु की मंगलमय आरती हुई। परम श्रद्धेय प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रम्हचारी अभय भैया जी, ब्रह्मचारी संजय भैया जी, पंडित श्री अमित जी वास्तु द्वारा समस्त क्रिया संपन्न हो रही है। वहीं पंचकल्याणक महोत्सव में गर्भ कल्याणक के उत्तर रूप के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए माता मरूदेवी की सेवा, अष्टदेवी द्वारा तत्व चर्चा, मंगल स्नान, मंगल श्रृंगार, 56 कुमारी द्वारा भेंट समर्पण, आयोध्या नरेश महाराज नाभिराय का राजदरबार, स्वर्ग पुरी से सौधर्म शचि - धन कुबेर धन श्री का आगमन पृथ्वी लोक पर हुआ। मंत्री सेनापति द्वारा शानदार मंचन, देश देशांतर के राजाओं की समस्या का समाधान, राजस्थानी गीत नृत्य, सोलह स्वप्न का फलादेश आदि हुआ।

# केन्द्रीय मंत्री ने कुल्हड़िया स्टेशन पर माल गोदाम व पैदल पुल का किया शिलान्यास




दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर मंडल के कुलड़िया स्टेशन पर आर.के.सिंह केन्द्रीय मंत्री, के द्वारा माल गोदाम एवं पैदल उपरीगामी पुल के शिलान्यास किया गया। सर्वप्रथम दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रभात कुमार द्वारा माननीयों को अंगवस्त्र,प्रतीक चिन्ह,पुस्तक तथा वेलकम प्लान्ट देकर स्वागत किया गया ।नये मालगोदाम का निर्माण कुल्हड़िया स्टेशन के उत्तर दिशा में दानापुर दिशा की ओर से शुरू होकर 390 मीटर का दो लाईन का निर्माण होगा ,जिसकी स्वीकृत राशि 4 करोड़ 78 लाख रूपए है ।कुल्हड़िया में माल गोदाम के निर्माण के उपरान्त आसपास के शहरों यथा आरा,पटना, बिक्रमगंज, बिहटा, दानापुर सहित देश के कई अन्य जगहों से अनाज, छड़, सीमेंट आदि सहित खाद की आपूर्ति होने में सहुलियत हो जाएगी ।उक्त कार्य के पूर्ण होने पर इस क्षेत्र के स्थानीयव्यापारियों सहित स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेगा। कुल्हड़िया स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक से प्लेटफॉर्म संख्या दो पर यात्रियों को आने-जाने के लिए जल्द ही पैदल उपरिगामी पुल का निर्माण किया जाएगा, इस कार्य पर 85 लाख रुपए की लागत आएगी।

# बोरिंग को चालू नहीं करने पर वार्ड 60 में हुआ प्रदर्शन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मोगलपुरा खिरनी का पेड़ स्थित बोरिंग पूरा हुए करीब छह महीना हो गया। अबतक इसके से चालू नहीं होने पर शनिवार को लोगों ने आक्रोश प्रकट करते हुए नगर विकास मंत्री नगर आयुक्त मुदार्बाद, पानी की समस्या दूर करो, यथाशीघ्र बोरिंग चालू करो आदि नारे लगा रहे थे। इसका नेतृत्व करते निगम पार्षद शोभा देवी पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने कहा कि पिछले छह माह से बोरिंग का कार्य पूरा होने के बाद भी बिजली विभाग को संवेदक द्वारा राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण बिजली विभाग संबंधन नहीं दिया है। यह योजना 2016 में नगर विकास विभाग के द्वारा बोरिंग के लिए पटना नगर निगम को प्राक्कलन 83,85,700 राशि उपलब्ध कराई थी। इसमें बिजली विभाग की प्राक्कलन राशि 5,14,300 राशि दी गई थी। बिजली विभाग ने इतना कम प्राक्कलन राशि से कार्य नहीं किया तथा पुनरीक्षित प्राक्कलन 13,25,645 रुपया का डिमांड कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल जलापूर्ति पटना नगर निगम ने 29 अक्टूबर, 21 को पत्रांक संख्या 2157 को मुख्य अभियंता पटना नगर निगम को दिया गया था। अभी तक इस पत्र के आलोक में नगर आयुक्त के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। निगम के कार्यालय में पूछने पर बताया गया कि पुनरीक्षित प्राक्कलन का स्टैंडिंग कमेटी से निर्णय लिया जाएगा। उस तिथि के बाद 5,25,35,455 की कार्यवाही एवं बोर्ड की बैठक में पार्षद शोभा देवी ने पूछने पर कार्य हो जाने की बात कही गई।

इस तरह के जनहित के सवालों को किसी भी पदाधिकारियों ने गंभीरता से नहीं लिया। बाध्य होकर आक्रोशित जनता के साथ आंदोलन किया जा रहा है। पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने कहा पवित्र रमजान एवं रामनवमी ऐसे त्योहारों में पानी के लिए लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में पानी का घोर संकट कोऑपरेटिव, छोटी बाजार, फौजदारी कुआं, टिकिया टोली, लाला टोली, पाली कोली, नोढाल आदि दर्जनों मोहल्लों में है।

# नीरा स्टॉल का एसडीओ ने किया उद्घघाटन



फतुहा। शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में जीविका द्वारा लगाये गये नीरा स्टॉल का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी पटना सिटी मुकेश रंजन के द्वारा किया गया। मौके पर सैंकड़ों लोगों ने नीरा का आनंद उठाया। जीविका के प्रखंड परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया की नीरा पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। उद्घाटन समारोह में प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री, प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, सीडीपीओ जया मिश्रा, जीविकापार्जन विशेषज्ञ खुशबू कुमारी सहित प्रखंड कार्यालय कर्मी, जीविका दीदी आदि मौजूद रही।

# सती-सत्यवान की याद में 4 दिनों का पंजरभोकवा मेला संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



ह्यसती नारी की सत्य बलवान रे, जिन से हार गए भगवान रेह्न इन पंक्तियों को गाते हुए भारतीय नारी के स्मिता के प्रतीक सावित्री सत्यवान की स्मृति में लगने वाला पंजरभोंकवा मेला समाप्त हो गया। यह मेला मेष संक्रांति के अवसर पर तीन दिनों का मेला लगता है, जो शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। रानीपुरगंज पर मूर्ति की स्थापना तथा बभनगामा स्थित प्राचीन मंदिर के समीप 24 घंटे का अखंड कीर्तन तथा मंदिरों से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति के दीघार्यु होने की कामना के साथ प्रारंभ हुए इस मेले में शुक्रवार को रात भर दो-तीन स्थानों पर चैतार का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के बलिया से मनु मार्शल और बिहार के छपरा के बलीयेंद्र बैरागी तथा राघोपुर के व्यास अपनी गायकी से मेले को गुलजार करते रहे। अर्धरात्रि में स्थानीय तांत्रिकों द्वारा खप्पर जुलूस निकाला गया और वे स्मृति स्थल पर जाकर अपनी तंत्र-मंत्र की साधना किए। तत्पश्चात अहले सुबह में रानीपुर, गुड़ की मंडी तथा हुमाद गली से पंजरभोंकवा निकला, जो अपने शरीर के पंजरे वाले भाग गर्दन, पंजरा तथा जीभ इत्यादि में लोहे के त्रिशूल घोप कर सिटी के विभिन्न मार्ग पर नाचते-गाते निकले और मंदिर जाकर माता के चरणों में श्रद्धा निवेदित किया। उस्ताद देवनारायण ठाकुर, गोपाल पासवान, दिमागी गोप, कांता पासवान, गुलाब पासवान, मुनेश्वर चौधरी, प्रभु सागर, बढ़ू गोप, बलदेव ठाकुर आदि सक्रिय थे। सती सावित्री सत्यवान न्यास समिति के संरक्षक सह पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, रजनीश राय, विनय वर्मा, पिंटू सिंह, देव आनंद यादव, ओम निषाद, श्याम नंदन मुंशी, जेपी मेहता ने बताया कि इस वर्ष मेले में पूर्व के वर्षों की अपेक्षा अधिक भीड़ देखी गई। महिलाएं एवं बच्चियां देर रात तक मेले में खरीदारी करती दिखीं। यह खुशी की बात है क्योंकि शराबबंदी का पूरा असर रहा है। पहले इस मेले में शराब का प्रचलन बढ़ जाने के कारण समाज के अच्छे लोगों का इसके प्रति रुझान कम हो गया था। समिति के सदस्यों ने देश में इस प्रकार के लगने वाले इकलौता मेले को राजकीय दर्जा देते हुए स्मृति स्थल को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग सरकार से की है।

# जीसस एंड मेरी एकेडमी में बने मिस्टर कृष्णा व अदिति श्री बनी मिस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



कैमाशिकोह स्थित जीसस एंड मेरी एकेडमी परिसर के में कक्षा दसवीं के लिए फेयरवेल फंक्शन का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राएं रंगीन पोशाक में मानो फिल्मी सितारों से कम नहीं लग रही थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ ।छात्र-छात्राओं को कक्षा नवम की बच्चियों ने कुमकुम लगाकर स्वागत किया। प्रिंसिपल पूजा एन शर्मा ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें विदाई समारोह का महत्व समझाते हुए कहा कि यह विदाई बिछुड़ने के लिए नहीं, बल्कि दोबारा मिलने के लिए है। समारोह का मुख्य आकर्षण था मिस्टर एंड मिस जीसस एंड मेरी एकेडमी का चयन था। कक्षा दशम के बच्चों में से 3 लड़के और 3 लड़कियों का चयन हुआ। उनसे चयन मंडली ने सवाल पूछे। इसमें विद्यालय के उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक, शिक्षक कार्तिक कुमार एवं राजकुमार थे। इसका जवाब सहजता और बुद्धिमानी से जिन छात्रों ने दिया, उसे विद्यालय के प्रिंसिपल पूजा एन शर्मा एवं विद्यालय के उप निदेशक अभिषेक पैट्रिक ने ताज पहनाया।

मिस्टर जीसस एंड मेंरी का ताज गया कृष्णा कुमार को और मिस बनी अदितिश्री, मिस्टर कॉर्डियल और मिस जीनियस बनी अमीर नजम और निरुपम रॉय, मिस्टर आइंस्टाइन और मिस जीनियस बने, सौरभ कुमार और रिया, मिस्टर हैंडसम और मिस ब्यूटीफुल बनी कुशल राज और सृष्टि रानी, मिस्टर और मिस पॉपुलर बने सहर्ष राज और अंजली भारती क अंत में विद्यालय के निदेशक एंब्रोस पैट्रिक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और आने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दी। संचालन शिक्षक मुकेश कुमार ओझा एवं कक्षा नौवीं के छात्र-छात्राओं शीतल, विशेष, अंजली एवं अनुराग ने किया। कार्यक्रम के समापन पर छात्रों को स्मृति चिन्ह दे विदा किया गया।

# ट्रेन से कटकर एक महिला व दो बच्चे की हुई मौत, एक बच्चा बचा



फतुहा, प्रात :किरण संवाददाता

स्थानीय रेलवे गुमटी पर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान शनिवार को लगभग 12 बजे दोपहर के करीब एक वृद्ध महिला और दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है ।वही एक बच्चा बाल-बाल बच गया। जाानकारी मृतक महिला और बच्चे की पहचान छोटी लाईन निवासी कृष्णा कुमार (कृष्णा चाट) की मां और बच्चे और भतीजी के रूप में हुई है। मृतकों में आकाश कुमार (6वर्ष) पिता कृष्णा कुमार गुप्ता, सोनाली कुमारी (4वर्ष) पिता कन्हैया कुमार गुप्ता, सरोज देवी (48वर्ष) पति स्व. विजय कुमार गुप्ता सभी छोटी लाइन, फतुहा निवासी हैं। सूत्रों के अनुसार दादी सरोज देवी अपने पोते-पोतियों को स्कूल से घर ला रही थी उसी समय ननस्टोपेज ट्रेन के चपेट आ गई। सूचना मिलते ही स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार, आरपीएफ और रेल पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। हादसे के बाद रेलवे द्वारा गुमटी के दोनों साइड बैरिकेडिंग कर दिया गया है।

# पटना सिटी में कलश यात्रा व अखंड कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



मोगलपुरा टिकया टोली स्थित श्री महारानी देवी स्थान मंदिर में तीन दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। 101 महिलाएं सिर पर कलश रख यात्रा के रूप में बावली मोड़ से अशोक राजपथ के पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज होते हुए भद्रघाट गया। शोभायात्रा में निगम पार्षद शोभा देवी एवं पूर्व पार्षद बलराम चौधरी भी सामिल थे। इसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने भद्र घाट में पूजा अनुष्ठान संपन्न किया और वापस स्थान पर लौटे। यहां 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी संपन्न हुआ।

मंदिर के संयोजक सुनील कुमार श्रीवास्तव, दिलीप चौधरी, बसंती देवी, लालबाबू प्रसाद, सर्विस चौधरी, संतोष प्रसाद, मिट्ठू पांडेय, देवेंद्र राय, स्वानजली श्रीवास्तव, गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव आदि ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय थे।

## कलश यात्रा निकली गई



दानापुर नगर के पांचूचक महावीर मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर मंदिर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकली ।गई शोभा यात्रा में सर पर कलश लिए महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पांचुचक महावीर मंदिर से पांच सौ एक कलश, लेकर हाथी घोड़ा ब बैंड बाजे के साथ शोभा यात्रा सुल्तानपुर, से बीबीगंज, मछुआ टोली, इमलितल,गोलापर, तकियापर होते हुए नासरीगंज घाट जाकर महिलाए कलश में जलभर कर पूजा अर्चना की। वापस महावीर मंदिर आकर शोभा यात्रा समाप्त हुई। मंदिर में हनुमान की प्रतिमा स्थापित के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ 19 तारीख को भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।इस शोभा यात्रा में आस पास के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# बिना केलकुलेटर इस्तेमाल किए चंद सेकंड में ही जवाब देते हैं जिनियो एबकस स्कूल के बच्चे



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर के गोला रोड शनिवार को जिनियो एबकस का एक नई शाखा का उद्घाटन पूर्व पथ निर्माण मंत्री नन्द किशोर यादव व दीघा के विधायक संजीव चौरसिया ने संयुक्त रूप से द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस मौके पर पटना की विभिन्न जगहों की शाखाओं की निर्देशिका गीतिका सिन्हा , प्रोन्नीता एवं हेमा भी मौजूद थी । जिनियो एबकस गोला रोड की निर्देशिका माया कुमारी व शिक्षिका शालिनी ने बताया कि एबकस के द्वारा बच्चों को तार्किक व बौद्धिक क्षमता का चहुंमुखी विकास होता है और बच्चे विलक्षण प्रतिभा के धनी होते हैं । गणित के कठिन से कठिन सवालों का जवाब बिना कैलकुलेटर के दे देते है। केलकुलेटर से कैलकुलेट करने के पहले ही बच्चे चंद सेकंड में जवाब देते है ।

# महिला के साथ किया गया सामूहिक दुष्कर्म

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



नगर के एक महिला के साथ घर मे काम दिलवाने का लालच देकर महिला के साथ 3 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। मौके पर महिला की चीख-पुकार सुनकर इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दे दी जहां पुलिस मौके पर पहुंच तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया । गिरफ्तार आरोपी दानापुर मैनपुरा का रहने वाला पप्पू कुमार, कोईलवर जिला भोजपुर का रहने वाला पवन कुमार, पालीगंज का रहने वाला मनोज कुमार है । तीनों बदमाश दानापुर खगौल क्षेत्र में टेंपो चलाने का काम करते हैं और आसपास के क्षेत्रों में किराए के मकान लेकर रहा करते थे। घटना शुक्रवार के दिन की है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला अपने पति के साथ दानापुर सगुना मोर के नजदीक सड़क किनारे फल बेचा करती है। वही फल बेचने के क्रम में उसकी पहचान एक टेंपो चालक पप्पू से हो गया। जो अक्सर उस महिला एवं उसके पति को अपने टेंपो में बिठाकर फल मंडी से फल लाने का काम करने लगा।

आरोपी पप्पू ने उस महिला को घर में काम दिलवाने के बहाने शुक्रवार की दोपहर कोथवा गांव स्थित भोला सिंह के मकान में रह रहे किराएदार पवन के रूम में हुआ है। जहां पवन, मनोज एवं पप्पू ने मिलकर उस महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया। महिला की चीख पुकार की आवाज जब मोहल्ले में रह रहे लोगों के कान तक जैसे ही पहुंची, आसपास के लोगों ने इसकी सूचना तुरंत खगौल थाना को दे दी।

सूचना के आधार पर खगौल थाना मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। खगौल थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बतया कि पीड़िता महिला ने तीनों बदमाश के खिलाफ लिखित आवेदन देते हुए अपने ऊपर किए गए दुष्कर्म का आरोप लगाया है ।

पीड़ित महिला की मेडिकल करवाने के बाद 164 के बयान के लिए न्यायालय में भेज दिया गया है। वहीं तीनों आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## शिवरात्रि व रामनवमी में सहयोग करने वाले हुए सम्मानित

**पटना सिटी।** शिवरात्रि व रामनवमी शोभायात्रा के सफल आयोजन व बेहतर कवरेज प्रदान करने को लेकर श्रीगौरी शंकर मंदिर न्यास समिति, गायघाट की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार की दोपहर मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में न्यास समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ मुकेश रंजन एवं भाजयुमो नेता नितीन कुमार रिंकू ने मीडियाकर्मियों और समाजसेवियों को माला, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंदिर की ओर से सदस्यो के द्वारा पूरा सहयोग मिला। मंदिर के प्रांगण में एसडीओ मुकेश रंजन ने डाक्टर, समाजसेवी एवं गण्यमान्य लोगों को अंगवस्त्र, मोमेंटो एवं माला पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान मंदिर के सचिव विश्वनाथ चौधरी ने मुकेश रंजन को बुके देकर स्वागत किया। सम्मानित होने वालों में नितिन कुमार रिंकू, वार्ड पार्षद किरण मेहता, डॉ अजय प्रकाश, डा धीरज कुमार, अधिवक्ता नवीन कु. सिन्हा, राजेन्द्र यादव, तारकेश्वर नाथ झा, समाजसेवी गणेश कुमार आदि थे।

# आयुष इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

फुलवारी शरीफ जानीपुर स्थित आयुष इंटरनेशनल स्कूल मैं आज शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजित किया गया वार्षिकोत्सव उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर वायरस डांस एकेडमी के बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस प्रस्तुत किया डायरेक्टर प्रेम राज गुप्ता एवं आमोद गुप्ता द्वारा ट्रेनिंग दिया गया स्कूल के बच्चों के द्वारा डांस और एक्टिंग का प्रदर्शन हुआ सभी बच्चों ने दर्शकों अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम कुमार , माननीय अतिथि जय शंकर बिहारी निर्देशक रूही किशोर, प्राचार्य सौरभ सुमन, शिक्षक में मोनिका कुमारी, खुशबू कुमारी, शमा परवीन, सुमित कुमार, गौरव कुमार, प्रियंका कुमारी और बच्चे बच्चे को अभिभावक लोग मौजूद थे उन लोगों का भी कहना था कि ऐसा कार्यक्रम स्कूल में पहली बार हुई है ऐसा बच्चों द्वारा डांस का जो प्रोग्राम हुआ उसको लेकर हम लोग बहुत खुश है इस तरह का कार्यक्रम आगे भी हो तो और सभी बच्चे इस सर के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बस एवं ट्रक की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

जहानाबाद। घोसी हाई स्कूल के समीप बस एवं ट्रक में टक्कर आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी लोग बारात से लौट रहे थे। सभी घायलों का इलाज घोसी के पीएचसी में कराया जा रहा। मिली जानकारी के मोहनपुर से बस पर सवार होकर लोग सकरी जा रहे थे। जैसे ही घोसी हाई स्कूल के समीप बस पहुंची विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक में जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में बेचन मिस्त्री, मनोज रविदास, इंदल चौधरी, देवंद चौधरी, प्रवीण कुमार, विपिन रविदास एवं बिगन चौधरी शामिल हैं।

### जनता दरबार में तीन मामलों का निष्पादन

मनीगाछी। दरभंगा नेहरा ओपी परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन मामलों का निष्पादन किया गया। सीओ राजीव प्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में प्रभारी ओपी अध्यक्ष नीरज कुमार सहित दोनों पक्षों के लोग उपस्थित थे। सीओ ने बताया कि जनता दरबार में कुल पांच मामलों पर विचार के बाद तीन मामलों का निष्पादन कर दिया गया। जबकि दो मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर अगली बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

### अयाची नगर युवा संगठन को मिला सम्मान

मधुबनी। मधुबनी जिले के पंडौल प्रखंड में कार्यरत अयाची नगर युवा संगठन के संस्थापक विक्की मंडल को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को लेकर मधुबनी जिला जिला परिषद अध्यक्षा बिंदु गुलाब यादव द्वारा अखण्ड भारत सेवा सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति के तत्वाधान में झंझारपुर में आयोजित किया गया था।

### बिंदु गुलाब यादव ली डाकबंगला के जमीन की जानकारी

मधुबनी। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव शनिवार की सुबह जिला परिषद सदस्य प्रियंका झा चौधरी के साथ बेनीपट्टी बाजार स्थित डाकबंगला पर पहुंच गई। यहां उन्होंने जिला परिषद की जमीन के बारे में जानकारी ली। डीएसपी द्वारा जिला परिषद के डाकबंगला का आवास के रूप मे वर्षो से किये जा रहे उपयोग के बारे में जनकारी ली। अध्यक्षा ने कहा कि यहां की जमीन का सीमांकन कराकर मॉल या फिर व्यवसायिक कमरे बना दिया जाए, तो लोगों को रोजगार के लिए जगह भी मिल जाएगी और परिषद को राजस्व भी प्राप्त होगा।

# सप्त दिवसीय यज्ञ समारोह के अंतिम दिन दर्शन करने पहुंची रेणु

## जीवन में सुख शांति के लिए पूजा पाठ जरूरी:उपमुख्यमंत्री रेणु देवी

फरीदपुर, प्रात: किरण संवाददाता



**सम्मानित**

• उपमुख्यमंत्री रेणु देवी को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया

रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणु देवी भगवान का दर्शन करने के लिए पधारीं। जय श्री राम और जय माता दी के नारों के साथ रघुनाथगंज और शकुराबाद के लोगों ने उप मुख्यमंत्री रेणु देवी का स्वागत किया।

बिहार के प्रसिद्ध लोक गायिका और रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिषद के अध्यक्ष नीतू कुमारी नवगीत ने उपमुख्यमंत्री रेणु देवी को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंदिर के संरक्षक रविंद्र भगत ने उप मुख्यमंत्री को मंदिर का स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मंदिर और यज्ञ भूमि का दर्शन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रेणु देवी ने कहा कि हमारे जीवन में देवी देवताओं का विशेष महत्व है। भगवान गणेश प्रथम पूज्य देव हैं। अगर हम गणेश भगवान की आराधना ना करें तो हमारे जीवन के विघ्न बाधाओं को कौन हरेगा। हम माता शक्ति की आराधना करते हैं। माता सरस्वती विद्या देती हैं। मां दुर्गा हमें शक्ति प्रदान करती हैं। महालक्ष्मी धन की देवी हैं। भगवान शिव भोले दानी हैं। वह सपरिवार हम पर कृपा करते हैं। माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय और नंदी बैल सभी हमारे रक्षक हैं। पूजा हम अपने जीवन में शांति की प्राप्ति के लिए करते हैं। जीवन में सुख की प्राप्ति के लिए करते हैं। हमें भगवान की पूजा करनी चाहिए। घर के बड़े-बुजुर्गों और अभिभावकों की पूजा करनी चाहिए। सनातन संस्कृति में बड़ी ताकत है। जीवन में जिस व्यक्ति ने अपनी तीन पीढ़ियों को देखा, वे सौभाग्यशाली हैं। घर के बुजुर्गों की विशेष देखभाल हम सबको करनी चाहिए। रघुनाथगंज में इतना भव्य मंदिर बना है, इससे क्षेत्र का विकास भी होगा और समाज में समरसता भी बढ़ेगी। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, सुनील प्रसाद, अनुज कुमार, राजेश्वर प्रसाद, शंभु प्रसाद, अजय प्रसाद विनोद प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, पुष्पा कश्यप, शिवांगी कुमारी, राकेश कुमार, विक्रम कुमार, बबलू प्रसाद सहित हजारों की तादाद में लोग उपस्थित हुए। यज्ञ परिसर में आज हवन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# दुल्हा-दुल्हिन मंदिर बनेगा मिथिला का गौरव: समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो



**अपील**

• सीताराम भक्तों से इस भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग करने की अपील की

लहेरियासराय बलभद्रपुर स्थित में प्रस्तावित दुल्हा-दुल्हिन मंदिर के भूमिपूजन के अवसर पर बिहार सरकार के समाजकल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा पचाढ़ी महंत मौनी बाबा द्वारा विगत कई दशकों से मिथिला के कोने कोने में आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण को ऐतिहासिक बताया। इस अवसर पर दरभंगा के सांसद डॉ.गोपालजी ठाकुर ने इस मंदिर के निर्माण को एक पृथक दृष्टिकोण से रेखांकित करते हुए कहा कि दरभंगा में इस प्रकार का मंदिर बनाया जाना समस्त मिथिलावासियों के लिए गौरव की बात हैं।

साथ ही उन्होंने एम्स के चालू हो जाने पर सुदूर से आएं लोगों एवं परिजनों के लिए इस मंदिर को एक विशिष्ट विश्राम स्थल के रूप में भविष्य में उपयोग में लाए जाने की बात कही। इस अवसर पर नगर विधायक संजय सरावगी ने मौनी बाबा के आध्यात्मिक ऊर्जा को विरल बताया। साथ ही इस मंदिर मे हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उक्त मंदिर के परिकल्पक मौनी बाबा ने आगत संत, महंथो, महामंडलेश्वर के साथ उपस्थित समस्त श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने मिथिला के साथ साथ पूरे देश के सीताराम भक्तों से इस भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग करने की अपील की। इस मंदिर के निर्माण में अनुमानित लागत लगभग 10-12 करोड़ बताया। मानव सेवा समिति के संस्थापक प्रो.जयशंकर झा ने मौनी बाबा की सीताराम भक्ति को अप्रतिम बताते हुए लोगों से इस कार्य को एक मिशन के रूप में लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मौनी बाबा द्वारा विधिवत भूमिपूजन के पश्चात उपस्थित सभी आगत अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौके पर धेरुख महंत अवधकिशोर दास, पीठाधीश्वर विश्नुदेवाचार्य, बिनोद दास जी महाराज, बिहार केसरी रतन किशोर दास जी महाराज, मोरदीपा महंत शिवराम दास, रामललित दास जी महाराज, श्याम सुंदर दास, श्रवणदास जी महाराज, गोपाल दास, डिप्टी मेयर भरत सहनी, करुणानंद मिश्र, ज्योति कृष्ण झा लवली, आदित्य नारायण मन्ना, डॉ. धर्मशिला गुप्ता, जीवछ सहनी, अभयानंद झा, मणिकांत झा, श्याम बिहारी सरस, अधिवक्ता सुनील कुंवर, उज्जवल कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गाहर सरकार रामचंद्र दास जी महाराज ने की। उक्त कार्यक्रम के वैदिक की भुमिका में कन्हैया चौधरी एवं हनुमान दास जी सक्रिय थे।

# एसएसबी के द्वारा स्कूली बच्चों को कराया गया योगाभ्यास



मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के हरलाखी में भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गंगौर कैम्प एसएसबी के द्वारा एक निजी विद्यालय में योग एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्कूली बच्चों को भस्त्रिका, कपाल भाति, अनुलोम-विलोम आदि प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए सुबह उठने से लेकर रात्रि सोने तक स्वस्थ दिनचर्या के विषय में बताया गया। इस दौरान गंगौर कैम्प इंचार्ज इंस्पेक्टर करनैल चंद ने कहा कि इस निःशुल्क योग शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थय के प्रति बच्चों को जागरूक करना है, ताकि वे तन-मन से स्वस्थ रह सके। उन्होंने कहा कि योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है। इसलिए सभी लोगों को हमेशा योग करना चाहिए ताकि व्यक्ति का मन-मस्तिष्क स्वस्थ रह सके।

इसी उद्देश्य से कंपनी के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर योग शिविर आयोजित की गई है।

# एसएसबी के द्वारा जमीन अधिग्रहण मामले में जारी किया गया प्रेस नोट

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी में आज इस3बी के लिए जमीन अधिग्रहण मामले में काफी उतार-चढ़ाव और तीखी नोंक-झोंक ग्रामीणों एवं एसएसबी के जवानों के बीच हुई।

हालांकि बाद में उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद किसानों एवं प्रशाशन की बीच वार्ता भी की गई, पर वार्ता विफल रही। तब एसएसबी केओ मिले आदेशानुसार जमीन अधिग्रहण भारी भीड़ के विरोध के बावजूद जारी रहा, वहीं स्थानीय लोग और किसान दोबारा से न्यायालय की शरण मे जाने की बात कह कर मायूस वापस लौट गए। इस बाबत प्रेस प्रतिनिधियों को प्रेस रिलीज जारी कर जयनगर इस्तिथ 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने बताया कि एसएसबी मुख्यालय स्थापनार्थ हेतु मौजा दुलीपट्टी, अंचल-जयनगर, जिला-मधुबनी, थाना संख्या-28 में रखवा 75 एकड़ रैयती भूमि की अधिग्रहण कार्यवाही भू-अर्जन कार्यालय मधुबनी के माध्यम से किया गया था, तथा संपूर्ण भूमि की संपूर्ण राशि एसएसबी द्वारा भू-अर्जन कार्यालय मधुबनी में जमा कर दिया गया था। जिसके अंतर्गत भूमि की अधिसूचना एवं अधिघोषणा करने के उपरांत हितवद्ध रैयतों को मुआवजा राशि का भुगतान करने के बाद जिला भू-अर्जन मधुबनी के द्वारा प्रपत्र 07 के तहत 03.97 एकड़ भूमि को छोड़कर रकवा 71.3 का दखल कब्जा सशस्त्र सीमा बल को दे दिया गया था। शेष भूमि धारियों के द्वारा नए दर से मुआवजा भुगतान की मांग को ध्यान में रखते हुए जिला अधिकारी के द्वारा निदेशक भू-अर्जन बिहार पटना के निर्देश मांगा गया था। जिसके आलोक में निदेशक भू-अर्जन पटना बिहार द्वारा उक्त भूमि के सम्बंध में पुराने अधिनियम के तहत कार्यवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके उपरांत जिलाधिकारी मधुबनी के आदेश अनुसार उक्त भूमि का भौतिक रूप से दखल कब्जा सीमा बल को दिया जाना हैं। इसी को लेकर आज जमीन का भौतिक रूप से दखल कब्जा को लेकर सीमांकन का कार्य एसएसबी अनुमंडल प्रशासन स्थानीय प्रशासन पुलिस जवानो भू-अर्जन पदाधिकारियों अमीनों के निगरनारी में साथ लेकर कार्य प्रारंभ किया गया हैं।

# जालसाजी के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पटना ले गई पुलिस

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के खजौली थाना क्षेत्र के तुलसीयाही ग्राम निवासी एवं पटना सुलतानगंज थाना में दर्ज धोखाधड़ी व जालसाजी के एक मामले के नामजद एक आरोपी को खजौली थाना पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर शनिवार को पटना ले गई पटना सुलतानगंज थाना की पुलिस।

जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार तुलसीयाही ग्राम निवासी भोगेन्द्र कैवार के पुत्र अमरेश कुमार उर्फ आदित्य कुमार के संबंध में बताया जाता है कि वह अपनी मजबूरी बता कर लोगों से जुड़ता था और जालसाजी कर रुपये ऐंठता था। इस सिलसिले में कमला देवी स्थान, महेन्द्रू पटना, सुलतानगंज थाना क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार द्वारा अमरेश उर्फ आदित्य के विरुद्ध सुलतानगंज थाना में धोखाधड़ी, जालसाजी व चोरी का एक मामला दर्ज करवाया गया था, जिस आलोक में उनकी गिरफ्तारी पटना पुलिस द्वारा की गई है। सुलतानगंज थाना में दर्ज मामले में कहा गया है कि आदित्य वर्ष 2017 में खुदको अनाथ बताकर अपनी पढ़ाई लिखाई जारी रखने हेतु प्रदीप से बराबर काम की मांग किया करता था। एक दिन प्रभावित होकर प्रदीप ने उन्हें काम पर रख लिया और अपने लॉज में रहने की जगह दे दी।

कुछ दिनों बाद आदित्य ने एसएससी-सीजीएल की परीक्षा पास कर इनकम टैक्स ऑफिसर के रुप में अपना चयन हो जाने की अफवाह फैलाई। ट्रेनिंग में मुंबई जाने जे नाम पर उन्होंने प्रदीप से कुछ रुपये भी उधार ली। ट्रेनिंग के नाम पर वह इधर उधर घूमता और प्रदीप व उनके स्वजनों से रुपये ऐंठता रहा। इस बीच आदित्य ने प्रदीप को मोबाइल पर अपने एक सीनियर अधिकारी द्वारा अपनी बेटी से शादी के लिए उनपर बराबर दबाब बनाने की बात कही। अधिकारी के दबाव से बचने के लिए उन्होंने अपने बेटी के साथ शादी का कागजात बना देने का आग्रह किया। प्रदीप ने झांसे में आकर 8 जून 2018 को नोटरी पब्लिक पटना सिटी से अपनी बेटी का आदित्य उर्फ अमरेश के साथ शादी की कागजात बनवा दिया।

# जिला स्तरीय बैंकर्स की त्रैमासिक बैठक में जिलाधिकारी ने दिए कई निर्देश

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



जिला सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैंकर्स की त्रैमासिक जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विजय कुमार ने दिसम्बर तिमाही में जिले के बैंकों की उपलब्धि तथा गत एसएलबीसी की बैठक का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि जिले के बैंक माइक्रो फाइनांस पर फोकस कर इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा ऋण मुहैया करायें और सीडी रेशियो को राज्य के औसत पर लायें। उप विकास आयुक्त ने बैंकवार समीक्षा की और कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर नाराजगी जताते हुए सभी बैंकों को नये वित्तीय वर्ष के लिये रोडमैप तैयार करने का निर्देश देते हुए कहा कि इसकी प्रगति की समीक्षा प्रत्येक माह उनके द्वारा की जायेगी। बैंकों को जिले में विशेषकर मशरुम की खेती एवं मत्स्यपालन के क्षेत्र में उदारता से ज्यादा से ज्यादा ऋण देने का आग्रह किया। साथ ही आने वाले वर्ष के लिए जोर शोर से काम करने को लेकर दिए गए निदेर्शों की जानकारी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने दी। जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने बकायेदारों से ऋण वसूली के लिए प्रशासनिक सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

# बोचहां चुनाव परिणाम में दिखा ए टू जेड का जलवा

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

बोचहां उपचुनाव में राजद को मिली जीत के बाद जिले के कार्यकताओं में खुषी का माहॉल है। राजद कार्यकताओं ने जीत का श्रेय नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को देते हुए कहा कि बोचहां उपचुनाव परिणाम में ए टू जेड का जलवा दिखा। नेताओं ने कहा कि सभी जाति धर्म के लोगों ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व को स्वीकार लिया है। इस उपचुनाव में बेरोजगारी, महंगाई एवं बदहाल षिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व विधि व्यवस्था से त्रस्त जनता ने डबल इंजन की सरकार तथा अवसरवादी एनडीए गठबंधन की जनविरोधी नीतियों व अहंकार को परास्त किया है। नेताओं ने कहा कि चुनाव नतीजे ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर सवाल उठाने वालों को करारा जवाब दिया है। उनकी आंखें भी खोल दी है और आए नतीजे ने साबित कर दिया है कि डबल इंजन की सरकार बिहार बढ़ रहे हत्या, लूट, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में पूर्ण रूप से असफल साबित हो चुके हैं। जनता इनसे ऊब चुकी है और अब बदलाव चाहती है। इस उपचुनाव के माध्यम से जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में राजद को अपार बहुमत से जिताकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। खुषी का इजहार करने वालों में स्थानीय विधायक सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीष कुमार दास, नवनिर्वाचित विधान पार्षद कुमार नागेंद्र उर्फ रिंकू यादव, पूर्व विधायक डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास, जिप सदस्य आभा रानी, महेष ठाकुर, परमहंस राय, प्रवक्ता डॉ शषिरंजन उर्फ पप्पु यादव, मनोज यादव, धर्मपाल यादव, बैकुण्ठ यादव, पप्पु मल्लिक, मरछू रविदास, अरमान मल्लिक सहित कई राजद कार्यकर्ता शामिल हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर विभिन्न विभागों के साथ की गयी समीक्षा

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मिटिंग हॉल में अपर जिला सत्र न्यायाधीश-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार जावेद आलम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक को सम्बोधितलजिला अपर सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री जावेद ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन कर प्राधिकार को सौपने को कहा गया, जिससे प्राधिकार द्वारा सही समय पर नोटिस निर्गत करते हुए उसका तामिला करा सके। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा इसमें पूर्ण सहयोग करने और राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण कराने की बात कही गयी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा के तत्वावधान में 14 मई को पूर्वाह्न 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय दरभंगा, बेनीपुर, बिरौल के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न मुकदमा पूर्व एवं लंबित वाद यथा- शमनीय (कम्पाउंडेबल) आपराधिक वाद, एन. आई. एक्ट धारा 138 वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम विवाद, विद्युत तथा पानी बिल संबंधी विवाद, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा संबंधी (वेतन, भत्ता एवं सेवानिवृत्ति लाभ), राजस्व मामले (जिला न्यायालय में लंबित) एवं अन्य दीवानी मामले यथा (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, संविदा के विनिर्दिष्ट पालन हेतु वाद), बी.एस.एन.एल, ग्राम कचहरी में लंबित वाद इत्यादि से संबंधित वाद का निष्पादन आपसी सुलह के आधार पर तत्काल किया जाएगा।

# हंगामा विरोध विवादों के बीच एसएसबी मुख्यालय निर्माण को लेकर सीमांकन कार्य हुआ प्रारंभ

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



**विफल**

• हक मुआवजे समेत अन्य मांगों पर अड़े किसान प्रशासन से किसानों की वार्ता विफल रही

मधुबनी जिला के जयनगर सीमांचल क्षेत्र में तैनात 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के लिये प्रस्तावित एसएसबी मुख्यालय के निर्माण के लिए जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के दुल्लीपट्टी में एनएच 104 के समीप प्रस्तावित 75 एकड़ रैयती भूमी जमीन में 71.3 एकड़ जमीन अधिग्रहण को लेकर एसएसबी प्रशासन के द्वारा सीमांकन भौतिक दखल कब्जा को लेकर भू स्वामियों किसानों ग्रमीणों ने जमकर विरोध किया।

शनिवार की सुबह से भूमि के सीमांकन को लेकर बड़ी संख्या में एसएसबी जवानों पुलिस प्रशासन पुलिस बल समेत अन्य पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई थी। एनएच सड़क के दोंनो तरफ इंट्री पॉइंट पर बेरियर शिविर टेन्ट और आसपास के खेतों सड़क किनारे बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती देखी गई। सीमांकन दखल कब्जा को लेकर सुबह होते एसएसबी को दखल कब्जा दिलाने को लेकर सीमांकन कार्य एसएसबी अधिकारियों के निगरानी में एसएसबी जवानों प्रतिनियुक्त अधिकारियों जिला भू-अर्जन के पदाधिकारियों समेत क्षेत्र के कई अमीनों के द्वारा नापी और जाल लगाने घेराबंदी को लेकर पिलरों कस कार्य प्रारंभ किया गया। जब ग्रामीणों को सुबह भनक लगी कि सीमांकन कार्य होना प्रारंभ हो गया तब भू स्वामी किसान और ग्रामीण जमीन पर पहुचकर एसएसबी और पदाधिकारियों से सीमांकन नहीं करने का अनुरोध किया गया। लेकीन एसएसबी के जवानों पुलिस प्रशासन समेत तैनात पदाधिकारियों पुलिस बल ने एक न सुनी और एसएसबी प्रशासन के साथ किसानों का विवाद बढ़ता चला गया। लेकिन सीमांकन का कार्य नहीं रुका इसके बाद विवाद हंगामा और विरोध में तब्दील ग्रमीणों के द्वारा जमकर हंगामा किया गया। एसएसबी और प्रशासन के साथ कहा सुनी हो-हंगामा होने लगा एसएसबी और प्रशासन के द्वारा किसानों ग्रामीणो को जमीन पर हटाने पीछे ढ़केलने एवं धक्का मुक्की होने लगी। जिस कारण सड़क पर काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और एनएच सड़क जाम हो गया वाहनों का काफिला का लंबा कतार कुछ देर के लिए लग गया। सभी किसान प्रशासन एसएसबी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुदार्बाद के नारें लगाते रहें। प्रशासन के द्वारा किसानो और ग्रमीणों को समझाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन न तो प्रशासन की कोई बात सुन रहा था और न प्रशासन किसानो ग्रामीणों की बात सुन रहा था। हो-हंगामा होते रहा और वही उधर खेत जमीन पर नापी का कार्य और जेसीबी से पिलर गाड़ने वाली ट्रेक्टर मशीन से एवं कुदाल खंती, बांस, बल्ला समेत अन्य सामग्रियों सीमेंट से बनी पिलरों का गाड़ने एवं कटीला तार लागये सीमांकन का कार्य जारी रहा। ग्रामीणों किसानों के द्वारा प्रशासन को खेत जमीन मुआवजे पूर्व में दिये गए आवेदन न्यायालय में मामला लंबित समेत अन्य सम्बंधित कागजातों को लेकर सड़क पर और खेत जमीन के आसपास इधर-उधर भटक रहें थे। किसानो प्रशासन को कागजातों को भी दिखाया गया, लेकिन इसके बावजूद भी दखल कब्जा हेतू सीमांकन का कार्य जारी रहा। किसानो ग्रामीणों के द्वारा सड़क पर और फसल लगे खेत जमीन के आसपास हंगामा जारी रहा।

# आंगनबाड़ी सेविका के साथ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**मधुबनी।** मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के सिसौनी गांव निवासी आंगनबाड़ी की सेविका पिंकी कुमारी ने केंद्र संचालित के क्रम में मारपीट करने समेत अन्य कई गंभीर आरोपों में गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि केंद्र संख्या 218 स्थान गांव के ही जीवछ के दालान पर बच्चों को पढ़ा रहे थे। इसी क्रम में ग्रामीण गुंजन सिंह, चंदन सिंह, राहुल सिंह, निर्भय सिंह व निर्मला देवी सभी अपने अपने हाथ में प्राणघातक हथियार से लैस होकर आया और अभद्र व्यवहार करते हुए सभी मिलकर गाली देने लगे। विरोध करने पर सरकारी कागजात व पंजियों को फार दिया, और मेरे साथ मारपीट की। किसी तरह अपना जान बचाकर घर भाग गए, तो सभी लोग पीछा करते हुए मेरे घर आकर दरवाजे को तोड़कर घर में लूटपाट किया। बीच बचाव के लिए जब मेरा पती आया तो गुंजन सिंह ने जान मारने की नीयत से चाकू पेट में मार दिया, जिससे काफी खून बहने लगा। फिर से गर्दन पर फरसा से प्रहार किया जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गए, और फिर सादे कागज पर मेरा अंगूठा का निशान लेकर जान मारने का धमकी देकर सभी भाग गये।

# विमल कांत चौधरी के निधन से वामपंथी आन्दोलन को गहरा क्षति हुआ है: राम कुमार

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो

आज सीपीआई और वामपंथी आंदोलन के मजबूत स्तंभ विमल कांत चौधरी जी का सर्वदलीय शोक, श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन जिला कार्यालय लालबाग में पूर्व जिला सचिव और राज्य परिषद सदस्य राम कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि कामरेड विमल कांत चौधरी जी के निधन से सीपीआई सहित वामपंथी जनवादी आन्दोलन को गहरा क्षति हुई है। पार्टी के जिला संस्थापक सदस्यों में से वो एक थें। उन्होंने पार्टी को सीच कर पूरे जिला में जमीनी स्तरों पर मजबूत करके पार्टी से कई विधानसभा, विधान परिषद और लोकसभा सदस्यों को सदन के पहुँचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाए थें।

आजीवन गरीब-गूरबो, किसान-मजदूरो के हक-हकूक के लिऐ संघर्ष करते रहे। शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उन्होंने अद्धुतिय कार्य किया है। वे पूर्व सांसद भोगेन्द्र झा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री चतुरानन मिश्र, पूर्व विधायक अब्दुल सलाम, रामबल्लब जलान, बैधनाथ मिश्र यात्री सहित कई विभूतियों के साथ संघर्ष करने वाले मजबूत कम्युनिस्ट थे। एक जमीनदार परिवार में जन्म होने के बाद भी जमीनदार उन्मूलन के खिलाफ संघर्ष किया और अपने परिवार सहित अन्य जमींदारों की भी जमीनो पर भूमिहीनों को बासगीत पर्चा दिलवाकर बसाया है। उनका भटकाव कभी भी संसदीय राजनीति के तरफ नहीं हुआ। अगर वो चाहते तो कभी भी विधायक, सासंद और मंत्री बन सकते थे मगर उन्होंने संघर्ष को चुना। वो वर्षों तक सत्ता और सामंतो का दंश झेलते रहे। विमल बाबू कम्युनिस्ट आन्दोलन के प्रतीक थें। उनके जीवन से सभी को सीख लेनी चाहिए।

सभा को सीपीआई के जिला सचिव नारायण जी झा, राज्य परिषद सदस्य शत्रुघ्न झा,सीपीएम के जिला सचिव अविनाश कुमार ठाकुर ह्यमंटूह्ल, भाकपा माले के जिला सचिव बैधनाथ यादव, विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव बैधनाथ चौधरी बैजू, विश्वनाथ मिश्र, अहमद अली तमन्ने, दिलीप भगत, आशुतोष कुमार मिश्रा, रामनाथ पासवान आदि ने संबोधित किया।

# एक सप्ताह में जल-नल की गड़बडियों को ठीक करवाएं प्रशासन: सुमित्रा देवी

**दरभंगा।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और पेयजल की संकट की सम्भावना को देखते हुए दरभंगा जिला पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये प्रखंडो विकास पदाधिकारी,जिला परिषद सदस्यों व प्रखण्ड के प्रमुख व उप प्रमुख के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बहादुरपुर प्रखण्ड से बीडीओ बहादुरपुर,जिला परिषद सदस्य सुमित्रा देवी,सीता देवी,प्रमुख,उप-प्रमुख मनोज सिंह व पूर्व उपप्रमुख हरि पासवान आदि ने शिरकत किया और बहादुरपुर प्रखण्ड में गहराते पेयजल संकट को लेकर तत्काल पहल करने की मांग जिला पदाधिकारी से किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सुमित्रा देवी ने डीएम से आग्रह किये हैं कि पंचायतों में अधिकांश जल-नल बन्द हैं। और कई इलाकों में चापाकल भी गड़बड़ हैं। अगर समय रहते ठोस पहल नहीं किया गया तो बहादुरपुर प्रखण्ड के कई इलाकों में पेयजल का संकट हो जायेगा। पूर्व उप-प्रमुख हरि पासवान ने कहा कि पंचायतों के विभिन्न वार्डो में इंडिया मार्का चापाकल युद्धस्तर पर लगाया जाय जिसको डीएम ने भी अपनी सहमति दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के प्रति जनता का गुस्सा उपचुनाव मे उसकी हार का मुख्य कारणः महेश्वर प्रसाद यादव

मुजफ्फरपुर। जनता दल यूनाइटेड के नेता और पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश के चार राज्यों में हुए लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार का मुख्य कारण भाजपा के प्रति आमजनता का गुस्सा है। बोचहां विधानसभा उप चुनाव के परिण्डे म की घोषणा के तुरत बाद प्रेस के लिए जारी बयान मे जदयू नेता ने कहा है कि महंगाई ,बेरोजगारी ,भ्रष्टाचार और भाजपा के लोगों द्वारा बेवजह हिंदु- मुस्लिम तनाव का माहौल भनाए जाने के कारण भाजपा और केन्द्र सरकार के खिलाफ व गो मे गुस्सा है जिसका लाभ विपक्षी पार्टियों को मिल रहा है। उन्होने कहा है कि यदि समय रहते भाजपा ने इससे सबक नहीं ली तो आगामी लोकसभा चुनाव मे इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

### मारपीट व जानलेवा हमले में चार आरोपी को मझौलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मझौलिया। पूर्व के मारपीट व जानलेवा हमले में चार आरोपी को मझौलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा बेतिया जेल ।यह जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने दी । उन्होंने बताया की इन चारों के बिरुद्ध माझौलिया थाना कांड संख्या 706/2020 धारा 341,342,323,379,307, 34 भा.द.वी. के नामजद अभियुक्त गुलशन कुमार पिता हीरा महतो,छोटन महतो पिता महावीर महतो,मितरंजन तिवारी पिता रथ नरेश तिवारी ,पप्पू श्रीवास्तव उर्फ नितेश कुमार पिता प्रदीप श्रीवास्तव चारो साकिन विरवा वाड 10 से गिरफ्तार कर मेडिकल जाचोंपरांत जेल भेज दिया।

### अपहरण व रेप के मामले में काराधीन अभियुक्त दोषी करार

औरंगाबाद : छात्रा के अपहरण कर रेप करने के मामले में एक मात्र काराधिन अभियुक्त चंदन दोषी करार, व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडिजे छः सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट विवेक कुमार ने बारूण थाना कांड संख्या 95/21 में सुनवाई करते हुए मात्र एक वर्ष के ट्रायल में काराधीन अभियुक्त चंदन कुमार अंछा दाउदनगर को भा द वी की धारा 366ए,376 और 4पोक्सो एक्ट में दोषी पाते हुए सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 21/04/22 को निर्धारित किया गया है, एपीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि नाबालिग पीड़िता के पिता ने 19/03/21 को अभियुक्त पर अपनी छात्रा पुत्री की अपहरण कर रेप करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। यह जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी।

# बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रति सभी अपने सम्मान की अभिव्यक्ति करें : नित्यानंद

सासाराम, प्रात : किरण संवाददाता



केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नित्यानंद राय ने रोहतास जिला भाजपा कार्यालय के सभागार में जिला के सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शनिवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं का आह्वान किया की आप सभी बूथ व पंचायत केन्द्र से शाहाबाद के शान बाबू वीर कुंवर सिंह को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के महायज्ञ में भाग लेकर उनके प्रति अपने सम्मान को अभिव्यक्त करें।

भोजपुर के जगदीशपुर में 1857 के सफल स्वतंत्रता सेनानी वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आगमन होने जा रहा है, इस अवसर पर 75000 से ज्यादा राष्ट्रीय ध्वज के साथ यात्रा निकलना तय है जो एक विश्व रिकॉर्ड बनाने का मार्ग सुनिश्चित करेगा। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में गृहराज्यमंत्री नित्यानंद राय, पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी, सांसद छेदी पासवान, शाहाबाद के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष विधान पार्षद प्रमोद चंद्रवंशी, विधानपार्षद श्रीमती निवेदिता सिंह, जिला प्रभारी जितेन्द्र पांडेय, प्रदेश मंत्री अजय यादव, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद कु.सिंह, राजेन्द्रसिंह, राजकुमार सिंह, त्रिविक्रम नारायण सिंह, डॉ.कु.विकास सिंह आदि ने सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं राष्ट्रगीत द्वारा सभा का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख प्रभारी पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने सभी मंडल अध्यक्ष, शक्तीकेन्द्र प्रमुख एवं प्रमुख कार्यकताओं से अपील किया कि हमलोगों को तिरंगा लहराकर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह के विरासत को मजबूती प्रदान करनी है।

**बैठक**

**● 75 हजार तिरंगा लहराकर हमें विश्व रिकॉर्ड बनाना है : सम्राट चौधरी**

कार्यक्रम में शशिभूषण प्रसाद, डॉ. शरत चंद्र संतोष, संतोष पटेल, विजय सिंह, बलिराम मिश्र, परमहंस सिंह, मंगलानंद पाठक,प्रिंसराज, विवेक सिंह, अशोक साह, अरुण चौबे, एमएसगंधा, डॉ.सचिन कु.सिंह, प्रभाकर तिवारी, रामायण पासवान, जवाहर सिंह, गुप्तेश्वर चंद्रवंशी, गुप्तेश्वर गुप्ता, गुलबासो पांडेय, पंकज सिंह, सरताज हुसैन, सुधीर चंद्रवंशी, धीरज तिवारी, राजेश्वर सिंह, पुष्पा चौहान, सुधीर सिंह, सत्यनारायण पासवान, कु. विनोद सिंह, विश्वंभर सिंह, वकील खरवार, ब्रजेश तिवारी, राकेश सिन्हा, सत्येन्द्र सिंह, प्रमोद कु.सिंह, प्रमोद कुशवाहा, विनोद गोस्वामी, संजीव गुप्ता, हरेंद्र चंद्रवंशी, मृत्युंजय शुक्ला, संतोष कु.पांडेय, अजित सिह, विनोद कुशवाहा, शशिबाला आदि प्रमुखतः उपस्थित थे।

# शब्दाक्षर बिहार की जमीनी काव्य गोष्ठी का भव्य शुभारंभ

गया, प्रात : किरण संवाददाता



'शब्दाक्षर', बिहार की जमीनी मासिक काव्य-गोष्ठी का भव्य शुभारम्भ शगुन गेस्ट हाउस, विष्णुपद, गया में हुआ, जिसमें बिहार राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रतिष्ठित कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएँ प्रस्तुत कीं। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व कार्यक्रम का संचालन व संयोजन कर रही शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी प्रो डॉ रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा प्रस्तुत पावन स्तुति पाठ व स्वरचित सुमधुर सरस्वती वंदना ज्ञान दे, सुर तान दे, माँ शारदे वरदान दे से हुआ। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि, बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ व प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र अणु ने मंचासीन कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण मिश्र, प्रधान अतिथि सुरेन्द्र सिंह सुरेन्द्र तथा विशिष्ट अतिथि डॉ सच्चिदानंद प्रेमी एवं कन्हैयालाल मेहरवार जी का स्वागत पुष्पगुच्छ प्रदान करके तथा माल्यार्पण करके किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय प्रवक्ता ने शब्दाक्षर के संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह एवं बिहार प्रदेश प्रभारी अंतरराष्ट्रीय गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र द्वारा शब्दाक्षर बिहार के लिए प्रेषित शुभकामना संदेशों को पढ़कर सुनाया। आशीष प्रदाता डॉ बुद्धिनाथ मिश्र जी ने इस शुभारंभ को गौरवमय ऐतिहासिक कार्य बताते हुए डॉ रश्मि को शुभकामना स्वरूप शब्दाक्षर रवि का सृजन अक्षय पात्र प्रताप, इस पर शंकर प्रेम की गहन कपूरी छाप। गहन कपूरी छाप, अवध से बंग अलंकृत। विष्णुकांत की वरद चेतना इसमें झंकृत। बुद्धिनाथ की रश्मि प्रवाहित मासिक निर्झर। सौरमास संक्रांति सदृश अपना शब्दाक्षर स्वरचित पंक्तियाँ प्रेषित कीं। वहीं दिग्दर्शक रविप्रताप सिंह ने राष्ट्रीय प्रवक्ता, प्रदेश अध्यक्ष सहित शब्दाक्षर बिहार के अधिकारियों एवं उपस्थित काव्य अनुरागियों एवं साहित्यकारों को हार्दिक धन्यवाद देते हुए कहा कि शब्द एवं अक्षर ही शब्दाक्षर है तथा साहित्यकार शब्द और अक्षर के ही प्रतिनिधि होते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष प्रो मनोज मिश्र द्वारा प्रस्तुत स्वागत वक्तव्य के पश्चात मंचासीन अतिथियों एवं आमंत्रित कवियों ने मन और हृदय को छू लेने वाली स्वरचित रचनाएँ सुनायीं। कन्हैया लाल मिश्र की तुमने ही चाहा था मुझको, तुमने ही आज भुलाया है श्री सुमंत की महिला सशक्तीकरण पर रचित घर की चाहारदीवारी में कैद कब तक रहोगी?, खालिक हुसैन परदेसी की दर्द की गाथा कहाँ जाके सुनाऊँ उनको, अरुण हरलीवाल की श्रमजीवियों को समर्पित वह उजाला मुक्ति वाला आम होता है नहीं, डॉ राकेश कुमार सिन्हा 'रवि' की रचना देश भर में शब्दाक्षर के हो गेल है नाम, डॉ सच्चिदानंद प्रेमी की गर्मी बहुत बढ़ी है, सुरेन्द्र सिंह सुरेंद्र की तपोभूमि इस बोधगया ने बुद्ध बनाया गौतम को, प्रो मनोज मिश्र की समय जो ये आज आया है, कल चला जाएगा तथा डॉ रश्मि प्रियदर्शनी के मुक्तक मनुजता आज रोती है, दनुजता मुस्कुराती है, न जाने क्यों हमें हैवानियत इतना लुभाती है, निरख संसार की पीड़ा अगर छलके नहीं आँसू, दशा यह दुर्दशा है, सभ्यता हित आत्मघाती है पर खूब वाहवाहियाँ लगीं।

# सीयूएसबी में एनएसएस इकाई का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में संचालित एनएसएस इकाई द्वारा विवेकानंद व्याख्यान थियेटर में एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. बुद्धेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आभासी माध्यम से श्री पीयूष परांजपे, क्षेत्रीय निदेशक एनएसएस पटना जुड़े। कार्यक्रम की शुरूआत सुश्री रेणु, सदस्य सचिव, एनएसएस इकाई के स्वागत वक्तव्य से हुई और उन्होंने मुख्य अतिथि के साथ छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो० आतिश पराशर एवं सभागार में मौजूद स्वयंसवकों का स्वागत किया । अतिथि वक्ता पीयूष परांजपे ने एनएसएस स्वयंसेवकों को स्थापना के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रकार के एनएसएस शिविर को साझा किया जिनमें जैसे एनआईएस विशेष शिविर और आपदा प्रबंधन शिविर आदि शामिल थे। परांजपे ने सीखने और व्यक्तित्व विकास में इन शिविरों की उपयोगिता को भी समझाया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रपति से लेकर जिला स्तरीय पुरस्कारों सहित विभिन्न पुरस्कारों की जानकारी भी दी। परांजपे ने स्वयंसेवकों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विभिन्न पात्रता और अंतर्राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम के बारे में भी शिक्षित किया जो स्वयंसेवकों को अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शन और अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगा। अंत में कार्यक्रम का समापन एनएसएस समन्वयक डॉ. बुद्धेंद्र कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने एनएसएस इकाई के लिए निरंतर समर्थन और प्रेरणा के लिए सीयूएसबी माननीय कुलपति, प्रो कामेश्वर नाथ का भी आभार प्रकट करते हुए साधुवाद दिया दिया। साथ ही साथ उन्होंने मुख्य वक्ता एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया।

# हमारे जीवन में देवी-देवताओं का विशेष महत्व : उपमुख्यमंत्री रेणु देवी

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित सप्त दिवसीय यज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणु देवी भगवान का दर्शन करने पहुंची। जय श्री राम और जय माता दी के नारों के बीच रघुनाथगंज और शकूराबाद के लोगों ने उप मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया तो वहीं बिहार के प्रसिद्ध लोक गायिका और रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिषद की अध्यक्ष नीतू कुमारी नवगीत ने रेणु देवी को पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंदिर के संरक्षक रविंद्र भगत ने उप मुख्यमंत्री को मंदिर का स्मृति चिन्ह प्रदान किया। मंदिर और यज्ञ भूमि का दर्शन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रेणु देवी ने कहा कि हमारे जीवन में देवी देवताओं का विशेष महत्व है। भगवान गणेश प्रथम पूज्य देव हैं। अगर हम गणेश भगवान की आराधना ना करें तो हमारे जीवन के विघ्न बाधाओं को कौन हरेगा। हम माता शक्ति की आराधना करते हैं। माता सरस्वती विद्या देती हैं। मां दुर्गा हमें शक्ति प्रदान करती हैं। महालक्ष्मी धन की देवी हैं। भगवान शिव भोले दानी हैं। वह सपरिवार हम पर कृपा करते हैं। माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय और नंदी बैल सभी हमारे रक्षक हैं। पूजा हम अपने जीवन में शांति की प्राप्ति के लिए करते हैं। जीवन में सुख की प्राप्ति के लिए करते हैं। हमें भगवान की पूजा करनी चाहिए। घर के बड़े-बुजुर्गों और अभिभावकों की पूजा करनी चाहिए। सनातन संस्कृति में बड़ी ताकत है। जीवन में जिस व्यक्ति ने अपनी तीन पीढ़ियों को देखा, वे सौभाग्यशाली हैं। घर के बुजुर्गों की विशेष देखभाल हम सबको करनी चाहिए। रघुनाथगंज में इतना भव्य मंदिर बना है, इससे क्षेत्र का विकास भी होगा और समाज में समरसता भी बढ़ेगी। उनके साथ जहानाबाद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सुनील प्रसाद, अनुज कुमार, राजेश्वर प्रसाद, शंभू प्रसाद, अजय प्रसाद विनोद प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, पुष्पा कश्यप, शिवांगी कुमारी, राकेश कुमार, विक्रम कुमार, बबलू प्रसाद सहित हजारों की तादाद में लोग उपस्थित हुए।

# दस बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

गर्मी के मौसम आते ही आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ जाती हैं। इसलिए सरकार द्वारा भी समय-समय निर्देश जारी किये जाते हैं ताकि जान-माल की क्षति न हो ।लेकिन फिर भी दुर्भाग्य से कुछ ऐसी घटनाएं घट ही जाती हैं। कुछ इसी तरह की खबर औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के पास की है।

जहाँ जोगिया मोड़ के समीप शुक्रवार को आग लगने से करीब दस बिघा से से अधिक एरिया में लगे गेहूं का फसल जलकर राख हो गया। किसान कांश गांव निवासी रामचरित्र सिंह, बालकेश्वर सिंह, बिरजा मेहता, योगेश यादव समेत अन्य किसानों के खेतों में लगे गेहूं की फसल और पुआल बर्बाद हो गया ।वहीं किसानों ने पदाधिकारियों से फसल के मुआवजे की मांग की है।वहीं अगलगी की घटना में गेहूं का पका हुआ फसल के अलावा पुआल जलकर राख हो गया है। देखते ही देखते आग इतना भयावह रुप ले लिया कि ग्रामीण बुझाने में सफल नहीं हुए। काफी दूर तक आग की ताप जा रही थी जिससे किसान आग बुझाने में असफल रहे। किसानों ने बताया कि आग इतना तेज से फैला कि थोड़े से समय में ही दस बिगहा से एरिया में लगे पकी फसल को अपने आगोश में ले लिया और जलाकर राख में तब्दील कर दिया। किसानों द्वारा इसकी सूचना बारुण थाना पुलिस को दी। साथ ही अग्निशामक वाहन को सूचना देकर बुलाया गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब आसपास के किसानों के खेतों में लगे गेहूं की फसल बची। किसानों ने बताया कि आग कैसे लगा यह पता नहीं चल सका है। बताया कि आग से सभी अरमान ध्वस्त हो गया। लाखों का नुकसान हो गया। काफी पूंजी लगाकर गेहूं को उपजाया था। इसी पर सालों भर का खर्च निकालना था।इस बारें में कई जनप्रतिनिधियों का कहना है कि किसानों इस आग लगने की घटना से तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

# अडॉप्ट अ विलेज कार्यक्रम के तहत अधिकारी एवं कर्मी अपने गोद लिए हुए पंचायतों में पहुंचे



मुजफ्फरपुर , प्रात :किरण संवाददाता

**● एईएस,चमकी बुखार को लेकर चलाया सघन जागरूकता अभियान**

अडॉप्ट अ विलेज कार्यक्रम के तहत एईएस ,चमकी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण करने के मद्देनजर गोद लिए हुए पंचायतों में पदाधिकारियों ने आज अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए चमकी को लेकर सघन जागरूकता कार्यक्रम चलाया। अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा संबंधित पंचायतों में बैठकें की गई। साथ ही महादलित टोलों में भ्रमण करते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को चमकी को लेकर जागरूक किया। उनके द्वारा पंपलेट भी बांटे गए और पढ़कर भी सुनाए गए। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों समुदायिक भवन, स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि का भी निरीक्षण किया गया तथा आंगनवाड़ी सेविका,सहायिका एवं आशा को प्रेरित किया गया कि वे नियमित रूप से डोर टू डोर भ्रमण करते हुए आम लोगों को चमकी के प्रति जागरूक करना जारी रखें।

मालूम हो कि एईएस ,चमकी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रथम चरण में जिले के 270 पंचायतों को गोद लिया गया है जहां प्रत्येक शनिवार को अधिकारी एवं कर्मी पहुंचते हैं और एईएस ,चमकी बुखार को लेकर उनके द्वारा सघन रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाता है।

### बगहा के चौतरवा मे 23 वर्षीय विवाहित महिला ने की खुदकुशी

**बगहा ।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ चौतरवा पंचायत के सुर्यपुर बकिया गांव में शनिवार की दोपहर एक विवाहित महिला के द्वारा खुदकशी करने की मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही चौतरवा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा है। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि मृत महिला की पहचान सुर्यपुर बकिया गांव त्रिपुरारी बैठा की पत्नी सुशिला देवी के रुप में की गई है। उन्होंने बताया कि मृत महिला की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना आत्महत्या जैसा प्रतित होता है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना कैसे हुई है। स्पष्ट हो पायेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक आवेदन प्राप्त नही है। आवेदन प्राप्त होते ही अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# पूमरे ने माल ढुलाई को बढ़ाने हेतु उठाये कई कदम

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मध्य रेल पिछले 07 वर्षों से 100 मिलियन टन से अधिक माल लदान करने वाले 05 रेलवे के प्रतिष्ठित क्लब का सदस्य है। वित्तीय वर्ष 2021-22 के 31 मार्च, 2022 तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 167.03 मिलियन टन का माल लदान किया गया और जिससे रु. 19327.37 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था जो भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रीय रेलवे में चौथा सबसे ज्यादा माल लदान तथा तीसरा सबसे ज्यादा माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व है ।

इस उपलब्धि को हासिल करने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा कई छोटे-बड़े कदम उठाये गये हैं ।माल लदान को बढ़ाने हेतु धनबाद मडल के भुरकुंडा एवं पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल के इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन के गुड़स शेड को पीपीपी मोड के माध्यम से उसके बुनियादी ढांचे के विकास को लागू कर पूर्व मध्य रेल पीपीपी के माध्यम से गुड़स शेड के विकास करने वाला भारतीय रेलवे का पहला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया है. इसके साथ ही 12 कुल स्टेशनों पर राजस्व बंटवारे के मॉडल पर पीपीपी मोड के माध्यम से गुड्स शेड हेतु बुनियादी ढांचे के विकास किया जा रहा है जिनमें धनबाद मंडल में 04 - भुरकुंडा, डालटनगंज, कुजू, सिंदरी मार्शेलिंग यार्ड, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 03 - इसमाइलपुर, सोननगर एवं मानपुर, समस्तीपुर मंडल में 03 - भागवानपुर देसुआ, खजौली, रिगा तथा सोनपुर मंडल में 02 - खगड़िया और नयागांव स्टेशन के गुड्स शेड शामिल हैं। पूर्व मध्य रेल गुड्स शेड के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

इसके साथ ही माल ढुलाई की अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए उद्योगों और ग्राहकों के साथ निरंतर संवाद के साथ नए फ्रेट टर्मिनलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल ढुलाई की आवक और जावक दोनों मांगों को पूरा करने के लिए बारह नए गुड्स शेड खोले गए हैं। अतिरिक्त कमोडिटी हैंडलिंग के लिए सात गुड्स शेड भी खोले गये हैं। परिचालन के लिए पांच नई साइडिंग चालू की गई हैं। कंटेनर यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीआरटी टर्मिनलों का विकास किया जा रहा है । इन सभी उपायों से बढ़ते हुए मांगों और नई मांगों को पूरा करने में काफी मदद मिली है। रेल द्वारा माल ढुलाई की हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राहकों के साथ सीधे तौर पर संवाद/संपर्क के लिए मुख्यालय के साथ-साथ मंडलों में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट का गठन किया गया है ।

बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के गठन एवं एग्रेसिव मार्केटिंग एप्रोच से पूर्व मध्य रेल ने सड़क मार्ग से होने वाले माल परिवहन को रेलवे की ओर आकर्षित किया है जिसके तहत फ्लाई ऐश के कुल 139 रेक का परिवहन करते हुए 23.66 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह रेड-मड का भी नियमित ढुलाई पूर्व मध्य रेल द्वारा किया जा रहा है और रेड-मड के 284 रेक के ढुलाई से 121.07 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्त हुआ है। बिहार राज्य खाद्य निगम के साथ निरंतर बातचीत के द्वारा खाद्यान्न खरीद और राज्य के भीतर उसके 100 प्रतिशत परिवहन रेलवे द्वारा किया जा रहा है । इसी तरह सड़क मार्ग से ढ़ोये जाने वाला पोल्ट्री फीड भी रेलवे द्वारा परिवहन किया जा रहा है और अब तक पोल्ट्री फीड के 19 मिनी रेक के परिवहन से 1.94 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है ।

इस प्रकार बीडीयू के प्रोएक्टिव एप्रोच से वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान पूर्व मध्य रेल को नई वस्तुओं जैसे स्टोन चिप्स, फ्लाई ऐश, रेल मड, सैंड, पोल्ट्री फीड, मक्का, गेहूं, चावल, क्लिंकर इत्यादि के 3951 रेक का परिवहन किया गया जिससे कुल 887 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। इसके साथ ही दुग्ध का परिवहन जो पहले केवल सड़क मार्ग से होता था उसे भी अब रेल मार्ग द्वारा भी किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल द्वारा किसान रेल योजना के तहत बरौनी डेयरी से दुध का परिवहन टाटा, हटिया एवं कामाख्या के लिए प्रारंभ की गई है। अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के दौरान कुल 193 रेल मिल्क टैंक बुक किए गए जिससे रु. 95.03 लाख का मालभाड़ा राजस्व प्राप्त हुआ है ।

# राजद की जीत पर खुशी जाहिर कर लोगों के बीच बांटी मिठाई



रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के लक्ष्मीपुर स्थित महागठबंधन के पूर्व प्रत्यासी सह राजद नेता रामबाबू यादव की अवाश पर शनिवार को बोचहां विधानसभा मे राजद के अपार बहुमत से जीत के अवशर पर राजद नेता के द्वारा खुशी जाहिर करते हुए लोगो के बीच मिठाईया बाटा गया। महागठबंधन के पूर्व प्रत्यासी सह राजद नेता रामबाबू यादव ने कहा की बिहार की जानता एनडीए सरकार से उब चुकी है जानता आने वाले दिनो मे महागठबंधन को विजय बनायेगी व तेजस्वी जी को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी जिसका रुझान स्पष्ट रूप से भोचहा विधानसभा के जानता के द्वारा किया गया है। मौके पर जिला अध्यक्ष राजद मंजू साह रवि मस्करा प्रदीप भारती नगर अध्यक्ष राजद महमद आरिफ प्रदूमण महतो मुराद आलम मुना यादव रामनारायण भारती लछुमण यादव मुहताज आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# सरस्वती सुशोभित समिति के द्वारा श्रीराम का छटी महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद शहर की प्रमुख धार्मिक सामाजिक संस्था श्री सरस्वती सुशोभित समिति के द्वारा प्रभु श्री राम का छठी महोत्सव कार्यक्रम काली क्लब के प्रांगण में मनाया गया। इस छठी महोत्सव कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर महा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्री सरस्वती सुशोभित समिति के द्वारा इस बार के राम नवमी पूजा के उपलक्ष में काली कीर्तन संघ के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्री राम की भव्य मंगल आरती का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार 3 दिनों तक चला। प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से श्री कृष्ण जन्म लीला रूपांतरण श्रद्धालुओं को देखने को मिला। द्वितीय दिन शिव विवाह, एवं तृतीय दिन प्रभु श्री राम का जन्म लीला का कहानी श्रद्धालुओं को देखने को मिला। पूरा वातावरण भक्ति में रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, गिव एंड टेक के प्रोपराइटर सुनील गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह, पप्पू सिंह, चुलबुल सिंह, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश सिंह, वार्ड पार्षद धीरज अजनबी, राहुल कुमार, सभी लोग ने सामूहिक रूप से महाआरती कर कार्यक्रम की शुरूआत की! वही 11 तारीख को समिति के द्वारा भव्य प्रभु श्री राम की रथ शोभायात्रा शहर में निकाली गई इस शोभायात्रा में 30,000 से अधिक राम भक्त इस शोभायात्रा में शामिल हुए।

जय श्रीराम के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा। समिति के अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने बताया कि हमारे समिति के द्वारा विगत 20 वर्षों से लगातार राम नवमी पूजा के उपलक्ष में शहर में भव्य शोभायात्रा प्रभु श्री राम की भव्य झांकी निकाली जाती है। इसमें हमारे समिति के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया था! इस धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम से श्रद्धालु काफी आनंदित हुए हैं। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण 2 वर्षों से हमारी समिति रामनवमी पूजा कार्यक्रम आयोजन नहीं कर पा रही थी। इस बार सरकार के द्वारा निर्देश मिलने पर हमारे कार्यकताओं ने पूरे शहर को 10 दिनों तक राम दरबार की तरह शहर को सजाने का काम किया। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन से लोगों को अपनी संस्कृति और अपने धर्म के बारे में जानने का मौका मिलता है। आज के हर युवा वर्ग को रामायण, महाभारत, श्री कृष्ण जन्म लीला जैसे धार्मिक रूपांतरण को देखने की जरूरत है। रामायण जैसे रूपांतरण से हर युवा वर्ग को अपने जीवन में अनुसरण करने की जरूरत है।

# हनुमान जयंती के अवसर पर सबकी बेहतरी की कामना की

गया, प्रात : किरण संवाददाता



हनुमान जयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता गया के चॉक स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कर भारतवासियों की उन्नति, सुख शांति, बल, बुद्धि, विद्या की कामना किया । अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, विद्या शर्मा, सकलदेव चंद्रवंशी, अभिषेक श्रीवास्तव, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, ओंकार नाथ सिंह, विनोद उपाध्याय, राजेश्वर पासवान, सतीश सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा उर्फ पिंटू आदि ने कहा की साहस, शक्ति, सेवा , भक्ति के प्रतीक भगवान हनुमान जी की जयंती के अवसर पर हम कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता कामना करते है की सभी देशवासी बल, बुद्धि, विद्या से परिपूर्ण हो, तथा द्वेष, कलेश, कलह आदि का परित्याग करें। नेताओं ने कहा की भगवान हनुमान जी की भगवान राम की भक्ति का अनुकरण हम भारतवासियों को करने से उन्नति, सुख शांति, भाईचारा, आपसी प्रेम सेवा की भावना और ज्यादा जागृत होगा। पाठ समाप्ति के उपरांत दामोदर गोस्वामी ने हनुमान मंदिर के पुजारियों को अंग, वस्त्र प्रदान किया, तथा उपस्थित लोगो के बीच प्रसाद वितरण किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### यूजर्स ने मस्क से ट्विटर के बजाय श्रीलंका को खरीदने के लिए कहा

नई दिल्ली। ट्विटर उपयोगकर्ता चाहते हैं कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 43 बिलियन डॉलर में माइक्रोब्लॉगिंग साइट के बजाय श्रीलंका का अधिग्रहण कर लें, क्योंकि देश अपनी आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। मंच पर कई यूजर्स ने अपने विचार साझा किए और अरबपति से कर्ज में डूबे देश को उबारने के लिए कहा। एक यूजर ने लिखा, एलन मस्क, अगर आप कुछ खरीदना चाहते हैं तो श्रीलंका खरीद लें। ट्विटर को छोड़ दें। एक अन्य यूजर ने लिखा, एटदरेट एलन मस्क, क्या आप श्रीलंका को 43 बिलियन डॉलर में खरीदना चाहेंगे ? हमारे पास बोगला में आपके टेस्ला के लिए भी दुनिया का सबसे अच्छा ग्रेफाइट है। हाल ही में मस्क ने ऐलान किया था कि उन्होंने ट्विटर को खरीदने का ऑफर दिया है।

### रूस ने गूगल पर लगाया 1,44,000 डॉलर का जुर्माना

मॉस्को। मॉस्को की एक अदालत ने अवैध सामग्री को हटाने में विफल रहने पर दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल पर 1,44,000 डॉलर का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने कहा कि रूसी प्रशासनिक अपराध संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 2 के तहत गूगल के खिलाफ दो प्रशासनिक प्रोटोकॉल मिले। इस आधार पर गूगल पर यह जुमार्ना लगाया गया। इससे पहले दिसंबर, 2021 में मॉस्को की टैगांस्की जिला अदालत ने स्थानीय कानून द्वारा प्रतिबंधित सामग्री को हटाने में विफल रहने पर गूगल पर लगभग 10 करोड़ डॉलर का जुमार्ना लगाया था। टैगांस्की जिला अदालत ने फैसला सुनाया था कि गूगल ने बार-बार प्रतिबंधित सामग्री को हटाने के निर्देश की उपेक्षा की। इस पर गूगल ने कहा था कि वह अदालत के आदेश का अध्ययन करेगा और उसके बाद अपने अगले कदम पर फैसला करेगा। रूसी अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग, हथियारों और विस्फोटकों से संबंधित सामग्री को हटाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार दबाव बढ़ाया था।

### जेनेरिक दवाओं में आत्मनिर्भर बने उद्योग : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू फार्मा उद्योग से जेनेरिक दवाओं में मजबूत बनने और कच्चे माल व उत्पादन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा है। गोयल ने इंडियन ड्रग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आइडीएमए) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि फार्मा उद्योग को ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनानी चाहिए। इस क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान आई तेजी को बरकरार रखने का मंत्र देते हुए गोयल का कहना था कि फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह जरूरी हो गया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सप्लाई चेन के बारे में पूवार्नुमान लगाना लगातार बेहद चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

# पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय को मिला लाइफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड

**देहरादून, प्रातः किरण संवाददाता**




देश के जाने-माने गिनीज एवं लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर देहरादून के ऑर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन पद्म श्री से सम्मानित प्रो. डॉ. बी. के. एस. संजय को एक और सम्मान मिला। उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन एवं उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक कॉन्फ्रेंस के द्वारा डॉ. बी. के. संजय को हल्द्वानी में कांफ्रेंस के शुभारंभ समारोह में ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन एवं कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने डॉ. संजय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉ. संजय उत्तराखंड एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष हैं। उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन की स्थापना डॉ. संजय के मार्गदर्शन में जौलीग्रांट, देहरादून उत्तराखंड में आज से लगभग 21 साल पहले 25 मार्च 2001 को, की गई थी। इस स्थापना का विधिवत संचालन उस समय के इंडियन ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. एस. एम. शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. शिशिर रस्तोगी और उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी डॉ. अतुल बहादुर के मार्गदर्शन में की गई थी। पिछले 21 साल में उत्तराखंड एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है।

डॉ. बी. के. एस. संजय ने न केवल पिछले 20 सालों में अपना नाम कमाया बल्कि अपने साथ उत्तराखंड एसोसिएशन का झंडा पूरी देश-दुनिया में फैलाया। डॉ. बी. के. संजय को देश-विदेश की बहुत सी आथोर्पीडिक संस्थाओं तथा सामाजिक संस्थाऐं सम्मानित कर चुकी हैं। डॉ. संजय ने प्राथमिक ऑर्थोपीडिक सर्जरी की ट्रेनिंग कानपुर, पी.जी.आई. चंडीगढ़ एवं दिल्ली से ली तथा उच्च ऑर्थोपीडिक प्रशिक्षण स्वीडन, स्वीटजरलैंड, जापान, यू.एस.ए., ऑस्ट्रेलिया तथा रसिया से ले चुके हैं। डॉ. संजय दुनिया के लगभग 45 देशों में अपने अनुभव का आदान प्रदान कर चुके हैं। इनके लेख दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रिकाओं में छप चुके हैं। डॉ. बी. के. एस. संजय की ऑर्थोपीडिक एवं सामाजिक सेवाओं को देखते हुए पिछले साल 9 नवंबर 2021 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है। 15 अप्रैल 2022 को हल्द्वानी में आयोजित उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही देहरादून के ऑथोर्पीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने सी.पी. से होने वाले विकलांग बच्चों की किये गई सर्जरी के अपने अनुभव को हल्द्वानी में उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के दौरान बेस्ट पेपर अवार्ड के सेंशन में सांझा किया।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 604.004 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 08 अप्रैल, 2022 को समाप्त हफ्ते में 2.471 अरब डॉलर घटकर 604.004 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार देररात जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। आरबीआई के जारी साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28.5 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 01 अप्रैल को यह रिकॉर्ड 11.173 अरब डॉलर घटकर 606.475 अरब डॉलर पर आ गया था। आंकड़ों के मुताबिक 25 मार्च, 2022 को यह 2.03 अरब डॉलर घटकर 617.648 अरब डॉलर रहा था। वहीं, 18 मार्च को 2.597 अरब डॉलर घटकर 619.678 अरब डॉलर पर आ गया था, जबकि 11 मार्च को यह 9.646 अरब डॉलर घटकर 622.275 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 8 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में आई कमी की वजह से आई है, जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान एफसीए 10.7 अरब डॉलर घटकर 539.727 अरब डॉलर रह गया।

# डकडक-गो ने कथित तौर पर अपने सर्च परिणामों से पाइरेट साइटों को हटाया




**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

प्राइवेसी-फोकस्ड सर्च इंजन डकडकगो ने कथित तौर पर कई लोकप्रिय पाइरेट साइटों के सर्च परिणामों को हटा दिया है। इन साइटों में द पाइरेट बे, 1337 एक्स और एफमूवीस शामिल हैं। टोरेंटफ्रीक की रिपोर्ट के अनुसार, कई यूट्यूब रिपिंग सेवाएं भी गायब हो गई हैं और यहां तक कि ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर यूट्यूब-एमपी3 का होमपेज भी अनुपलब्ध है। 2008 में लॉन्च किया गया, सर्च इंजन डकडकगो इंटरनेट यूजर्स के लिए एक गो-टू सेवा है जो अपनी गोपनीयता को महत्व देते हैं।

कई प्रतिस्पर्धियों के विपरीत, साइट यूजर्स के आईपी पते या अन्य संवेदनशील जानकारी का रिकॉर्ड नहीं रखती है। हाल के वर्षों में, साइट गूगल जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में क्लीनर परिणाम लौटाकर भी बाहर खड़ी हुई, जो सक्रिय रूप से पाइरेटस साइटों को नीचा दिखाने के लिए अपने एल्गोरिदम को बदल देती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बिंदु पर, गूगल ने यूजर्स को डकडकगो की ओर इशारा किया, जब उन्होंने पाइरेट बे प्रॉक्सी की खोज की।

हाल ही में, सर्च इंजन ने बीटा में मैकओएस के लिए एक बिल्कुल नया ब्राउजर लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा था कि अपने मोबाइल ऐप की तरह, मैक के लिए डकडकगो बिना किसी जटिल सेटिंग्स के रोजमर्रा की ब्राउजिंग के लिए एक ऑल-इन-वन प्राइवेसी समाधान है।

# आईफोन 15 पेरिस्कोप कैमरे के लिए एलजी, जावा के पार्ट्स का उपयोग करेगा एप्पल

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**



टेक दिग्गज एप्पल कथित तौर पर आईफोन 15 के लिए अफवाह वाले पेरिस्कोप जूम कैमरा मॉड्यूल के लिए न केवल नए आपूर्ति भागीदार जाहवा इलेक्ट्रॉनिक्स से बल्कि लंबे समय से आपूर्तिकर्ता एलजी से आपूर्ति किए गए पार्ट्स का उपयोग करेगा। बुधवार को, दक्षिण कोरिया स्थित जाहवा इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि वह नई ऑप्टिकल इमेज स्थिरीकरण एक्ट्यूएटर बनाने में सक्षम नई सुविधाओं के निर्माण के लिए 191 अरब वोन (155 मिलियन डॉलर) खर्च करेगा।

द इलेक के अनुसार, जाहवा के ओआईएस सेंसरों को एलजी इनोटेक को उनके स्वयं के फोल्ड किए गए कैमरा जूम मॉड्यूल में उपयोग के लिए भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि एलजी अपने उपकरणों में फोल्डेड जूम कैमरा लाने की एप्पल की योजना में प्राथमिक भागीदार है। एलजी और जाहवा के पुर्जे पेरिस्कोप कैमरा सेटअप से संबंधित होने की संभावना है, जो एप्पल को आईफोन पर ऑप्टिकल जूम क्षमताओं को बढ़ाने की अनुमति देगा।

पेरिस्कोप लेंस या फोल्डिंग लेंस पर आधारित एक सिस्टम कैमरा सेटअप के आकार में उल्लेखनीय वृद्धि किए बिना डिवाइस पर उपलब्ध ऑप्टिकल जूम की मात्रा को बढ़ाता है। इलेक ने पहले भविष्य के फोन में पेरिस्कोप सिस्टम लाने की एप्पल की स्पष्ट योजनाओं की सूचना दी थी। एप्पल के फ्लैगशिप को पेरिस्कोप-आधारित लेंस सिस्टम मिलने की अफवाहें 2020 के बाद से कभी-कभी सामने आई हैं।

### कायन्स टेक्नोलॉजी की आईपीओ के जरिए 650 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम एवं डिजाइन विनिर्माण सेवा क्षेत्र की कंपनी कायन्स टेक्नोलॉजी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये वित्त जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं। मसौदा रेड हेरिंग प्रारूप (डीआरएचपी) के मुताबिक इस आईपीओ के तहत 650 करोड़ रुपये मूल्य के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और एक प्रर्वतक एवं एक मौजूदा शेयरधारक की तरफ से 7.2 करोड़ इक्विटी शेयरों की खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। ओएफएस के तहत प्रवर्तक रमेश कुन्हीकण्णन 37 लाख इक्विटी शेयरों और शेयरधारक फ्रेंजी फिरोज 35 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश करेंगे। निर्गम में 1.5 करोड़ रुपये तक के शेयर पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। आईपीओ से इकट्ठा होने वाली राशि में से करीब 130 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और 98.93 करोड़ रुपये का उपयोग मैसुरु और मानेसर में विनिर्माण केंद्र के लिए पूंजीगत व्यय में किया जाएगा।

# विमान ईंधन की कीमत में 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच विमानों में ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले एटीएफ की कीमतें भी शनिवार को 0.2 प्रतिशत बढ़ा दी गईं। यह एटीएफ की कीमतों में हुई इस साल की लगातार आठवीं बढ़ोतरी है। सार्वजनिक तेल कंपनियों की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक एटीएफ के दाम में 277.5 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 0.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस मूल्य वृद्धि के बाद राजधानी दिल्ली में एटीएफ के भाव 1,13,202.33 रुपये प्रति किलोलीटर हो गए हैं। इस तरह एटीएफ की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

इस बीच पेट्रोल एवं डीजल के दाम लगातार दसवें दिन अपरिवर्तित बने रहे। इसके पहले करीब दो हफ्ते में पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में 10-10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। विमान ईंधन की कीमतों में हरेक महीने की पहली और 16वीं तारीख को संशोधन किया जाता है जबकि तेल कंपनियों को पेट्रोल और डीजल की कीमत में दैनिक आधार पर बदलाव करने की छूट है। एटीएफ की कीमतों में 16 मार्च को 18.3 फीसदी की भारी वृद्धि की गई थी। उसके बाद एक अप्रैल को भी इसके दाम में दो फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी।

बहरहाल कीमत में ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एटीएफ की कीमत अब 1,11,981.99 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 1,17,753.60 रुपये और चेन्नई में 1,16,933.49 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 फीसदी आयात पर निर्भर भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में दर्ज की गई वृद्धि का नतीजा है। इसके अलावा महामारी से उबर रही अर्थव्यवस्था में तेल की मांग भी बढ़ रही है। किसी विमानन कंपनी की परिचालन लागत में करीब 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाले एटीएफ की कीमत भी इस साल लगातार बढ़ी है। इस साल अब तक हुई आठ मूल्य वृद्धि में एटीएफ के दाम 39,180.42 रुपये प्रति किलोलीटर तक बढ़ चुके हैं।

### सैमसंग जल्द ही रोलेबल क्यूडी-ओएलईडी टीवी कर सकता है लॉन्च

सोल, 16 अप्रैल (वेब वार्ता)। दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज सैमसंग अपने स्वयं के रोल करने योग्य क्यूडी-ओएलईडी टीवी को लॉन्च करने की योजना बना रही है क्योंकि सैमसंग डिस्प्ले ने अपने क्वांटम डॉट (क्यूडी) -ओएलईडी पैनल के पतले वर्जन का विकास शुरू कर दिया है। द इलेक की रिपोर्ट के मुताबिक, इसका मकसद ग्लास सबस्ट्रेट्स के इस्तेमाल को मौजूदा दो से घटाकर एक करना है। सूत्रों ने कहा कि अगर दक्षिण कोरियाई डिस्प्ले पैनल सफल होता है, तो क्यूडी-ओएलईडी का नया वर्जन भी रोल करने योग्य होगा। पिछले साल के अंत में उत्पादन शुरू करने वाला सैमसंग डिस्प्ले का क्यूडी-ओएलईडी पैनल के पहले कमर्शियल वर्जन में थिन-फिल्म ट्रांजिस्टर (टीएफटी) के लिए एक ग्लास सब्सट्रेट और दूसरा क्यूडी कलर रूपांतरण लेयर के लिए है। सैमसंग डिस्प्ले की नई परियोजना का लक्ष्य शीर्ष पर क्यूडी रंग रूपांतरण परत ग्लास सब्सट्रेट को हटाना है।

# व्हाइटहैट जूनियर को 1,690 करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बायजूस के स्वामित्व वाले ऑनलाइन कोडिंग प्लेटफॉर्म व्हाइटहैट जूनियर ने वित्तीय वर्ष 2021 में 1,690 करोड़ रुपये का भारी नुकसान किया है, जबकि इसी अवधि में 484 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व अर्जित किया है। कंपनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में कंपनी की बैलेंस शीट से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 21 में परिचालन राजस्व 483.9 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2020 में यह 19 करोड़ रुपये था। हालाँकि, प्लेटफॉर्म का घाटा वित्त वर्ष 2020 में 69.7 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2021 में आसमान छू गया और इसका खर्च 2,175 करोड़ रुपये तक पहुँच गया।

कोडिंग प्लेटफॉर्म ने भारत के बाजार से 226 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया (वैश्विक स्तर पर इसकी कुल बिक्री का 46.7 प्रतिशत) जबकि अमेरिकी बाजार ने 197.2 करोड़ रुपये के राजस्व में 40.8 प्रतिशत का योगदान दिया। इस अवधि के दौरान मंच ने पाठ्यक्रम सामग्री की बिक्री से 3.36 करोड़ रुपये और अन्य परिचालन राजस्व के रूप में 2.27 करोड़ रुपये कमाए। अगस्त 2020 में बायजूस ने मुंबई स्थित लाइव ऑनलाइन कोडिंग प्रदाता व्हाइटहैट जूनियर को 300 मिलियन डॉलर (लगभग 2,246 करोड़ रुपये) के नकद सौदे में हासिल किया।

करण बजाज ने 2018 में व्हाइटहैट जूनियर की स्थापना बच्चों को इसके निष्क्रिय उपभोक्ता होने के बजाय प्रौद्योगिकी के निमार्ता बनाने की धष्टि से की। अगस्त 2021 में, बजाज ने अपने जीवन के अगले अध्याय की शुरूआत करने का फैसला किया और व्हाइटहैट जूनियर का नेतृत्व करने के लिए ग्राहक अनुभव और वितरण प्रमुख तृप्ति मुखर्जी को नियुक्त किया गया। व्हाइटहैट जूनियर न केवल एक गणित और कोडिंग सीखने का मंच है, बल्कि इसने 1:1 ऑनलाइन संगीत कक्षाओं में भी प्रवेश किया है और 10 लाख छात्रों को पढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय स्कूलों में एक फिजिकल-डिजिटल मिश्रित कोडिंग पाठ्यक्रम लाया है।

# एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 23 फीसद बढ़ा, कुल आय बढ़कर 41085 करोड़ हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**




एचडीएफसी बैंक की चौथी तिमाही के वित्तीसय नतीजे आ गए हैं। बैंक ने शनिवार को जारी कारोबारी नतीजों में बताया कि मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 22.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,055.2 करोड़ रुपये हो गया है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की इसी चौथी तिमाही में 8,186.50 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कराधान के लिए 2,989.5 करोड़ रुपये निकालने के बाद बैंक ने 10,055.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही से 22.8 प्रतिशत ज्या1दा है। एचडीएफसी बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के दौरान कुल आय (स्टैंडअलोन) बढ़कर 41,085.78 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 38,017.50 करोड़ रुपये थी। मार्च में समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध राजस्व (शुद्ध ब्याज आय और अन्य आय) 7.3 प्रतिशत बढ़कर 26,509.80 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 24,714.10 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट की गई तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (ब्याज अर्जित ब्याज घटाकर) एक साल पहले की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 18,872.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक ने कहा कि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 31 मार्च, 2022 को सकल अग्रिमों का 1.17 प्रतिशत थी, जो एक साल पहले 1.26 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए (या बेड लोन) 0.40 प्रतिशत की तुलना में शुद्ध अग्रिमों का 0.32 प्रतिशत रहा। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान अन्य आय शुद्ध राजस्व का 28.8 फीसदी बढ़कर 7,637.1 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि बीते साल की इसी अवधि में यह 7,593.9 करोड़ रुपये थी।

# आईपीओ में निवेश करने से पहले खुदरा निवेशकों को इन गलतियों से बचाना चाहिए

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

पूंजी बाजार के डिजिटलीकरण के बाद से भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। कुल निवेशकों में से, अब अधिकतम लोग पहली बार निवेश करने वाले निवेशक हैं जिनकी उम्र 18-35 वर्ष के बीच है। हालांकि, यह युवा निवेशकों के लिए एक रोमांचक समय है, लेकिन जब बात आईपीओ की आती है, तो उन्हें भी सावधान रहने और कुछ बुनियादी निवेश गलतियों से बचने की जरूरत है। भारतीय शेयर बाजार में पिछले साल आईपीओ में तेजी देखी गई। यह रुझान इस साल भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, सार्वजनिक होने वाली कई कंपनियों के साथ एक और नया चलन उभरकर सामने आया कि हमें निवेशकों के बीच आईपीओ की लोकप्रियता में काफी वृद्धि देखने को मिली। इनमें से ज्यादातर निवेशक युवा हैं।

इसलिए, सार्वजनिक बाजार निवेशकों के रूप में यहां कुछ सामान्य गलतियों का जिक्र किया गया है, जिसके होने की अधिक संभावना है और इससे बचना चाहिएः

**कंपनी के कारोबारी मॉडल को नहीं समझना**

कंपनी के कारोबारी मॉडल को समझने के लिए और आईपीओ की कीमत किस वैल्यूएशन पर रखी गई है, यह समझने के लिए आईपीओ में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी के फंडामेंटल को देखते हुए आईपीओ का कम या ज्यादा मूल्यांकन किया जाता है। दुनिया के सबसे सफल निवेशकों में से एक वॉरेन बफे ने बिना किसी स्पष्ट व्यावसायिक मॉडल वाली कंपनियों में निवेश करने के खिलाफ चेतावनी दी है। यदि आप किसी कंपनी के शेयरों में निवेश कर रहे हैं, तो कंपनी के व्यापार मॉडल को समझना और भविष्य में इसकी वृद्धि का निर्धारण करना महत्वपूर्ण है। उस विश्लेषण के आधार पर उसमें निवेश करें। विविध पोर्टफोलियो बनाकर आप इस गलती को करने से भी बच सकते हैं।

**कंपनी के नाम के झांसे में आना**

हाल ही में, हमने देखा है कि पेटीएम और जोमैटो जैसी नई युग की कंपनियों को लेकर निवेशकों का क्या शानदार रुख रहा। इन आईपीओ को लेकर मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड के निवेशकों के बीच उन्माद की स्थिति का कारण क्या इन कंपनियों की लोकप्रियता नहीं थी। निवेशकों के लिए एक गणनात्मक कदम के बजाय भावनात्मक लगाव के कारण कंपनियों में अपना पैसा लगाना आम बात है। निवेशकों को निवेश करते समय फर्क समझने और अपनी भावनाओं को अलग रखने की जरूरत है।

**बाजार में प्रवेश करने का समय**

अनुभवी निवेशकों के लिए भी बाजार को समय देना एक निरर्थक प्रयास हो सकता है। मानवीय व्यवहार के नेतृत्व में, निवेशक कीमतों में गिरावट के साथ बाजार छोड़ देते हैं। वे ऐसे समय में बाजार में निवेश करने को लेकर सतर्क हैं। निवेशकों को बाजार में विश्वास हासिल करने में लंबा समय लगता है और कीमतों में सुधार होने पर वे वापस लौट आते हैं। इसलिए, निवेशकों को लंबी अवधि पर ध्यान देना चाहिए और छोटी अवधि में होने वाले उतार-चढ़ाव को गुजर जाने देना चाहिए।

**विविधीकरण करने में विफल**

निवेशकों को कभी भी अपना सारा पैसा एक निवेश फंड में नहीं लगाना चाहिए। पोर्टफोलियो के विस्तार के साथ विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों जैसे जिंसों, संपत्ति, शेयरों और बांडों को धन आवंटित करने की आवश्यकता उत्पन्न होती है। जैसे ही वे अपने निवेश करियर में शुरूआती कदम उठाते हैं, उन्हें एक वैश्विक फंड चुनना चाहिए। विविधीकृत पोर्टफोलियो सुनिश्चित करने का एक तरीका यह है कि एक फंड में 10% से अधिक शामिल न करने के नियम का पालन किया जाए। विविधीकरण हासिल करने का एक और तरीका म्युचुअल फंड है। निवेशक अलग-अलग निवेश लक्ष्यों के साथ कई म्युचुअल फंड में निवेश करके भी अपना जोखिम के दायरे को कम कर सकते हैं।

**निर्णय लेने में अपनी भावनाओं को हावी न होने दें**

यह पूंजी बाजार का सच है कि यहां भय और लालच बाजार पर राज करते हैं। एक निवेशक के रूप में, आप डर को निर्णयों को नियंत्रित करने की अनुमति नहीं दे सकते। बड़ी तस्वीर पर ध्यान दें। हमेशा याद रखें कि शेयर बाजार का रिटर्न कम समय सीमा में भारी विचलन पैदा कर सकता है। लंबे समय में, लार्ज-कैप शेयरों के ऐतिहासिक रिटर्न में औसतन 10% की संभावना होती है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 10वें दिन स्थिर

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले 10 दिनों में कोई परिवर्तन नहीं किया है, जिसके कारण शनिवार को भी इंधन की कीमतें स्थिर रहीं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लंदन ब्रेंट क्रूड आज 111.70 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.54 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 24 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है।

# निवेश ने भारत के अंदरूनी क्षेत्रों में म्युचुअल फंड में निवेश को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

2020 के लिए वेल्थटेक 100 में जगह बनाने में सफल रहा निवेश.कॉम दूरदराज के क्षेत्रों में म्युचुअल फंड की पहुंच बनाने के अपने प्रयासों में सफल रहा है। ग्रामीण भारत में ब्रांड के नेटवर्क को विकसित करने के निरंतर प्रयासों के साथ, डिजिटल-फर्स्ट प्लेटफॉर्म उपनगरीय क्षेत्रों में स्वतंत्र म्युचुअल फंड वितरकों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ अपने एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) को विकसित करने में सक्षम बनाता है।

डिजिटल-फर्स्ट प्लेटफॉर्म निवेश.कॉम ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपना नेटवर्क स्थापित कर लिया है। कंपनी ने बताया है कि भारत में म्युचुअल फंड, कॉरपोरेट एफडी, बीमा इत्यादि जैसे वित्तीय उत्पादों की बेहद कम पहुंच है और देश में ऐसे 19.5 करोड़ परिवार हैं, जो इन उत्पादों की पहुंच से दूर हैं। निवेश के लिए संगठन ने देश के दूरदराज के हिस्सों और छोटे शहरों तक पहुंचने के लिए अथक प्रयास किया है, क्योंकि उनका मानना है कि म्युचुअल फंड वितरक छोटी टाउनशिप और उससे आगे वित्तीय उत्पादों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू संपत्ति का लगभग 50% हिस्सा यानी लगभग 170 लाख करोड़ रुपये बैंक जमा के रूप में है। निवेश का मानना है कि यह एक बड़ा अवसर है, क्योंकि वित्तीय जागरूकता ऐसे निवेशकों को यह समझने में मदद करती है कि बैंकों में पैसा रखना महंगाई के लिहाज से नुकसानदेह कदम है।

निवेश की सफलता इसकी संख्या में भी झलकती है। आज, इसके ग्राहक पूरे भारत में 3,000 से अधिक पिन-कोड क्षेत्रों में स्थित हैं। 60 प्रतिशत ग्राहक और 50 प्रतिशत एयूएम शीर्ष 30 शहरों से बाहर के हैं। जबकि उद्योग के स्तर पर एयूएम का 20% से कम हिस्सा इस सेगमेंट से आता है।

निवेश.कॉम के संस्थापक और सीईओ अनुराग गर्ग ने कहा, एक ब्रांड के रूप में हमने यह धारणा स्थापित की है कि हमारा मंच सभी के लिए है। जब हमने शुरूआत की, तो महानगरों और अन्य छोटे शहरों या दूरदराज के इलाकों के बीच निवेश की संख्या में बहुत स्पष्ट असमानता थी। हमने इस अंतर को खत्म करने की दिशा में अथक प्रयास किया है और अब हम इसके सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं। निकट भविष्य में, म्युचुअल फंड उद्योग के ट्रिलियन-डॉलर का उद्योग बनने की उम्मीद है, और निवेश में हमें उम्मीद है कि इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शीर्ष 30 शहरों से आगे के निवेश से आएगा, और हम इसमें सबसे आगे होंगे।

निवेश के पार्टनर के रूप में, असम के तिनसुकिया के रत्नजीत भट्टाचार्जी ने अपने अनुभव के बारे में बताया, मुझे आज भी वे दिन याद हैं जब मैं एक डाकघर एजेंट के रूप में काम करता था, और अब मैं निवेश.कॉम का पार्टनर हूं। मेरे जीवन में जो बदलाव आया है वह बहुत बड़ा है। लंबे समय से वित्तीय उत्पादों में रुचि रखने के कारण, मैं एक म्युचुअल फंड सलाहकार बनना चाहता था, लेकिन ग्राहकों तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं था। निवेश से जुड़ना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक वरदान रहा है, क्योंकि अब मैं सब कुछ ऑनलाइन होने के कारण अधिक ग्राहकों तक पहुंच सकता हूं।



## संक्षिप्त खबरें

### सोसिडाड ने स्पेनिश लीग में बेटिस से ड्रा खेला

मैड्रिड। रियाल सोसिडाड और रियाल बेटिस के बीच स्पेनिश लीग मुकाबला गोलरहित ड्रा पर छूटा। लेकिन मैच के दौरान दोनों टीमों के प्रशंसक आपस में भिड़ गये जिससे बेटिस के समर्थक घायल हो गये। स्पेनिश मीडिया ने कहा कि सोसिडाड के एक प्रशंसक ग्रुप ने करीब दो दर्जन भर बेटिस प्रशंसकों पर हमला कर दिया जिससे चार मामूली रूप से घायल हो गये। पुलिस ने इस घटना के बाद दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों क्लबों ने हिंसा की निंदा की है।

### मिलान ने जिनोआ को हराकर दो अंक की बढ़त कायम रखी

मिलान। एसी मिलान ने जिनोआ पर 2-0 की जीत से सीरी ए में अपनी बढ़त कायम रखी। मिलान के लिये राफाएल लियाओ और जूनियर मेसियास ने गोल किये जिससे टीम इंटर पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। गत चैम्पियन इंटर ने कुछ घंटे पहले स्पेजिया पर 3-1 की जीत हासिल की थी। इंटर ने मिलान से एक मैच कम खेला है क्योंकि उसे बोलोग्ना के खिलाफ स्थगित मैच अभी खेलना बाकी है। मिलान की दोनों टीमें इटैलियन कप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में मंगलवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी।

### त्रिपाठी के साथ बल्लेबाजी करना आसान हो गया था : मार्कराम

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में ताबड़तोड़ पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार तीसरी जीत दिलाने वाले एडेन मार्कराम ने कहा कि सामने राहुल त्रिपाठी जैसा बल्लेबाज फॉर्म में हो तो बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है। जीत के लिये 176 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 13 गेंद और सात विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। त्रिपाठी ने 37 गेंद में 71 और मार्कराम ने 36 गेंद में 68 रन बनाये। मैच के बाद मार्कराम ने कहा, जब त्रिपाठी जैसा बल्लेबाज फॉर्म में हो तो काम आसान हो जाता है। आखिर तक रुककर मैच खत्म करना अच्छा रहा।

### अदिति अशोक संयुक्त 29वें स्थान पर खिसकी

ओआहु (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां लोटे चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में खराब कार्ड के कारण बीती रात के संयुक्त सातवें स्थान से संयुक्त 29वें स्थान पर खिसक गयीं। अदिति ने तीसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड खेला। इससे वह इवन पार के स्कोर से संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही हैं। तीसरे दिन भी तेज हवायें चलती रहीं जिसमें अदिति ने तीन बर्डी, पांच बोगी और एक डबल बोगी लगायी। कोरिया की हयो जू किम ने इवन पार 72 का कार्ड खेला लेकिन वह फिर भी बढ़त बनाये हैं।

### बीसीसीआई चार साल बाद फिर आईपीएल क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करेगा

नई दिल्ली। आईपीएल 2022 के मुकाबले 26 मार्च से शुरू हो चुके हैं। टी20 लीग में कुल 10 टीमें उतर रही हैं। फाइनल मुकाबला 29 मई को होना है। 2018 के बाद से टी20 लीग में ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी नहीं हो रही है। लेकिन इस साल बोर्ड ने क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने बाकायदा इसके लिए निविद भी मंगाई है। कोरोना के कारण हालांकि मौजूदा सीजन में ओपिनंग सेरेमनी आयोजित नहीं की गई थी। इस बार गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के रूप में 2 नई टीमें उतर रही हैं। इस बार कुल 60 की जगह 74 मुकाबले खेले जाएंगे।

### लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से दी मात

# मुंबई ने लगाया हार का 'सिक्सर'

**मुंबई, एजेंसी**



**शतक**

- केएल राहुल का धमाका, 100वें मैच में जड़ दिया शतक

केएल राहुल की शतकीय पारी के बाद अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराकर अपनी चौथी जीत दर्ज की। मुंबई की छह मैचों में यह लगातार छठी हार है। अब उसका प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल हो गया है।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के 26वें लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराकर छह मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। दूसरी ओर मुंबई की लगातार यह छठी हार है। मुंबई का प्लेऑफ में पहुंचना अब मुश्किल हो गया है। मुंबई इंडियंस को अब 3 गेंदों पर 19 रन की जरूरत है। मुरुगन अश्विन 2 गेंदों पर 6 रन बनाकर रनआउट हुए। इससे पहले जयदेव भी रनआउट हुए थे। फैबियन ऐलन 7 गेंदों पर आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। ऐलन का विकेट मुंबई ने पारी 18वें ओवर ओवर की चौथी गेंद पर गंवाया। आवेश खान ने ऐलन को चमीरा के हाथों कैच कराकर ऐलन को पवेलियन की राह दिखाई। मुंबई को 12 गेंदों पर अब 43 रनों की जरूरत है। मुंबई इंडियंस को पांचवां झटका रवि बिश्नोई ने दिया। बिश्नोई के आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर सूर्यकुमार ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। स्थानापन्न खिलाड़ी के गौतम ने सूर्यकुमार का कैच लपककर उनकी 37 रन की पारी का अंत किया। मुंबई ने 16 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस को चौथा झटका जेसन होल्डर ने दिया। होल्डर ने तिलक वर्मा को 26 के निजी स्कोर पर बोल्ड कर दिया। मुंबई ने अपन चौथा विकेट पारी के 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर गंवाया। तिलक ने सूर्यकुमार के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। इस समय सूर्यकुमार का साथ देने आए हैं कायरन पोलार्ड। मुंबई ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस ने 13 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए हैं। मुंबई के बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के इस ओवर में कुल 12 रन बटोरे। मुंबई को जीत के लिए 42 गेंदों पर 84 रनों की जरूरत है जबकि उसके सात विकेट बाकी हैं। मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से अब उम्मीदें हैं। टीम इस समय मुश्किल में है। उसके सामने 200 रनों का बड़ा लक्ष्य है। मुंबई ने 11 ओवर में 93 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। मुंबई को जीत के लिए अभी भी 54 गेंदों पर 107 रनों की जरूरत है। मुंबई इंडियंस ने शुरूआती 9 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 80 रन बना लिए हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई की पारी को धीरे धीरे आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों के बीच 21 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। मार्कस स्टोइनिस ने अपने दूसरे ओवर में 8 रन दिए।

मुंबई को झटके पर झटका लगा है। टीम अभी ब्रेविस के झटके से उबरी भी नहीं थी कि ईशान किशन को मार्कस स्टोइनिस ने अपने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। मुंबई ने 57 के कुल स्कोर पर अपना तीसरा विकेट गंवाया। ईशान 17 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के पचास रन पूरे हो गए हैं। मुंबई ने अपने छठे ओवर में अर्धशतक पूरे किए।

**स्कोरकार्ड**

लखनऊ 199/4 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल नाबाद | 103 | 60 | 9 | 5 |
| क्विंटन डी कॉक एल बी डब्ल्यू बोल्ड फेबियन ऐलन | 24 | 13 | 4 | 1 |
| मनीष पांडे बोल्ड मुरुगन अश्विन | 38 | 29 | 6 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस कॉट रोहित शर्मा बोल्ड जयदेव उनादकट | 10 | 9 | 0 | 1 |
| दीपक हुडा कॉट ईशान किशन बोल्ड जयदेव उनादकट | 15 | 8 | 1 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 8 रन (B: 0, LB: 3, WD: 5, NB: 0) | | | |
| कुल | 199/4 20.0(RR: 9.95) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W |
|---|---|---|---|---|
| तिलक वर्मा | 1 | 0 | 7 | 0 |
| जयदेव उनादकट | 4 | 0 | 32 | 2 |
| मुरुगन अश्विन | 4 | 0 | 33 | 1 |
| जसप्रीत बुमराह | 4 | 0 | 24 | 0 |
| टाइमल मिल्स | 3 | 0 | 54 | 0 |
| फेबियन ऐलन | 4 | 0 | 46 | 1 |

# मुझे खुद को साबित करने की जरूरत थी : उमेश यादव

**मुम्बई, एजेंसी**



पिछले दो आईपीएल में सिर्फ. दो मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज उमेश यादव ने इस सीजन बेहतरीन वापसी की है और अपने आप को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में स्थापित किया है। उमेश को लगता है कि उन्हें दूसरों से अधिक खुद को साबित करने की जरूरत थी कि उनके पास क्षमता है और वह टी20 में भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने इस सीजन में यह क्षमता दिखाई और अब तक वह कोलकाता के लिए सर्वाधिक विकेट (10) लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने इस सीजन में पावरप्ले में विकेट लिए हैं, जो नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग करवाने की उनकी क्षमता को दशार्ता है। उमेश ने क्रिकइंफो से बातचीत में कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी को साबित करने की जरूरत है।

हां, लेकिन मुझे खुद को साबित करना था कि मेरे अंदर यह क्षमता है और मैं अपने आप को और बेहतर कर सकता हूं। मैं अपने अंदर बचे क्रिकेट के द्वारा अपनी टीम और अपने देश की सेवा करना चाहता हूं।₹ इस साल की नीलामी उमेश के लिए अच्छी नहीं रही थी। पहले दो दौर की नीलामी में उन्हें किसी भी फ्रैंचाइजी ने नहीं खरीदा। हालांकि अंतिम दौर में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ रुपये में खरीद लिया। यह उमेश के लिए एक तरह से घर-वापसी जैसा था। वह इस टीम के लिए इससे पहले 47 मैच खेल चुके थे। वह 2014 की आईपीएल जीत के दौरान भी केकेआर का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, ₹जब आप दो-तीन राउंड में नहीं बिक पाते हैं, तो आपको नहीं पता होता है कि आगे क्या होने वाला है।

पहले राउंड में मेरे ग्रुप के सभी तेज गेंदबाज बिक गए थे, सिर्फ.मैं ही बाकी था। तब मुझे लगा था कि शायद मुझे इस सीजन में खेलने का मौका नहीं मिलेगा। लेकिन फिर मुझे मेरी पुरानी टीम ने खरीदा, जिनके साथ मेरा पुराना अनुभव बहुत अच्छा था।₹ उमेश ने इस सीजन के दूसरे मैच में ही पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लिए और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

# बैंगलोर ने दिल्ली को दिया 190 रन का लक्ष्य, दिनेश कार्तिक और मैक्सवेल ने दिखाया कमाल

**मुंबई, एजेंसी**



दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल के मौजूदा सीजन का 27वां मैच खेला गया। मुंबई के वानखेडे। स्टेडियम में इस मुकाबले के लिए टॉस दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने जीता और बैंगलोर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।

बैंगलोर टीम के 2 विकेट जल्दी गिर गए। अनुज रावत को दूसरे ही ओवर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर ने पवेलियन भेजा जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी (8) को अगले ओवर में खलील अहमद ने अक्षर पटेल के हाथों कैच करा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 189 रन बनाए जिससे दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 190 रन का लक्ष्य मिला। टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सबसे ज्यादा 66 रन का योगदान दिया और नाबाद लौटे। ग्लेन मैक्सवेल ने 34 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 55 रन बनाए। शाहबाज अहमद ने 21 गेंदों पर 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 32 रन बनाए और नाबाद लौटे। दिल्ली के लिए शार्दुल ठाकुर, खलील अहमद, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 1-1 विकेट लिया।

शार्दुल ठाकुर के अंतिम (पारी के 19वें) ओवर में कुल 12 रन बने। दिनेश कार्तिक ने तीसरी गेंद पर लॉन्ग ऑन दिशा में छक्का जड़ा और आखिरी गेंद पर शाहबाज अहमद ने डीप स्क्वायर लेग दिशा में चौका लगाया। बैंगलोर ने 19 ओवर में 5 विकेट खोकर 172 रन बना लिए हैं। कार्तिक 30 गेंदों पर 59 जबकि शाहबाज अहमद 19 गेंदों पर 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मुस्ताफिजुर रहमान के आखिरी (पारी के 18वें) ओवर में दिनेश कार्तिक ने खूब रन बटोरे।

शुरूआती 3 गेंदों पर कार्तिक ने चौके जड़े और फिर अगली 2 गेंदों पर लगातार छक्के लगाए। ओवर की अंतिम गेंद पर भी कार्तिक ने चौका लगाया। इस ओवर में कुल 28 रन बने। कार्तिक का अर्धशतक भी 26 गेंदों पर पूरा।

# इशान किशन इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था : वाटसन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आस्ट्रेलिया के पूर्व आल राउंडर और दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सहायक कोच शेन वाटसन ने मुंबई इंडियंस की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में इशान किशन पर 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च करने के लिये आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था। वाटसन ने साथ मुंबई इंडियंस की चोटिल जोफ्रा आर्चर को इतनी बड़ी राशि में खरीदने के लिये आलोचना की। मुंबई इंडियंस अभी तक पांच मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है जिसने किशन को खरीदने के लिये 15.25 करोड़ रुपए और आर्चर को खरीदने के लिये आठ करोड़ रुपए खर्च किये थे। आर्चर अभी भी कोहनी की चोट से उबर रहे हैं। पांच बार की चैम्पियन ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और कीरोन पोलार्ड को रिटेन किया था। वाटसन ने द ग्रेड क्रिकेटर पोडकास्ट में बातचीत में कहा, मुंबई इंडियंस तालिका में निचले स्थान पर है, मुझे इसमें कुछ हैरानी नहीं हो रही क्योंकि उन्होंने नीलामी में हैरानी भरे फैसले किये। उन्होंने कहा, इशान किशन को खरीदने में इतनी सारी राशि खर्च करना। वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन वह इतनी सारी राशि खर्च करने लायक खिलाड़ी नहीं है। वाटसन ने कहा, फिर जोफ्रा आर्चर के बारे में पता नहीं था कि वह खेलने आयेगा या नहीं।

# राहुल और मारक्रम ने मैच जिताऊ साझेदारी की : विलियम्सन

**मुम्बई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन,ने कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह एक कदम आगे बढ़ना हुआ। हमने लगातार विकेट लिए और फिर राहुल और मारक्रम ने मैच जिताऊ साझेदारी की। विलियम्सन ने कहा, यह सभी मायनों में एक अच्छा प्रदर्शन था। यानसन और मारक्रम हमारे लिए बड़े खिलाड़ी हैं। नई गेंद से यानसन के बाउंसर कमाल के हैं। वहीं उमरान मलिक एक शानदार प्रतिभा हैं और 150 की स्पीड से लगातार गेंदबाजी करते हैं। वह लगातार सुधार भी कर रहे हैं। वास्तव में, हमारे सभी खिलाड़ी लगातार मेहनत कर रहे हैं और लगातार सुधार भी कर रहे हैं। प्लेयर ऑफ द मैच बने राहुल त्रिपाठी ने कहा, मुझे काफी मजा आया। वरुण पर मैंने लगातार शॉट लगाए ताकि वह दबाव में आ सके। पिछले कुछ दिनों से मेरी तबियत खराब थी लेकिन हैदराबाद की टीम ने लगातार मेरा समर्थन किया। अगर कठिन दिन हैं, तो अच्छे दिन भी आते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि आज मैं यह पारी खेल पाया। एडन मारक्रम, ने कहा, त्रिपाठी (राहुल) ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे लिए खेल को आसान बनाया। वह एक आक्रामक बल्लेबाज हैं, जिससे आपको बिना दबाव के पिच पर टिकने में मदद मिलती है। मैं खुश हूं कि मैं अंत तक टिका रहा और मैच को खत्म किया। मैंनें परिस्थितियों को देखा-परखा और अपनी पारी को आगे बढ़ाता गया। मुझे यही टीम प्रबंधन से भी निर्देश मिला है कि मैं परिस्थितियों के अनुसार ही पारी को आगे बढ़ाऊं।

# सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें पंजाब किंग्स को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर

**नवी मुंबई, एजेंसी**



**सहयोग**

- रबाडा को भी हालांकि वैभव अरोड़ा और तेजी से सुधार कर रहे अर्शदीप सिंह के सहयोग की जरूरत होगी

शानदार तरीके से वापसी करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपनी तीन मैचों की जीत की लय बरकरार रखने की होगी। कुछ टीमें छह छह अंक जुटा चुकी हैं लेकिन हैछराबाद और पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ में खुद को आगे रखने के लिये दो अहम अंक जुटाना चाहेंगी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अभियान दो मैच में हार के साथ शुरू किया था लेकिन टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लगातार तीन जीत के साथ वापसी की और वह अपने प्रदर्शन में सुधार बरकरार रखना चाहेगी। पंजाब किंग्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस पर मनोबल बढ़ाने वाली 12 रन की जीत दर्ज की और सनराइजर्स हैदराबाद निश्चित रूप से जानती है कि मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली टीम को हराना मुश्किल होगा जो तीसरे स्थान पर काबिज है। सनराइजर्स की सभी तीन जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए आयी है और हर बार उन्हें एक नया नायक मिला। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच विजयी पारियां खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और कप्तान केन विलियमसन हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ विफल रहे। लेकिन कई तरह के शॉट खेलने में माहिर बायें हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आक्रामक शुरूआत करने का लक्ष्य बनाये होंगे। राहुल त्रिपाठी ने शुरूआत हासिल करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 37 गेंद में 71 रन की पारी खेली और ऐसा ही ऐडन मार्कराम के साथ हुआ जिनकी 36 गेंद में नाबाद 68 रन की पारी की मदद से टीम ने जीत हासिल की। वहीं अगर निकोलस पूरन पूरी फॉर्म में हो तो वह खतरनाक साबित हो सकते हैं जिससे सनराइजर्स बड़ा लक्ष्य दे सकती है और बड़े लक्ष्य को हासिल भी कर सकती है। राहुल, पूरन और मार्कराम को फिर से मध्यक्रम की जिम्मेदारी कंधो पर उठानी होगी।

लेकिन वे पंजाब के ऐसे विविधतापूर्ण और मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ होंगे जिसकी अगुआई दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा कर रहे हैं। रबाडा को भी हालांकि वैभव अरोड़ा और तेजी से सुधार कर रहे अर्शदीप सिंह के सहयोग की जरूरत होगी। पंजाब के आक्रमण की कमजोर कड़ी स्पिनर राहुल चाहर हैं जिन्होंने 44 रन लुटा दिये थे। लेकिन अब सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों के खिलाफ उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# सीएसके और गुजरात टाइटन्स के बीच भिड़ंत में होगी नये कप्तानों की परीक्षा

**पुणे, एजेंसी**



गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम जब आज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो यह दो नये कप्तान रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या के बीच उनके रणनीतिक कौशल की भी परीक्षा होगी। दोनों कप्तान ही अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिये मशहूर हैं और दोनों ही भारतीय क्रिकेट के लिये शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं।

लेकिन आज जब दोनों टीमें पिछले मैच की जीत की लय को बरकरार रखने के लिये एक दूसरे के सामने होंगी तो दोनों कप्तानों के बीच तकनीकी श्रेष्ठता की जंग भी होगी। सीएसके ने इस सत्र में जडेजा को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है जबकि मुंबई इंडियंस पंड्या को रिटेन नहीं कर सकी क्योंकि वह फिटनेस से जूझ रहे थे लेकिन गुजरात टाइटन्स ने इस आल राउंडर को नेतृत्व का जिम्मा सौंपा। पंड्या ने भी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए नयी टीम को शानदार शुरूआत करायी जिससे उसने पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की। गुजरात टाइटन्स को एकमात्र हार सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली लेकिन टीम ने गुरूवार को राजस्थान रॉयल्स पर 37 रन की जीत से वापसी की। जडेजा को हालांकि टीम के साथ मुश्किल दौर का सामना करना पड़ा जिसमें टीम ने अपने पहले चार मैच गंवा दिये थे लेकिन टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर 23 रन की जीत से खाता खोला। गेंदबाजी सीएसके के लिये चिंता का विषय रही है लेकिन पूर्व चैम्पियन ने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें महीश तीक्षणा और कप्तान जडेजा की स्पिन जोड़ी ने मिलकर सात विकेट झटके।

लेकिन तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी सीएसके के मुख्य गेंदबाज दीपक चाहर की अनुपस्थिति में अच्छा नहीं कर सके हैं। चाहर पीठ की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गये हैं। क्रिस जोर्डन और ड्वेन ब्रावो ने हालांकि चीजों को नियंत्रित करने में कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

# हमारे गेंदबाजों के लिए यह एक बुरा दिन था : श्रेयस अय्यर

**मुंबई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को सात विकेट से मिली हार का सामना करने के बाद, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनके गेंदबाजों के लिए यह एक बुरा दिन था। राहुल त्रिपाठी (71) और एडेन मार्करम (नाबाद 68) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, मैं बहुत थका हुआ महसूस कर रहा था। मुझे लगा कि यह एक अच्छा स्कोर है। ईमानदारी से कहूं तो त्रिपाठी आए और उन्होंने मैच बदल दिया और हमें व्यवस्थित नहीं होने दिया। उनके गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया क्योंकि गेंद सीम कर रही थी। अय्यर ने कहा, बल्लेबाजों के रूप में, हमने पावरप्ले के अंत में अच्छा प्रदर्शन किया और एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक अच्छा प्रयास किया था। हालांकि एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमारा दिन खराब था। बता दें कि राहुल त्रिपाठी (71) और एडन मार्करम (नाबाद 68) की बेहतरीन पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 25वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 175 रन बनाए।

# दानिश ओपन : साजन प्रकाश को स्वर्ण, वेदांत माधवन ने रजत पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शीर्ष भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में दानिश ओपन तैराकी प्रतियोगिता में पुरूष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सत्र की जीत से शुरूआत की।

इस साल अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे प्रकाश ने शुक्रवार की रात 1.59.27 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले केरल के इस तैराक ने हीट में 2.03.67 सेकेंड का समय निकालकर ए फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। दो बार के ओलंपियन प्रकाश ने कहा, इस महीने हमारे कुछ टूनार्मेंट हैं। हम धीरे धीरे राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिये शीर्ष पर आने की कोशिश करेंगे। वहीं युवा वेदांत माधवन ने भी सकारात्मक शुरूआत करते हुए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया और पुरूष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने 10 तैराकों के फाइनल में 15.57.86 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया। सोलह साल के इस खिलाड़ी ने मार्च 2021 में लातविया ओपन में कांस्य पदक जीता था।

उन्होंने पिछले साल जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में भी प्रभावित करते हुए सात पदक (चार रजत और तीन कांस्य) जीते थे। शक्ति बालकृष्णन महिला 400 मीटर मेडले के बी फाइनल में दूसरे और ओवरआल आठवें स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे चौथे भारतीय तैराक तनीष जॉर्ज मैथ्यू 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 29वें स्थान पर रहे।

# रूट की जगह कप्तान बनाए जा सकते हैं स्टोक्स : एथरटन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने जो रूट की जगह पर हरफनमौला बेन स्टोक्स को नामित किया है, जिन्होंने एशेज में अपमानजनक हार और हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद शुक्रवार को टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड के महान खिलाड़ी ने यह भी कहा कि 30 वर्षीय स्टोक्स टेस्ट टीम का नेतृत्व कर सकते हैं, क्योंकि रूट ने अपनी मर्जी से पद छोड़ दिया था और दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, उनके अलावा कई विकल्प नहीं हैं। आपको टीम में उनकी जगह के लायक किसी को चुनना होगा। उन्होंने आगे कहा, बेन स्टोक्स स्पष्ट रूप से कप्तान के लिए एकमात्र विकल्प हैं और रूट ने अपनी मर्जी से पद छोड़ दिया है, वह मदद करते रहेंगे।

बेन स्टोक्स रूट के प्रति बहुत वफादार हैं और अगर रूट के कदम रखने की पेशकश की जाती है तो वह काम लेने के बारे में बहुत आसान महसूस करेंगे। स्टोक्स को रूट की जगह पर देखा जा रहा है, क्योंकि उन्हें टीम में जगह की गारंटी है यदि वे फिट हैं और वर्तमान में टेस्ट टीम के उपकप्तान हैं। 54 वर्षीय एथरटन ने यह भी महसूस किया कि ऑस्ट्रेलिया में एशेज में हार के बाद रूट को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए थी।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष निवेश सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अप्रैल को गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिखर सम्मेलन में पारंपरिक दवाओं और प्रणालियों को बढ़ावा देने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की भागीदारी होगी। सम्मेलन में पांच पूर्ण सत्र, आठ परिचर्चा, छह कार्यशालाएं और दो संगोष्ठी आयोजित होंगी। इसके अलावा 90 प्रख्यात वक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और 100 प्रदर्शक उपस्थित रहेंगे। दूतावासों, उद्योगों और शीर्ष कॉरपोरेट्स के प्रतिनिधि और राजनयिक भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को विश्व में वैश्विक आयुष केंद्र के रूप में बनाने के लिए निवेश आकर्षित करना है।

### कोविड टीकाकरण अभियान में 186.38 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 186.38 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 186 करोड़ 38 लाख 31 हजार 723 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 975 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 366 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 796 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख सात हजार 834 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 918 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 83 करोड़ 14 लाख 78 हजार 288 कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं।

### कीव के महापौर ने राजधानी में धमाके की खबर दी

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लित्श्चको ने एक ऑनलाइन पोस्ट में बताया कि राजधानी का पूर्वी जिला दारनित्स्की शनिवार को युद्ध से घिर गया और वहां धमाके हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी व चिकित्सा स्टाफ मौके पर मौजूद है और पीड़ितों की जानकारी बाद में दी जाएगी। क्लित्श्चको ने निवासियों से अपील की है कि वे सायरन की आवाज पर ध्यान दें और जो राजधानी छोड़ चुके हैं, वे सुरक्षा कारणों से अभी न लौटें। नीपरो नदी के किनारे कीव के पूर्वी हिस्से में धुएं का देखा गया है।

### ओलेक्जैंड्रिया के हवाई ठिकाने पर मिसाइल हमला

कीव। रूसी बलों ने शुक्रवार शाम यूक्रेन के किरोवोहराड क्षेत्र स्थित ओलेक्जैंड्रिया शहर के हवाई ठिकाने पर मिसाइलों से हमला किया। शहर के महापौर सेरहिय कुजमेंको ने शनिवार को एक फेसबुक पोस्ट में यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने इस हमले में जानमाल के नुकसान के बारे में कुछ नहीं बताया। क्षेत्र के गवर्नर सेरहिय हैदाई ने बताया कि पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र में रातभर चली गोलाबारी में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि तीन और घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि गोलाबारी से सेवेरदोनेत्स्क और लिसिचांस्क शहर को जाने वाली गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है।

### पाकिस्तान: पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष नियुक्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ को शनिवार को नेशनल असेंबली का 22वां अध्यक्ष नियुक्त गया। इस पद पर उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। सत्र के प्रारंभ में इसकी अध्यक्षता करने वाले पीएमएल-एन के अयाज सादिक ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता अशरफ (71) को शपथ दिलाई। अशरफ को शुक्रवार को निर्विरोध सदन का अध्यक्ष चुना गया था क्योंकि दोपहर 12 बजे तक की समयसीमा खत्म होने तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था अपदस्थ प्रधानमंत्री खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अमल करने में विफल रहने के बाद 9 अप्रैल को असद कैसर ने संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, तब से यह पद खाली है।

# पंजाब असेंबली में हंगामा, पीटीआई सदस्यों ने विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को जड़ा थप्पड़

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ। ये हंगामा उस वक्त हुआ जब सूबे का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए विधानसभा सत्र बुलाया गया था। समा टीवी के मुताबिक असेंबली में डिप्टी स्पीकर दोस्त मुहम्मद मजारी पर लोटस फेंके गए। बौखलाए पीटीआई सदस्यों ने उन्हें थप्पड़ भी मारा। बाद में वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी दोस्त को अपने साथ सुरक्षा घेरे में लेकर बाहर चले गए।

पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पीएमएल-एन के सदस्यों के आने की वजह से पंजाब विधानसभा का सत्र जबरदस्त हंगामे में बदल गया। ये सत्र नए मुख्यमंत्री के चुनाव करने के लिए सुबह 11:30 बजे शुरू होने वाला था। लेकिन हंगामे की वजह से इसको निलंबित कर दिया गया। विधायिका के अंदर हंगामे के बाद विलंबित हो गया है। दोनों पक्षों की तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद पीटीआई सदस्यों ने विपक्षी बेंच पर लोटे फेंके गए। अखबार की खबर के मुताबिक जब डिप्टी स्पीकर सरदार दोस्त मुहम्मद मजारी ने विधानसभा में प्रवेश किया, तो ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने उन पर हमला किया। उनके ऊपर चीजें फेंकी गईं और विपक्ष ने उन्हें घेरने की कोशिश की। मजारी को असेम्बली गार्ड्स ने फौरन उनके चेंबर में शिफ्ट कर दिया। इस घटना के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंजाब के एसएसपी आपरेशंस, पुलिस अधिकारियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ सिविल कपड़ों में विधानसभा में पहुंच गए। डान की तरफ से इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में असेंबली में मचे हंगामे और हाथपाई को साफतौर पर देखा जा सकता है। डान की खबर के मुताबिक परवेज इलाही ने इस हंगामे के लिए पीएमएल-एन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि पीएमएल-एन अपने साथ पुलिस को लेकर आई जो कि असेंबली के नियमों का उल्लंघन है। पीएमएल-क्यू के सदस्यों का कहना है कि विधानसभा में जो कुछ हुआ उसके लिए इंस्पेक्टर जनरल को तलब किया जाना चाहिए और उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

हंगामे के बाद पंजाब विधानसभा के बाहर प्रेस से बात करते हुए पीएमएल-एन के नेता अताउल्लाह तरार ने असेंबली में जो कुछ हुआ उसके लिए परवेज इलाही और उनके अन्य साथियों को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने इन सदस्यों को गैंगस्टरों का समूह करार दिया। उन्होंने कहा कि आज जो हुआ वह कानून और संविधान का उल्लंघन था। आज, डिप्टी स्पीकर पर हमला किया गया। उन्होंने इस घटना को आतंकवादी घटना करार देते हुए कहा कि चौधरी परवेज इलाही एक या दो लोगों की हत्या करवाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाही ने अपने सदस्यों को हमले के लिए उकसाया। तरार ने लाहौर उच्च न्यायालय से इस पूरी घटना का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वो और उनकी पार्टी के दूसरे सदस्य यहां से नहीं जाने वाले हैं।

# संजय राउत का इशारों-इशारों में राज ठाकरे पर निशाना

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के लाउडस्पीकर वाले बयान के बाद यहां की राजनीति में हलचल मची हुई है। नेताओं की बयानबाजी भी जारी है। इसी बीच शिवसेना पार्टी के नेता संजय राउत ने इशारों इशारों में राज ठाकरे पर निशाना साधा है। उन्होंने राज ठाकरे का नाम नहीं लेते हुये तंज कसा कि अब महाराष्ट्र में भी नये हिंदू ओवैसी बने हैं। राउत ने कहा कि बीजेपी ने यूपी में ओवैसी का जैसे इस्तेमाल किया वैसा ही प्लान अब बीजेपी महाराष्ट्र में भी आजमाना चाहते हैं। लेकिन हमें कोई टेंशन नहीं है। पब्लिक सब जानती है, सह लेती है, जवाब देती है। एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए शिवसेना के सीनियर नेता संजय राउत ने मनसे चीफ राज ठाकरे को ओवैसी बता दिया। संजय राउत के इस बयान के बाद शनिवार सुबह मनसे के कार्यकर्ता सामना अखबार के ऑफिस के बाहर पहुंचे और राज ठाकरे की तस्वीर वाला एक पोस्टर लगा दिया। शिवसेना के अखबार सामना के ऑफिस के सामने मनसे (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) के कार्यकर्ताओं ने राज ठाकरे की तस्वीर वाला एक बड़ा पोस्टर लगाया है। पोस्टर के जरिए मनसे की ओर से शिवसेना के सीनियर नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को चेतावनी दी गई है। कहा गया है कि कुछ साल पहले मनसे के कार्यकर्ताओं ने संजय राउत की कार को पलट दिया था। मनसे की ओर से पोस्टर के जरिए पूछा गया है कि क्या इसे दोहराया जाना चाहिए? इस पोस्टर में लिखा गया है कि संजय राउत अपना लाउडस्पीकर बंद करें नहीं तो मनसे अपने स्टाइल में इसे बंद कराएगी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने 12 अप्रैल को ठाणे में आयोजित रैली में राज्य सरकार से 3 मई तक मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए कहा था। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर लाउडस्पीकर नहीं हटाए गए, तो पार्टी कार्यकर्ता मस्जिदों के सामने लाउडस्पीकर से हनुमान चालीसा बजाना शुरू कर देंगे।

# कांग्रेस विधायक के बेटे की दादागिरी ट्रक चालक और सिपाही से की मारपीट

रायगढ़, एजेंसी

- रायगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रकाश नायक के बेटे ऋतिक नायक (24) के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शनिवार को एक पुलिस थाने के अंदर एक पुलिसकर्मी और ट्रक चालक के साथ मारपीट करने के आरोप में कांग्रेस विधायक के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना कोटरारोड थाने में शुक्रवार रात करीब एक बजे हुई, जिसके बाद पीड़ितों की शिकायत के आधार पर रायगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रकाश नायक के बेटे ऋतिक नायक (24) के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोटरारोड बाईपास पर ऋतिक और उसके सहयोगियों के साथ ट्रक चालक मुलायम यादव का विवाद हो गया। ट्रक ड्राइवर का आरोप है कि ऋतिक नायक के साथ पांच-छह सहयोगी थे। उन्होंने रात करीब एक बजे त्रिनटी होटल के सामने ट्रक को जबरन रोका और उसके साथ मारपीट की। यहां तक कि ट्रक में तोड़फोड़ की। इसके बाद मुलायम यादव किसी तरह पुलिस थाने पहुंचा और ऋतिक और उसके सहयोगियों ने उसका पीछा किया। उन्होंने कहा कि ऋतिक और उसके सहयोगियों ने थाने में ड्यूटी पर तैनात यादव और कांस्टेबल एलएस राठिया के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और उनकी पिटाई की और उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि आरक्षक और ट्रक चालक की शिकायत के आधार पर आरोपी और अन्य के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं क्योंकि कोटरारोड थाना भवन उसके अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आईपीसी की धारा 186 (लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में बाधा डालना), 294 (अश्लील कृत्य), 332 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 34 (सामान्य इरादा) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारी ने कहा कि मामलों के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# नायडु ने पत्नी संग की बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना

वाराणसी, एजेंसी



उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने शनिवार को यहां श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी एम.उषा नायडु मौजूद थीं। अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति ने मंदिर परिसर में भारत माता के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपना शीश नवाया। दर्शन पूजन के लिए पहुंचे राष्ट्रपति एवं उनकी पत्न ी श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर को देख अभिभूत हुए। उपराष्ट्रपति ने बाबा से देश में सुख शान्ति और लोक कल्याण की कामना की। दरबार में दर्शन पूजन के बाद उपराष्ट्रपति ने काशी विश्वनाथ धाम के नव्य और भव्य विस्तारित स्वरूप का अवलोकन भी किया। इस दौरान धाम की छटा और सुंदरता देख उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी आहलादित नजर आए। नायडु ने मौजूद अफसरों से धाम के बारे में जानकारी ली और कहा कि अकल्पनीय है धाम। इस दौरान उपराष्ट्रपति को बाबा श्री काशीविश्वनाथ के प्रतिमा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति ने काशी के कोतवाल श्री काल भैरव मंदिर में भी विधिवत दर्शन पूजन किया बाबा की आरती उतारी।

इसके बाद उपराष्ट्रपति पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन पहुंचे और वहां पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के गगनचुंबी विशाल प्रतिमा की चरणों पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने स्मृति उपवन के थ्रीडी मॉडल एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर आधारित थ्रीडी पिक्चर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा को स्मृति चिन्ह के रूप में भेट किया गया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में अपना संदेश भी लिखा। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्व समेत कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा भी मौजूद रहे।

# कीव के आसपास के इलाकों में करीब 900 लोगों के शव मिले

कीव, एजेंसी



- क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में एक आवासीय इलाके पर गोलाबारी में सात महीने के एक शिशु सहित सात लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए।

रूसी क्षेत्र में यूक्रेन के लगातार जारी हमलों और काला सागर में रूसी युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होकर डूबने से भड़के मॉस्को ने कीव पर नए सिरे से मिसाइल हमले करने की धमकी दी है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि राजधानी के बाहरी इलाकों में 900 से अधिक आम लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें से अधिकांश लोगों को गोली मारी गई थी।

रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में नए सिरे से हमले की तैयारी तेज कर दी है, जबकि दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल में लड़ाई जारी है, जहां स्थानीय लोगों ने रूसी सैनिकों को शवों को खोदकर निकालते देखे जाने की सूचना दी है।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में एक आवासीय इलाके पर गोलाबारी में सात महीने के एक शिशु सहित सात लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लित्श्चको ने एक ऑनलाइन पोस्ट में बताया कि राजधानी के पूर्वी जिले दारनित्स्की की शनिवार को घेराबंदी की गई और वहां धमाके हुए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी व चिकित्सा कर्मी मौके पर मौजूद हैं और पीड़ितों की जानकारी बाद में दी जाएगी। उन्होंने निवासियों से अपील की है कि वे सायरन की आवाज पर ध्यान दें और जो लोग राजधानी छोड़ चुके हैं, वे सुरक्षा कारणों से अभी न लौटें। राजधानी के क्षेत्रीय पुलिस बल के प्रमुख एंड्री नेबितोव ने कहा कि कीव के आसपास शवों को सड़कों पर छोड़ दिया गया या अस्थायी रूप से दफनाया दिया गया था। उन्होंने पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 95 प्रतिशत लोगों की मौत गोली लगने से हुई है।

नेबितोव ने कहा, हमें लगता है कि रूसी कब्जे के दौरान इन लोगों को यूं ही अकारण गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि हर दिन मलबे के नीचे और सामूहिक कब्रों से शव मिल रहे हैं तथा सबसे ज्यादा 350 से अधिक शव बुचा में बरामद हुए हैं। नेबितोव के अनुसार, मानवाधिकार सक्रियतावादियों ने रूसी कब्जे के बीच कीव के इस उपनगर में इकट्ठा किये गये और शवों को दफनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन समर्थक विचारों को व्यक्त करने वाले लोगों को निशाना बनाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी सैनिकों पर दक्षिण में खेरसॉन और जापोरिजिया के कुछ हिस्सों पर कब्जा करने तथा यूक्रेन की सेना व सरकार में सेवाएं देने वाले लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। जेलेंस्की ने शुक्रवार रात राष्ट्र के नाम दिए अपने वीडियो संबोधन में कहा, ह्यकब्जा करने वालों को लगता है कि इससे उनके लिए संबंधित क्षेत्र को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा, लेकिन वे गलत हैं। वे खुद को बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने कहा, रूस की समस्या यह है कि उसे पूरी यूक्रेनी जनता ने खारिज कर दिया है और वह उसे कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। रूस ने यूक्रेन को हमेशा के लिए खो दिया है। जेलेंस्की ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा कि अधिकारियों का मानना है कि युद्ध में 2,500 से 3000 यूक्रेनियाई सैनिकों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि करीब 10 हजार अन्य घायल हुए हैं और यह कहना मुश्किल है कि उनमें से कितने जिंदा रहेंगे। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन पर सात लोगों को घायल करने और यूक्रेन की सीमा से सटे ब्रांस्क में हवाई हमलों के साथ लगभग 100 आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। इसके बाद कीव पर हमले और तेज होने की आशंका बढ़ गई है। रूस के एक अन्य सीमावर्ती क्षेत्र के अधिकारियों ने भी बृहस्पतिवार को यूक्रेन की ओर से गोलाबारी की सूचना दी।

रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनको ने कहा, कीव पर दागी जाने वाली मिसाइल की संख्या और क्षमता बढ़ाई जाएगी और यह कीव के राष्ट्रवादी शासन द्वारा रूसी क्षेत्र पर आतंकवादी हमले के जवाब में होगा।

# सोनिया गांधी की नफरत के वायरस वाली टिप्पणी पर भाजपा नेता तरुण चुग का पलटवार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने देश में बढ़ती सांप्रदायिक हिंसा के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस को जिम्मेदार ठहराया है

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने शनिवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सोनिया गांधी की नफरत का वायरस वाली टिप्पणी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सबसे पुरानी पार्टी वोट बैंक की राजनीति के लिए दशकों से घृणा फैला रही है। बता दें भाजपा नेता चुग अक्सर कांग्रेस की टिप्पणियों का बेबाकी से पलटवार करते आए हैं।

भाजपा नेता चुग ने समाचार एजेंसी एएनआइ को बताया, कांग्रेस ने नफरत के वायरस को दशकों तक अपने चरम पर रखा, जो कांग्रेस आज हमें सलाह दे रही है। उसने वोट बैंक की राजनीति के लिए देश की संस्कृति को नष्ट कर दिया। कांग्रेस पर आगे हमला करते हुए भाजपा नेता चुग ने कांग्रेस के कार्यकाल में हुए दंगों और फैसलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जिस पार्टी के शासन में हर साल चार दंगे होते थे और कुख्यात शाह बानो फैसला सुनाया जाता था, वह आज सांप्रदायिकता की बात कर रही है। उन्होंने आगे कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की एक स्पष्ट नीति है जो सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है। मैं सोनिया गांधी जी से एक अनुरोध करूंगा कि जितना हो सके अपने शब्दों का चयन सोच कर करें। चुग ने कहा कि अगर कांग्रेस के अपने ही दिल में झांकेगी तो, उसे पता चलेगा कि अगर कोई संगठन सबसे ज्यादा सांप्रदायिकता फैलाता है, तो वह कांग्रेस खुद है। इसके अलावा, करौली हिंसा पर कांग्रेस पर तंज कसते हुए भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस के शहजाद पूनावाला ने कहा था कि नफरत का वायरस हमारे बीच बिल्कुल मौजूद है। इसका सबसे दुर्जेय चेहरा राजस्थान के करौली में देखा गया था, जब हिंदू विरोधी हिंसा हुई थी। और वहां पुलिस राजस्थान प्रशासन की मूकदर्शक बनी रही और आज भी मुख्य आरोपी फरार है। आपको बता दें कि भाजपा नेता चुग का यह पलटवार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा शनिवार को केंद्र और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर दिए गए बयान के बाद आया। जब उन्होंने भाजपा व आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि नफरत, कट्टरता, असहिष्णुता और झूठ का वायरस आज देश को अपनी चपेट में ले रहा है। प्रशांत ये भी मानते हैं कि देश के जिन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति पहले से खासा मजबूत है, वहीं पर उन्हें अपना ज्यादा ध्यान लगाना चाहिए। ऐसा होने पर पार्टी बीजेपी को ज्यादा मजबूत टक्कर दे पाएगी। इस बैठक के बारे में केसी वेणुगोपाल ने बताया है कि पार्टी द्वारा एक टीम बना दी गई है। वो प्रशांत किशोर की सलाहों पर मंथन करेगी और एक हफ्ते के भीतर हाईकमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

वैसे प्रशांत किशोर अगर कांग्रेस में शामिल होते हैं तो इसे बड़ा सियासी दांव माना जाएगा।। पश्चिम बंगाल में टीएमसी को बड़ी जीत दिलवाने के बाद ही प्रशांत किशोर कह चुके थे कि वे अब बतौर रणनीतिकार काम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में अब उनकी अगली राह क्या राजनीतिक पार्टी के साथ शुरू होगी, ये देखने वाली बात रहेगी।

### फतेहपुर में सिपाही ने पेश की मिसाल

# बीच सड़क पर तड़प रही गर्भवती बंदरिया की बचाई जान

फतेहपुर, एजेंसी



यूं तो पुलिस अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती है, लेकिन इस बार फतेहपुर पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश कर लोगों का दिल जीत लिया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एक पुलिसकर्मी ने बंदरिया के गर्भ में फंसे मृत बच्चे को बाहर निकालकर बंदरिया की जान बचा दी। जिसकी अब हर तरफ तारीफ हो रही है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, लोग अब इस वीडियो को तेजी से शेयर कर रहे है। बंदरिया के मृत बच्चे को उसके गर्भ से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाने वाले पुलिसकर्मी का नाम विनोद कुमार है जो फतेहपुर के खागा थाने में आरक्षी के पद पर तैनात हैं। वर्तमान में विनोद PRV 3521 में ड्यूटी दे रहा हैं। फतेहपुर पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर जो वीडियो शेयर किया है उसमें पुलिसकर्मी विनोद नाले में दर्द से तड़प रही बंदरिया को बाहर निकालते हैं और फिर उसकी स्थिति देखकर कपड़े की मदद से उसके गर्भ में फंसे मृत बच्चे को बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। इस दौरान बंदरिया को हो रहे दर्द का भी वो ख्याल रखते हैं और धीरे-धीरे मृत बच्चे को बाहर निकालकर बंदरिया की जान बचा लेते हैं। मृत बच्चे के बाहर आने के बंदरिया सहज हो जाती है। यूपी पुलिस द्वारा इस वीडियो को शेयर किए जाने के बाद लोग उस पुलिसकर्मी की दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं और उसे खूब आशीर्वाद भी दे रहे हैं। इससे पहले जौनपुर में एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक के पास सोने-चांदी के जेवरात से भरा एक बैग था, जिसे जौनपुर पुलिस ने उसके परिजनों को सौंप दिया था।

# श्रीलंका की पुलिस ने विरोध प्रदर्शन स्थल से ट्रकों को हटाया, कार्रवाई की आशंका टली

कोलंबो, एजेंसी



श्रीलंका की पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रपति सचिवालय के पास प्रदर्शन स्थल पर खड़े कई खाली ट्रकों को हटा दिया। इससे संकेत मिलता है कि आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ संभावित कार्रवाई टाल दी गई है। नौ अप्रैल से राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के सचिवालय के पास गाले फेस पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी इकट्ठा हैं, जो आर्थिक संकट से सही तरीके से निपट नहीं पाने के मद्देनजर पूरे राजपक्षे परिवार के विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी पदों से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं। सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों को प्रदर्शन बंद करने के लिए मनाने के प्रयास किए गए हैं। इस बीच पुलिस ट्रक शनिवार तड़के प्रदर्शन स्थल के पास जाते दिखे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कुछ घंटों बाद पुलिस ने वहां खड़े कई खाली ट्रकों को हटा दिया। एक बयान में, वकीलों के संगठन बार एसोसिएशन ऑफ श्रीलंकाह्व ने सरकार को आगाह किया है कि विरोध प्रदर्शन को बाधित करने के किसी भी प्रयास के गंभीर परिणाम होंगे। प्रदर्शनकारियों को संगीत और फिल्म उद्योग की मशहूर हस्तियों से लेकर क्रिकेटरों समेत समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला है। पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा, सनथ जयसूर्या, रोशन महानामा के अलावा सिदथ वेट्टीमुनी, चंपाका रामनायके, धम्मिका प्रसाद भी विरोध में शामिल हुए हैं। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शेयर बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने कोलंबो स्टॉक एक्सचेंज को देश में मौजूदा स्थिति के कारण 18 अप्रैल से पांच कारोबारी दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया है। गैर-राजनीतिक विरोध में अब तक कोई राजनीतिक भागीदारी नहीं देखी गई है क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने 225 सदस्यीय संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी दलों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। आर्थिक संकट गहराने और विदेशी मुद्रा की कमी के साथ, ईंधन आयात के लिए 50 करोड़ डॉलर की भारतीय क्रेडिट लाइन से श्रीलंका को कुछ राहत मिली है। भारत ने आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका को अपनी वित्तीय सहायता के हिस्से के रूप में देश को एक अरब डॉलर की ऋण सहायता देने की घोषणा की। इसके साथ ही, पेट्रोलियम उत्पादों को खरीदने में मदद करने के लिए फरवरी में 500 अरब डॉलर के क्रेडिट लाइन की घोषणा भी की गई थी। राष्ट्रपति राजपक्षे ने अपनी सरकार के कदमों का बचाव करते हुए कहा कि विदेशी मुद्रा संकट के लिए वह जिम्मेदार नहीं है और देश में पर्यटन क्षेत्र प्रभावित होने से अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555